जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**CM Barkatullah Khan: Pyare Miyan; In spirit and deed**

Barkatullah Khan signed resignedly and said," My friend, East Is East and West is west and twain shall never meet".

**Explore the Flavours of NH 1**

Food festival at Hotel Crowne Plaza Jaipur. Enjoy the flavours of Northern India



*एक डी.एन.ए. विश्लेषण से इस बात की पुष्टि हुई है कि समुद्र स्तर से तीन मील ऊपर माउन्ट एवरैस्ट में दुर्लभ प्रजाति की एक बिल्ली, ''पालस कैट'' रहती है, जिसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह खोज नेपाल में माउण्ट एवरैस्ट के दक्षिणी पहलू के सगरमाथा नैशनल पार्क में हुई है। वैज्ञानिकों ने दो जगहों से प्राप्त मल के अवशेषों का विश्लेषण कर पुष्टि की कि इस क्षेत्र में पालस कैट हैं। इनमें से एक जगह समुद्र स्तर से 16,765 फीट और दूसरी 17,027 फीट ऊपर है। चेहरे के चिड़चिड़े से हाव-भाव के कारण ''ओरिजनल ग्रम्पी कैट'' के नाम से विख्यात पालस कैट इस धरती पर मिलने वाली जंगली बिल्ली की प्रजातियों में सबसे अनूठी है। पूरे एशिया में ऊंचे स्थानों पर रहने वाली यह बिल्ली छोटे स्तनपायी जीवों को खाती है। इस जानवर के मल के विश्लेषण से पता चला है कि यह पाइका (खरगोश का संबंधी छोटा स्तनपायी जीव) और माउन्टेन वीज़ल का शिकार करती है। इस जानकारी से वैज्ञानिक और ज्यादा खुश हैं, क्योंकि सगरमाथा नैशनल पार्क में ये दोनों जीव भी अब तक अज्ञात ही थे। गौरतलब है कि, इस नैशनल पार्क को ''युनैस्को नैचुरल हैरिटेज साइट'' का दर्जा प्राप्त है। वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन सोसायटी के ज़ूलॉजिकल हैल्थ प्रोग्राम की डॉ. ट्रेसी सीमॉन, जो 2019 में हुए खोज अभियान की मुखिया थीं, ने कहा कि ''इतनी ऊंचाई पर इस दुर्लभ प्रजाति का मिलना बहुत बड़ी सफलता है।'' उन्होंने कहा, ''लगभग चार सप्ताह की खोज यात्रा बेहद सफल रही। एवरैस्ट में पालस कैट की खोज ने इस क्षेत्र की जैवविविधता को और बढ़ा दिया है।'' उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 तक इस पार्क में पालस कैट के बारे में किसी को भी पता नहीं था। नए अध्ययन से पता चला है कि कंज़र्वेशन जैनैटिक्स और पर्यावरणीय सैम्पलिंग का इस्तेमाल पालस कैट जैसी प्रजातियों को खोजने व उनके अध्ययन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। ऊपर दिया गया पालस कैट बच्चों का यह चित्र अमेरिका के राज्य वायोमिंग की राजधानी शायैन के जंतुआलय का है।*

# हिन्दुस्तान व वियतनाम में चल रही भारी स्पर्धा इलैक्टॉनिक इण्डस्ट्री को आकर्षित करने के लिए

## अपने विशाल और बढ़ते हुए ''डॉमैस्टिक मार्केट'' के कारण हिन्दुस्तान बाजी मार लेगा?

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जैसा कि विदित ही है, विश्व की बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां चीन छोड़ कर अन्यत्र अपनी फैक्टरियां लगाना चाहती हैं।
- चीन की ''ज़ीरो कोविड'' नीति के कारण इन कम्पनियों की ''सप्लाई चेन'' प्रभावित हो रही है। साथ ही अमेरिका-चीन के बिगड़ते संबंधों के कारण, चीन में लगी इलैक्ट्रॉनिक फैक्टरियों को अमेरिका से आधुनिकतम ''चिप्स'' प्राप्त करना बहुत मुश्किल हो रहा है।
- इस घटनाक्रम से दुखी, इलैक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली बड़ी-बड़ी कम्पनियां अपना कामकाज चीन से समेट कर अन्यत्र जगह तलाश रही हैं।
- उदाहरण के लिये, विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल फोन निर्माता कम्पनी ऐपल, भारत, विशेषकर दक्षिण भारत में जगह तलाश रही है नयी फैक्टरी के लिये।
- ऐपल के सबसे बड़े पाट्र्स सप्लायर फॉक्सकॉन ने कर्नाटक में अपना काम सैटअप भी कर लिया है।

नई दिल्ली, 11 फरवरी। अमेरिका की बहुराष्ट्रीय टैक्नोलॉजी कंपनी ''ऐपल'' जिसे पूरी दुनिया में उउसके आईफोन्स के लिए जाना जाता है, भारत में अपना कारोबार फैलाने की ओर अग्रसर है। ऐपल को लगता है कि चीन की तुलना में भारत एक लाभप्रद विकल्प है और ऐपल के भारत में अपनी महत्वाकांक्षाओं पर खरा उतरने में कई बड़ी बाधाएं होने के बावजूद भारत और प्रधानमंत्री मोदी इसके लिए भरसक प्रयत्न कर रहे हैं।

स्मार्टफोन्स के वैश्विक उत्पादन में चीन का हिस्सा 70 प्रतिशत, जबकि भारत का 16 प्रतिशत है, लेकिन बीजिंग की ज़ीरो कोविड पॉलिसी, चीन-अमेरिका के तनावपूर्ण संबंधों और अमेरिका द्वारा चीन की कंपनियों पर गत वर्ष लगाए गए प्रतिबंध के कारण चीन की सप्लाई चेन बाधित हो गई है। अमेरिका ने बिना लायसैंस वाली चीनी कंपनियों पर एडवांस्ड चिप खरीदने और चिप उपकरण बनाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

इसे लेकर उम्मीद है कि ऐपल भारत में अपने कारोबार का व्यापक विस्तार करेगी क्योंकि उसके सी.ई.ओ. टिम कुक ने भारत की प्रशंसा करते हुए

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# केन्द्रीय योजनाओं का नाम बदलने का आरोप लगाया राज्य सरकारों पर

## पर, भाजपा का आरोप कुछ ठण्डा पड़ा जब कांग्रेस ने सिद्ध किया कि, भाजपा तो यह बहुत अर्से से करती आ रही है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- नैशनल अरबन लाइवलीहुड मिशन दीनदयाल अन्तोदय योजना बनी, फ्री एल.पी.जी. कनैक्शन स्कीम बनी प्र.मंत्री उज्ज्वला योजना, जवाहर लाल नेहरू नैशनल अरबन रिन्युएबल मिशन बना अमृत, आदि आदि।
- भाजपा का संसद में आरोप था कि, केन्द्रीय सरकार की स्कीम, जैसे प्र.मंत्री जन आरोग्य योजना को पंजाब व दिल्ली ने ''मोहल्ला क्लीनिक'' का नाम दे दिया।
- लड़ाई, नाम बदलने की नहीं, बल्कि लाभार्थियों की ''लॉयल्टी'' (वफादारी) जीतने की है।

नई दिल्ली, 11 फरवरी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मण्डाविया ने कुछ राज्य सरकारों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं का नाम बदल दिए जाने से परेशान होकर चेतावनी दी है कि यदि ये कार्यवाहियां जारी रहीं तो केन्द्र के पास इन राज्यों में उक्त योजनाओं को बंद करने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं रह जाएगा। दूसरे शब्दों में कहें तो इन योजनाओं के लिए दिए जा रहे केन्द्रीय अनुदान को बंद कर दिया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जनता को यह पता नहीं है कि आयुष्मान भारत या प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना जैसी योजनाओं का संचालन केन्द्र सरकार कर रही है। दिल्ली और पंजाब का नाम लिए बिना, किन्तु उनका जिक्र करते हुए मंडाविया ने कहा कि केन्द्र सरकार ने पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं प्रदान की, किन्तु इन सुविधाओं को राज्य सरकारों ने ''मोहल्ला क्लीनिक्स'' नाम दे दिया।

उन्होंने कहा कि ''समस्या यह है कि कई राज्यों की जनता को यह पता नहीं है कि ये योजनाएं नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लागू की गई है। इन्हें विभिन्न नामों से लागू किया जा रहा है ऐसा नहीं चलेगा। ऐसा नहीं होना चाहिए था।''

केन्द्र सरकार की योजनाएं केन्द्र और राज्यों के प्रायः 60:40 देशों के फण्डिंग पैटर्न पर काम करती है। अब तक चुनावों में भाजपा केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहती आई है। अतः राज्य सरकारों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने के प्रति स्वास्थ्य मंत्री का गुस्सा समझने योग्य है।

तथापि, समस्या ये है कि पूर्ववर्ती यू.पी.ए. सरकार द्वारा शुरू की गई केन्द्र की बीसीयों योजनाओं का भाजपा स्वयं ही नाम परिवर्तन कर चुकी है। उदाहरणार्थः राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का नाम बदलकर दीनदयाल अन्त्योदय योजना कर दिया गया, नैशनल मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी को मेक इन इण्डिया कर दिया गया है, बीपीएल परिवारों को एलपीजी के निःशुल्क कनैक्शन की स्कीम का नाम परिवर्तित कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कर दिया गया है, राजीव आवास योजना का नाम बदलकर सरदार पटेल नैशनल मिशन फोर अरबन एजुकेशन कर दिया गया है और नैशनल गर्ल्स चाइल्ड डे स्कीम अब ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' योजना है। नाम बदलने की सूची काफी लम्बी है। जवाहरलाल नेहरू नैशनल अरबन रिन्युअल मिशन का नाम बदलकर ''अमृत'' किया गया और बेसिक सेविंग्स डिपॉज़िट अकाउन्ट का नाम बदलकर जन धन योजना किया गया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया है

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## कांग्रेस महाधिवेशन के लिए 7 पैनल गठित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। रायपुर में 24 से 26 फरवरी तक आयोजित हो रहे कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन की तैयारी के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कई पैनल गठित किए। पार्टी के संचार महासचिव जयराम रमेश को ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है और पवन खेड़ा को इसका संयोजक। इस

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 7 पैनलों के साथ ही आधा दर्जन उप समूह भी गठित किए।

कमेटी में 21 सदस्य भी बनाए गए हैं।

विभिन्न विषयों को लेकर करीब आधा दर्जन सब-ग्रुप बनाए गए हैं। राजनीतिक प्रस्ताव की ड्राफ्टिंग के लिए बने 21 सदस्यीय सब-ग्रुप की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. एम. वीरप्पा मोइली करेंगे जब कि आर्थिक विषयों पर बने 14 सदस्यीय सब-ग्रुप की अध्यक्षता पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को सौंपी गई है। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ इस सब-ग्रुप के संयोजक होंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद अन्तर्राष्ट्रीय मामलात को लेकर बने 13

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# अडानी ग्रुप का देश के एक तिहाई बंदरगाहों पर कब्जा है

## 'क्या किसी अन्य प्राइवेट पार्टी को बन्दरगाह व हवाई अड्डों का काम काज करने का मौका मिलेगा'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- कांग्रेस ने अपनी, ''हम अडानी के हैं कौन'' प्रश्न माला के तहत आज सातवां सवाल उठाया प्र.मंत्री के समक्ष
- कांग्रेस का दावा है, अडानी ग्रुप आज की तारीख में देश के 13 बन्दरगाहों, जो कि, देश के कुल बन्दरगाहों का एक तिहाई हिस्सा है, को कंट्रोल करता है तथा देश की ''कन्टेनर इण्डस्ट्री'' का 40 प्रतिशत माल इन बन्दरगाहों से होकर गुजरता है।

नई दिल्ली, 11 फरवरी। अडानी मुद्दे को जनता की अदालत में ले जाने की एक गंभीर कोशिश के अन्तर्गत, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछे जा रहे प्रश्नों की श्रृंखला में आज तीन सवाल और पूछे। कांग्रेस ने मोदी से प्रश्न किया कि आपका इरादा यह सुनिश्चित करने का है कि ''आपका प्रिय व्यवसायी ग्रुप (अडानी ग्रुप) देश के प्रत्येक महत्वपूर्ण निजी पोर्ट का अधिग्रहण कर ले या इस क्षेत्र में निवेश की इच्छुक किसी अन्य प्राइवेट फर्म के लिये भी कोई गुंजाइश है?

ए.आई.सी.सी. महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में अवगत कराया कि आज 13 पोर्ट और टर्मिनल जो भारत की पोर्ट क्षमता के 30 प्रतिशत तथा कुल कन्टेनर वॉल्यूम के 40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं, पर अडानी ग्रुप के नियंत्रण में हैं। इसमें आश्चर्य की कोई गुंजाइश नहीं है कि यह ग्रोथ 2014 से ही बढ़ी है। गुजरात के मुंद्रा पोर्ट के अलावा, अडानी ग्रुप ने इन्हीं दिनों कुछ और अधिग्रहण भी किये हैं।

रमेश ने कहा कि इन अधिगृहीत बंदरगाहों में, ओडिशा का धामरा पोर्ट, तमिलनाडु का कट्टूपल्ली पोर्ट, आंध्र प्रदेश का कृष्णापटनम पोर्ट, और गंगावरम पोर्ट, महाराष्ट्र का डिप्पी पोर्ट शामिल है, जिनका अधिग्रहण क्रमशः 2015, 2018, 2020 तथा 2021 में किया गया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक स्पष्ट रणनीति के अन्तर्गत हुआ है क्योंकि भारत के ''नॉन-मेजर पोर्ट्स'' के ओवरसीज़ कार्गो ट्रैफिक का 93 प्रतिशत हिस्सा गुजरात, आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा से संबंध रखता है। कृष्णापटनम तथा गंगावरम दक्षिण भारत के सबसे बड़े प्राइवेट पोर्ट हैं। अडानी ग्रुप ने अपना लक्ष्य घोषित कर दिया है कि वह 2025 तक अपने मार्केट-शेयर को 40 प्रतिशत तक पहुँचा देगा। वह इनके अलावा और भी पोर्टों को अधिगृहीत करने की कोशिश कर रहा है।

रमेश ने प्रधानमंत्री से पूछा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सरोकारों की दृष्टि से क्या यह बुद्धिमत्ता है कि किसी ऐसी फर्म को अपना बना लिया जाये जो मनी लॉन्डरिंग के गंभीर आरोपों का सामना कर रही हो तथा विदेशी शेल कंपनियों

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## अब 12 घंटे में दिल्ली से मुम्बई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे के पहले विस्तार का

- सबसे लम्बे ''एक्सप्रेस वे'' के पहले चरण का प्रधानमंत्री आज उद्घाटन करेंगे, इस एक्सप्रेस वे से जयपुर से दिल्ली की यात्रा साढ़े तीन घंटे में हो सकेगी।

राजस्थान में रविवार को उद्घाटन करेंगे। देश की राजधानी दिल्ली से देश की वित्तीय राजधानी मुम्बई को जोड़ने वाला 1 हजार 386 किलोमीटर लम्बा यह भारत का सबसे लम्बा एक्सप्रेस वे

(शेष पृष्ठ 7 पर)




# 'हिन्दुस्तान उतना ही मेरा है, जितना मोदी व आर.एस.एस. का'

## जमीअत-उलेमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष महमूद मदनी ने अपनी पार्टी के दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में मंच से यह बात कही

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जमीअत-उलेमा-ए-हिन्द 1919 में गठित हुई थी और मुस्लिम स्कॉलर्स की पुरानी संस्था है।
- इस संस्था ने खिलाफत आंदोलन में कांग्रेस के साथ मिलकर भाग लिया था तथा भारत के विभाजन का सख्त विरोध किया था तथा पाकिस्तान के गठन के पीछे निहित फिलॉसफी के जवाब में नारा दिया था, मुसलमान व गैर मुसलमान एक ही राष्ट्र हैं।

नई दिल्ली, 11 फरवरी। सही समय पर दृढ़तापूर्वक किये गये एक दावे के अन्तर्गत, जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष महमूद मदनी ने आज कहा कि भारत जितना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) प्रमुख मोहन भागवत का है, उतना ही उनका (मदनी) भी है।

राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुये, मौलाना मदनी ने कहा, ''भारत हमारा देश है। यह देश उतना ही महमूद मदनी का है, जितना नरेन्द्र मोदी और मोहन भागवत का है। न तो महमूद मदनी उनसे एक इंच आगे है और न वे महमूद से एक इंच आगे हैं।''

1919 में स्थापित जमीअत उलेमा-ए-हिन्द विचार और परम्परा के देवबंदी स्कूल से जुड़े इस्लामिक विद्वानों का एक अग्रणी संगठन है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कंांग्रेस के साथ ही जमीअत ने भी खिलाफत आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की थी। यह एक ऐसा संगठन था जिसने भारत के विभाजन का कड़ा विरोध किया। जमीअत का विश्वास समेकित राष्ट्रवाद में था जिसका अर्थ है कि मुस्लिम और गैर-मुस्लिम मिलकर एक राष्ट्र हैं।

जमीअत प्रमुख ने आगे कहा कि इस्लाम इस देश का सबसे पुराना धर्म है। मदनी ने कहा, ''यह देश मुस्लिमों का अपना देश पहले है।'' उन्होंने कहा कि ''इस्लाम को बाहर से आया हुआ धर्म बताना पूरी तरह गलत एवं निराधार है। इस्लाम सभी धर्मों में प्राचीनतम धर्म है। हिन्दी मुस्लिमों के लिये भारत सर्वोच्च देश है।''

जमीअत उलेमा-ए-हिन्द अध्यक्ष ने कहा कि वे (जमीअत) जबरन धर्मान्तरण के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि आज स्वेच्छा से धर्म-परिवर्तन करने वाले लोगों को भी झूठे आरोप लगाकर जेल भेजा जा रहा है।

संवैधानिक रूप से सही बिन्दु को लेते हुये, उन्होंने कहा, ''हम जबरन धर्म-परिवर्तन के खिलाफ हैं। धार्मिक स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है। हम ताकत, छल तथा लालच द्वारा कराये जाने वाले धर्मान्तरण के खिलाफ हैं। एजेंसियों द्वारा मुस्लिमों को निशाना बनाये जाने के बहुत से उदाहरण हैं, जैसे- नमाज पर रोक, मुस्लिमों पर पुलिस कार्यवाही तथा बुलडोजर-प्रयोग।''

जमीअत उलेमा-ए-हिन्द का त्रिदिवसीय अधिवेशन शुक्रवार को दिल्ली में शुरु हुआ।

जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के अनुसार, समान नागरिक संहिता, धार्मिक स्वतंत्रता, मुस्लिम पर्सनल लॉ तथा मदरसों की स्वायत्ता उन मुद्दों में शामिल हैं, जिन पर इस अधिवेशन में चर्चा होगी। जमीअत ने आगे कहा कि सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण दिये जाने का प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। जमीअत के 34वें अधिवेशन में, धार्मिक भाईचारे को मजबूत करने के लिये कदम उठाये जायेंगे तथा नफरत के अभियान एवं प्रचार को रोकने की पहल भी एजेन्डा का हिस्सा है।

जमीअत उलेमा-ए-हिन्द मुस्लिमों के सिविल, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक अधिकारों के संरक्षण के लिये काम करती है। जमीअत का दावा है कि यह मुस्लिमों का सबसे बडड़ा संगठन है तथा इसके एजेंडो में मुस्लिमों के सामाजिक-राजनैतिक एवं धार्मिक मुद्दे रहते हैं।

## 'संसद में मीडिया का प्रवेश बहाल हो'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। ''द एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया'' ने लोकसभा के अध्यक्ष तथा राज्यसभा के

- एडिटर्स गिल्ड ऑफ इण्डिया ने लोकसभा के स्पीकर और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर यह मांग की और कहा कि, स्वतंत्रता के बाद से पत्रकारों को संसद में प्रवेश की सुविधा मिलती रही है, यहां तक कि आपातकाल में भी इस पर रोक नहीं लगाई गई थी।

सभापति को पत्र लिखकर कहा है कि संसद की कार्यवाही के कवरेज के लिये मीडिया का निर्बाध प्रवेश बहाल किया जाये, जो स्वतंत्रता के बाद से पत्रकारों को उपलब्ध था। पत्र में कहा गया है कि

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## विचार बिन्दु

घृणा हृदय का पागलपन है। –बायरन

# लव कुश वाटिका में वनानुभव

जैसा कि हमने यहाँ स्पष्ट किया था, राजस्थान के प्रत्येक जिले में स्थापित की जा रही लव कुश वाटिकायें आपको प्रकृति–अनुभव और वनानुभव के अवसर देती हैं। एकाग्र मन से ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों का प्रयोग कर वनों की समग्रता का अनुभव (देखना, सुनना, सूंघना, स्पर्श करना, स्वाद लेना) वनानुभव कहलाता है! इसी प्रकार नदी, झील, तड़ाग, वापी, उपवन, कानन आदि प्राकृतिक स्थलों का अनुभव लेना प्रकृति–अनुभव कहा जाता है। प्राचीन भारत के महर्षि–वैज्ञानिक पुनर्वसु आत्रेय को स्वास्थ्य–रक्षण व चिकित्सा के लिए वनानुभव व प्रकृति–अनुभव के सिद्धांत का जनक माना जाता है। स्वास्थ्य–रक्षण और रोगोपचार में प्राकृतिक स्थलों की भूमिका का यह वर्णन आयुर्वेद में कम से कम 5000 वर्ष पूर्व का है। इस प्रकार का वर्णन ऋग्वेद, अथर्ववेद, सामवेद, यजुर्वेद आदि में भी मिलता है। वनों की संस्कृति को समाहित किये हुए वृहदारण्यक उपनिषद भी इसी परंपरा का एक मुख्य उदाहरण है। तथापि, यहाँ हम चिकित्सा विज्ञान पर अपनी चर्चा सीमित रखेंगे। चरकसंहिता और सुश्रुतसंहिताकाल के बहुत बाद, आगे चलकर हिप्पोक्रेट्स के ग्रंथ एयर, वाटर्स और प्लेसेस में प्रकृति–संपर्क और स्वास्थ्य के रिश्तों का वर्णन मिलता है। प्रकृति का सानिध्य हमारे संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और बायोफिज़ियोलॉजिकल स्वास्थ्य में सुधार करता है।

आयुर्वेद स्वस्थ व्यक्तियों को विभिन्न ऋतुओं में प्रकृति–अनुभव की सलाह देता है। उदाहरण के लिये वसंत ऋतु में वनों में आई बहार का नियमित अनुभव करना चाहिये (च.सू.6.22–26, चयनित अंश) वसन्तेऽनुभवेत्काननानांयौवनम्। इसी प्रकार ग्रीष्म ऋतु में वन–कानन की ठंडक, वहां का शीतल जल और पुष्पों का नियमित अनुभव लेना चाहिये (च.सू.6.27–32, चयनित अंश) काननानि च शीतानिजलानिकुसुमानि च, ग्रीष्मकालेनिषेवेत। प्रकृति का यह अनुभव वस्तुतः सभी ऋतुओं में स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य के रक्षा की रणनीति के रूप में सुझाया गया है। संहिताओं में स्वास्थ्य–रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260–266; च.चि.2/3, 26–30, च.चि.4.106–109; च.वि.6.17, सु.उ.47.55–57 आदि)। यहाँ प्रमाण की प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से केवल कुछ सन्दर्भ ही उद्धृत किये गये हैं।

प्रकृति के साथ हम कम से कम पांच प्रकार से रिश्ते स्थापित कर सकते हैं:– पहला– प्राकृतिक स्थलों में घूमना–फिरना व पर्यटन, दूसरा– प्रकृति के गोद में योग, ध्यान, प्राणायाम, योगासन आदि करना, तीसरा– प्रकृति की गोद में शारीरिक व्यायाम करना, चौथा– प्रकृति के मध्य या हरियाली से भरपूर स्थलों में निवास और कार्य–स्थल का उपयोग करना, और अंततः पर्यावरण, वन, वन्यजीव संरक्षण, और बागवानी और खेती–बाड़ी करना। उक्त सभी परिस्थितियों में प्रकृति के साथ जुड़ाव स्वास्थ्यकर और आनंददायक होता है।

शोध से प्राप्त प्रमाण के संबंध में वैज्ञानिकों के मध्य यह आम सहमति है कि मेटा–एनालिसिस के निष्कर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रमाण के रूप में स्वीकार्य होते हैं। सिस्टेमेटिक–रिव्यू से प्राप्त निष्कर्ष भी निर्विवाद प्रमाण ही माने जाते हैं और प्रायः मेटा–एनालिसिस और सिस्टेमेटिक–रिव्यू को एक साथ भी प्रयुक्त किया जाता है। भिन्न–भिन्न समय, स्थान, और लोगों के बीच एक विषय पर किये गये अनेक अध्ययनों को समेट बटोर कर उपयुक्त सांख्यिकीय विधियों के प्रयोग द्वारा एकीकृत निष्कर्ष निचोड़ के रूप में प्राप्त किये जाते हैं। प्रकृति–जुड़ाव और दीर्घकालिक स्वास्थ्य व खुशी के रिश्तों पर कुछ चयनित मेटा–एनालिसिस और सिस्टेमेटिक–रिव्यू से प्राप्त निष्कर्ष आज यहाँ प्रस्तुत हैं।

प्राकृतिक स्थलों में घूमना–फिरना सुख की अनुभूति कराता है। जो लोग प्रकृति से अधिक जुड़े होते हैं, वे प्रायः हेडोनिकप्रसन्नता (मौज़–मस्ती की अनुभूति) का अनुभव करते हैं पर एक मेटा–विश्लेषण स्पष्ट करता है कि यह जुड़ाव गहरी खुशी, जिसे ग्रीक दर्शन में यूडायमोनिक प्रसन्नता (उद्देश्यपूर्ण और कल्याणकारी जीवन की अनुभूति), भी देता है। इस अध्ययन में 4758 लोगों के आँकड़े स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति के साथ जुड़ाव व्यक्तिगत विकास, जीवन के उद्देश्यों, आत्म–स्वीकृति, समाज के साथ सकारात्मक संबंधों और पर्यावरण के प्रति धनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। प्रकृति से जुड़ाव रखने वाले लोग यूडायमोनिक खुशी में बढ़ोत्तरी महसूस करते हैं और व्यक्तिगत विकास के उच्च स्तर को प्राप्त करने में सफल रहते हैं (ए. प्रिटचार्ड इत्यादि, जर्नल ऑफ़ हैप्पीनेस स्टडीज, 21:1145–1167, 2020)। इसके पहले वर्ष 2014 और 2015 में प्रकाशित दो अलग–अलग मेटा–एनालिसिस में भी यह पाया गया था कि प्रकृति के साथ संपर्क मनःस्थिति, अनुभूति और स्वास्थ्य में सुधार करते हुये प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी करता है। विभिन्न अध्ययनों से प्राप्त कुल 8,523 लोगों के अनुभव और आंकड़ों के आधार पर स्पष्ट हुआ कि जो लोग प्रकृति से अधिक जुड़े हुये हैं वे अन्य लोगों की तुलना में बेहतर सकारात्मकता, जीवनीशक्ति और जीवन–संतुष्टि का अनुभव करते हैं। प्रकृति से जुड़ाव और वाइटैलिटी या जीवनीशक्ति के बीच सबसे मजबूत संबंध पाया गया। इसके बाद सकारात्मकता और जीवन–संतुष्टि थी। दोनों ही अध्ययनों के परिणाम निर्विवाद रूप से सिद्ध करते हैं कि मानव और प्रकृति के मध्य निकट संबंध मानव को गहरी प्रसन्नता देते है (ए.सी.ए. कपल्दी इत्यादि, फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी, 5: आर्ट. 976, 2014)। दूसरी मेटा–एनालिसिस में कुल 2356 लोगों से संबंधित 32 अध्ययन शामिल किए गये थे। प्राकृतिक वातावरण से संपर्क सकारात्मक प्रभाव में वृद्धि नकारात्मक प्रभाव में कमी लाता है (ई.ए. मैकमहान, डी. एस्टेस, जर्नल ऑफ़ पॉजिटिव साइकोलॉजी, 10:507–519, 2015)।

**विद्यालयों में छोटे-छोटे बगीचे तथा पौधशालाओं में थोड़ी देर के लिये कार्य कर लेने पर बच्चे प्रायः लौट कर घर में बड़े खुश होकर बताते हैं कि मज़ा आया। आप भी समीपवर्ती लव कुश वाटिका में जाकर वनानुभव लीजिये। आसपास के पर्यावरण,बाग़-बगीचों, झीलों, नदियों आदि की सफाई व सुधार कीजिये। पौधे लगाइये। पाल-पोस कर बड़ा कीजिये।**

प्राकृतिक स्थलों में योग, ध्यान, योगासन, प्राणायाम आदि भी आनंद की अनुभूति और स्वास्थ्य में बढ़ोत्तरी करता है। शोध से यह साबित हुआ है कि प्राकृतिक वातावरण में किया गयाध्यान प्रसन्नता और स्वास्थ्य दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। कुल 25 अलग–अलग अध्ययनों की मेटा–एनालिसिस, जिसमें 2990 लोग शामिल थे, के निष्कर्ष बताते हैं कि शुरू से अंत तक तक समग्र मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और पारस्परिक प्रभाव सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण पाये गये।प्राकृतिक वातावरण जैसे वन, उपवन,बगीचों, पार्क में योग के और भी कई लाभ, जैसे औपचारिक विचारशीलता की तुलना में अनौपचारिक आनंद की अधिक प्राप्ति हुई (डी. डेजेर्निस इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 16: आर्ट.3202, 2019)। इस विषय में मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि योग करते समय जिन लोगों को ध्यानावस्थित होने में कठिनाई आती है उन्हें प्रारंभ में मनोरम प्राकृतिक दृश्यों जैसे बहती नदी, नदी के किनारे वृक्षावली, सुन्दर झरने, घने वन, वनों में हो रही वर्षा आदि पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये। बहुत आनंद मिलेगा।

प्रकृति की गोद में शारीरिक–गतिविधि को आजकल हरित–व्यायाम कहा जाता है। यह अल्पकालिक और दीर्घकालिक सकारात्मक मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य देता है, जो अंततः खुशी का कारण है। एक बहुस्तरीय, 10 विभिन्न अध्ययनों और 1252 लोगों की मेटा–एनालिसिस से स्पष्ट हुआ है कि हरियाली में किया गया व्यायाम आत्मसम्मान और मनोदशा बेहतर करता है। वैसे तो हर तरह के हरियाली वाले वातावरणों में व्यायाम लाभकारी है, परन्तु जलाशयों, नदियों, तालाबों, झीलों के समीप व्यायाम अधिक प्रभावोत्पादक होता है। यह अध्ययन इस बात की पुष्टि करता है कि पर्यावरण एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य–सेवा प्रदान करता है (जे. बार्टन, जे. प्रेटी, एनवायर्नमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी, 44:3947–3955, 2010)।

हरियाली के मध्य निवास करना प्रसन्नता देता है और इस विषय पर भी बहुत अध्ययन हैं। उदाहरण के लिये हालाँकि शहरी वातावरण में पलना–बढ़ना मनोरोग विकारों का जोखिम बढ़ाता है, किन्तु रिहायशी क्षेत्रों में हरियाली मानसिक बीमारियों के जोखिम कोकम करती है। इस विषय में पहला सिस्टेमेटिक रिव्यू कोई स्पष्ट सन्देश नहीं दे पाया था (देखें, एम. वन डेनबर्ग इत्यादि, अर्बनफॉरेस्ट्री एंड अर्बनग्रीनिंग, 14: 806–816, 2015)। परन्तु हाल ही में अमेरिका में एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन जो 900,000 से अधिक लोगों के बीच किया गया, यह सिद्ध करता है कि जो बच्चे सबसे कम हरियाली वाली जगहों में पल–बढ़ कर बड़े हुये थे, उनमें अन्य ज्ञात जोखिम कारकों के प्रभाव से स्वतंत्र, मनोविकारों के विकसित होने का 55 प्रतिशत अधिक जोखिम था। हरियाली वाले क्षेत्रों में घूमना–फिरना तो ठीक है पर उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे घरों के आसपास भी प्राकृतिक वातावरण की बहुतायत और दीर्घकालिक उपस्थिति हो। प्राकृतिक वातावरण को शहरी नियोजन में एकीकृत करना मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाने और मनोरोग के बढ़ते वैश्विक बोझ को कम करने के लिये एक प्रमाण–आधारित रणनीति है (के. इंगेमान इत्यादि, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज, 116:5188–5193, 2019)। इसी प्रकार चीन में 23,754 लोगों जिनकी कुल समेकित आयु 80,001 व्यक्ति–वर्षथी, के आंकड़ों का अध्ययन से भी अब निर्विवाद सिद्ध हो चुका है कि रिहायशी क्षेत्रों की हरियाली के साथ निकटता दीर्घायु प्रदान करती है (जे.एस. जी, लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ,3:ई17–ई25, 2019)।

पर्यावरण, वन और वन्यजीव संरक्षण के कार्यों को सम्पादित करना तो हमारी व्यक्तिगत प्रसन्नता में बहुत योगदान भी देता है। इसमें हम केवल एक उदाहरण बागवानी का लेते हैं जिससे पर्याप्त स्वास्थ्य लाभ और प्रसन्नता मिलती है। दुनिया भर से 22 अध्ययनों को सम्मिलित करते हुये मेटा–एनालिसिस के परिणाम बताते हैं कि बागवानी में समय और श्रम लगाने से अवसाद, चिंता और वज़न में कमी, जीवन की संतुष्टि और प्रसन्नता में सुधार, जीवन की गुणवत्ता और समुदायिक भावना में वृद्धि होती है। तमाम सारे अन्य कारकों को समायोजित कर देखने के के बाद भी बागवानी के महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव बने रहे। इस अध्ययन ने स्वास्थ्य पर बागवानी के सकारात्मक प्रभावों के लिये ठोस प्रमाण प्रदान किये हैं। बागवानी की एक नियमित खुराक सार्वजनिक स्वास्थ्य और प्रसन्नता में सुधार कर सकती है।

उन्नीस हजार से अधिक लोगों पर हुई शोध बताती है कि व्यक्तिगत कल्याण और खुशी के लिये सप्ताह में कम से कम 120 मिनट प्रकृति के सानिध्य में बिताइये (एम.पी. व्हाइट इत्यादि, साइंटिफिक रिपोर्ट्स, 9:7730, 2019)। विश्व भर के 37 अध्ययनों और 13,237 लोगों के आंकड़ों को समेटकर की गयी मेटा–एनालिसिस बताती है कि प्रकृति के साथ रिश्तों की प्रगाढ़ता हमारे पर्यावरण–समर्थक व्यवहार में बढ़ोत्तरी करती है (जे. व्हाइटबर्न इत्यादि, कन्जर्वेशन बायोलॉजी, 34: 180–193, 2020)। और, 22,427 लोगों के बीच हुआ अध्ययन यह भी सिद्ध करता है कि पर्यावरण–समर्थक व्यवहार वाले लोगों का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की संतुष्टि औरों की तुलना में बेहतर रहती है (जी. नेटुवेली, पी. वाट्स, पापुलेशन एंड एनवायरनमेंट, 41:347–371, 2020)।

विद्यालयों में छोटे–छोटे बगीचे तथा पौधशालाओं में थोड़ी देर के लिये कार्य कर लेने पर बच्चे प्रायः लौट कर घर में बड़े खुश होकर बताते हैं कि मज़ा आया। आप भी समीपवर्ती लव कुश वाटिका में जाकर वनानुभव लीजिये। आसपास के पर्यावरण,बाग़–बगीचों, झीलों, नदियों आदि की सफाई व सुधार कीजिये। पौधे लगाइये। पाल–पोस कर बड़ा कीजिये। लव कुछ वाटिका में आरोग्यकर, बहुउपयोगी एवं मनोहारी पौधों को ध्यान से देखिये–पहचानिये। मानसिक शांति मिलती है और स्वस्थ रहने की उत्कट लालसा जागती है। यह दिव्य मनोवैज्ञानिक प्रभाव औषधि की तरह कारगर है। प्राचीन, विशाल और घने क्षत्र वाले वृक्षों के सानिध्य का प्रतिदिन आनंद लीजिये। प्रकृति के साथ प्रगाढ़ रिश्ते बनाइये। प्रसन्नता, आत्म–सम्मान, मनोदशा और सम्पूर्ण शारीरिक–मानसिक स्वास्थ्य में धनात्मक सुधार आयेगा। तनाव मुक्त और प्रसन्न रहेंगे। प्रकृति की मित्रता आनंद देती है। 5000 साल पहले आयुर्वेद ने तो यह कहा ही था अब आधुनिक विज्ञान भी इस पर निर्विवाद प्रमाण प्रस्तुत कर रहा है। संक्षेप में कहें तोः प्रकृतिरानन्दारोग्यदायिकाअनुभूयताम्प्रीयताम्संरक्ष्यताम्, अर्थात् प्रकृति आनंददायक है, अनुभव करिए, स्नेह करिए और संरक्षित करिए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# दो साल से अलग रह रहे दम्पति लोक अदालत की समझाइश से एक हुए

- **एडीजे जिन्दल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित**

**मालपुरा,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व जिला प्राधिकरण के तत्वाधान में तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा द्वारा शनिवार को नवीन कोर्ट परिसर में एडीजे कृष्ण मुरारी जिन्दल की अध्यक्षत्ता में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई। दो साल से पारिवारिक विवाद के चलते अलग–अलग रह रहे पति–पत्नि ने लोक अदालत में पहुंच अधिवक्ता रघुवीर सिंह आखतडी के अथक प्रयासों से परस्पर सहमति से विवाद का निस्तारण कर एक–दूजे को माला पहना पुनः नवीन दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की।



राष्ट्रीय लोक अदालत में विवाद के निस्तारण के बाद पति–पत्नि ने नया वैवाहिक जीवन शुरू किया।

रघुवीर सिंह आखतडी ने बताया कि बरवास निवासी भरत राज व नयागांव पीपलू निवासी मनीषा की शादी 6 जून 2017 को सामाजिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुई थी। एक पुत्र की प्राप्ति के बाद दोनों पारिवारिक विवाद के चलते अलग–अलग रहने लगे थे। 29 अगस्त 2022 को न्यायालय एडीजे कोर्ट में प्रकरण पेश किया। हिन्दू मैरिज एक्ट बाबत विवाह विच्छेद प्रकरण को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखते हुए एडीजे कृष्ण मुरारी जिन्दल व समिति सदस्य एडवोकेट नितिल कुमावत व एडवोकेट रघुवीर सिंह आखतडी की परस्पर समझाइश के बाद भरत व मनीषा ने मनमुटाव एवं विवाद का निस्तारण कर एक–दूजे को माला पहना साथ रहने की शुरूआत की। प्रार्थी भरत राज बैरवा के पैरवोकार रघुवीर सिंह ने बताया कि दोनों के लिए लोक अदालत वरदान साबित हुई। समिति सचिव ने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय अपर जिला सैशन न्यायधीश में पांच प्रकरणों में 14 लाख 84 हजार रूपये के अवार्ड सहित सिविल के एक व आठ वैवाहिक विवाद, तीन राजीनाम फौजदारी प्रकरण, एडीजे कोर्ट के कुल 17 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। एसीजेएम न्यायालय के 14 फौजदारी, एनआई एक्ट के 6 सहित 20 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। न्यायालय एमजेएम में 13 फौजदारी, 6 एनआई एक्ट व सिविल के 21 सहित 40 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। राजस्व न्यायालय के 2, बैंक रिकवरी के 4, अन्य विभागों के 43, प्रकरण निस्तारण कर 11 लाख 45 हजार 225 रूपये का राजीनामा हुआ।

# तीन सहरिया परिवारों को ग्राम पंचायत ने पुश्तैनी जमीन से बेदखल किया

- **ठेकेदार ने धमकाया कि जमीन से बेदखल नहीं हुए तो वह बुलडोजर लाकर फसल नष्ट कर देगा**
- **ठेकेदार और ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा मिल रही धमकियों से परिवार आहत में**
- **कलेक्टर को ज्ञापन देने आया दो भाईयों को परिवार, निराश होकर लौटा**

**बारां,** (निसं)। जिले के आदिवासी सहरिया जनजाति को जहां सरकार राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का भरसक प्रयास कर रही है। वहीं स्थानीय प्रशासन इसमें रोड़ा बनकर उनके रोजी–रोटी का जरिया ही छीनने पर आमादा है। ऐसा ही एक मामला किशनगंज तहसील की ग्राम पंचायत गरड़ा का सामने आया है। यहां तीन भाईयों को ग्राम पंचायत की ओर से पुस्तैनी जमीन से बेदखल करने का फरमान जारी कर दिया।


दो भाईयों का परिवार फरियाद लेकर कलेक्टर के पास पहुंचा।

ग्राम पंचायत का कहना है कि यह भूमि अस्पताल के लिए आवंटित कर दी गई है। जिस पर भवन बनाया जाएगा। इस फरमान के बाद उन्हें ठेकेदार भी धमका गया कि जमीन से बेदखल नहीं हुए तो वह बुलडोजर लाकर फसल नष्ट कर देगा। भयभीत होकर दो भाई परिवार सहित कलेक्टर के पास फरियाद लेकर आए। लेकिन जिला कलेक्टर के बाहर होने से उन्हें निराश होकर गांव लौटना पड़ा।

गरड़ा की इंद्रा कॉलोनी निवासी राजेंद्र सहरिया व राजकुमार सहरिया विनोद सहरिया पुत्र प्रभूलाल ने ज्ञापन में बताया ग्राम पंचायत में हम तीन भाईयों की शामिलात पुस्तैनी कब्जाशुदा 7 बीघा जमीन है। जिस पर उनके दादाजी व पिताजी खेती आ रहे थे। इसमें प्रार्थी राजेंद्र व राजकुमार के पास 2–2 बीघा व विनोद के पास 3 बीघा जमीन हिस्से में है।

जिसकी जुर्माना रसीदें भी प्रार्थी के पास वर्ष 1980–85 से अब तक की मौजूद है। हम इस जमीन का जुर्माना हर बार भरते आ रहे हैं। लेकिन पिछले माह जनवरी में ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस भेज कर उन्हें इत्तला दी गई कि यह जमीन अस्पताल के लिए आवंटित कर दी है।

जिसे तुरंत खाली करो। जबकि उनकी यह पुस्तैनी कब्जाशुदा जमीन आबादी में आ चुकी है और हमें सरकार की ओर से इसे अलोट कराने के भरोसा भी दिया जाता रहा है। पिछले सप्ताह एक ठेकेदार आया और हमें धमकाने लगा कि तुरंत फसल काट लो, वरना बुलडोजर से नष्ट करवा दूंगा। इस जगह पर निर्माण कार्य करना है। ठेकेदार और ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा मिल रही इन चेतावनियों व धमकियों से उनके परिवार आहत है।

तीनों भाईयों के 4–4 बच्चे हैं। जिनकी पढ़ाई–लिखाई और परिवार के खर्च की चिंता सताने लगी है। वे केवल साक्षर हैं। शिक्षित नहीं होने से अन्य रोजगार भी नहीं कर सकते हैं। परिवार के भरण–पोषण का कोई और जरिया भी उनके पास नहीं है। मेहनत–मजदूरी व खेती कर जैसे–तैसे हम परिवार का गुजर बसर कर रहे हैं। अस्पताल के लिए अन्यत्र खाली जमीन आवंटित करवाई जाए। उन्हें जमीन से बेदखल व फसल नष्ट करने की कार्यवाही नहीं की जाए।

# 43 आर्म्ड रैजिमैंट ने स्थापना दिवस मनाया


जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया।

- **43 बख़्तरबंद रेजीमेंट का आदर्श वाक्य ''युध्यास्व विगत ज्वार'' है**

**जैसलमेर,** (निसं)। 43 आर्म्ड रेजीमेंट ने राष्ट्र की सेवा में अपने 43वें वर्ष के आगमन का जश्न मनाया। इस अवसर पर सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, अन्य रैंकों और परिवारों के साथ–साथ रेजिमेंट के दिग्गजों की उपस्थिति रही।

जनसंपर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार आयोजन की अध्यक्षता कोणार्क कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने की। 43 बख़्तरबंद रेजीमेंट का आदर्श वाक्य ''युध्यास्व विगत ज्वार'' है, जिसका अर्थ है, एक शांत और दृढ़ मन से लड़ना।

# भामाशाह ने स्वास्थ्य केन्द्र के लिए दान दी एक करोड़ की भूमि

- **इसी भूमि पर आज राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास होगा**

**कोटपूतली,** (निसं)। विकास में न केवल सरकार, बल्कि भामाशाहों का भी अहम योगदान होता है। कोटपूतली क्षेत्र में इसके कई बड़े उदाहरण मौजूद हैं। इसी क्रम में अब समीप के रायकरणपुरा गांव में स्व.भौरेलाल शर्मा के बेटे भामाशाह कृष्ण कुमार शर्मा ने करीब एक करोड़ रुपए की भूमि जनता की सेवा के लिए दान कर दी है। इसी भूमि पर रविवार को राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास होगा।

शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए भामाशाह कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि वे अपने स्तर पर समय–समय पर निर्धन बेटियों की शादी, कंबल–स्वेटर वितरण, निर्धन परिवारों का सहयोग सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अपना योगदान देते हैं। भामाशाह कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा किशहर में ब्राम्हण समाज के लिए भूमि उपलब्ध कराने की भी हमने घोषणा कर रखी है। जो भी जगह उपयुक्त होगी, उसे खरीदकर वे समाज के लिए दान कर देंगे। रायकरणपुरा पीएचसी के लिए जगह नहीं मिल रही थी। ग्रामीणों की परेशानी को देख उन्होंने उक्त भूमि को दान करने का निर्णय लिया। रविवार को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव पीएचसी का शिलान्याय करेंगे, जबकि अध्यक्षता प्रधान नेहा गुर्जर करेंगी। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन होगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जायेंगे। वार्ता के दौरान बखराना दुर्गा माता मन्दिर के मंहत गुरूदास महाराज, ब्राम्हण समाज के प्रदेश संयोजक पं.सूर्यकांत शर्मा, नगर अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा, पं.किशोरीलाल शर्मा, जर्नादन पटवारी, नवरतन शर्मा सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## राशिफल रविवार 12 फरवरी, 2023


पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, स्वाती नक्षत्र रात्रि 2:27 तक, गंड योग दिन 3:34 तक, वणिज करण प्रातः 9:46 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–तुला, मंगल–वृष, बुध–मकर, गुरू–मीन, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज रवियोग रात्रि 2:27 तक है। त्रिपुष्कर योग रात्रि 2:27 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रातः 9:46 से रात्रि 9:46 तक है। महापात योग दिन 10:30 से दिन 3:00 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:33 से 9:55 तक, लाभ–अमृत 9:55 से 12:41 तक, शुभ 2:02 से 3:24 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 6:12

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**मिथुन**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।

**कर्क**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**सिंह**
परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्य सुगमता से और योजनानुसार बनने लगेंगे। मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**वृश्चिक**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी और परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर–परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# राइट टू हैल्थ बिल के विरोध में निजी अस्पताल बंद रहे

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को राइट टू हैल्थ बिल के विरोध में निजी अस्पतालों में सम्पूर्ण मेडिकल बंद रहा। वहीं इनके समर्थन में सेवारत चिकित्सकों ने सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे कार्य बहिष्कार किया। इस बिल को लेकर शनिवार को विधानसभा की प्रवर समिति की बैठक भी हुई। बैठक में किसी बात पर सहमति नहीं बनी। अब ये बैठक दोबारा 15 फरवरी को बुलाई गई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के समस्त चिकित्सक संगठनों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आव्हान पर राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में चिकित्सकीय कार्य को बंद रखा गया। इस दौरान सभी निजी अस्पतालों में इमरजेंसी के साथ आउटडोर मरीजों को भी नहीं देखा गया। निजी अस्पताल सुबह 8 बजे से 24 घंटे तक बंद रखे गए। वहीं इनसर्विस सरकारी चिकित्सकों के साथ सरकारी मेडिकल कॉलेजेस से जुडे चिकित्सकों ने भी सुबह 9 बजे से 11 बजे तक पेन डाउन स्ट्राइक कर निजी चिकित्सकों की हड़ताल में सहयोग किया।

राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में सरकार की हठधर्मिता से रोष में आए प्रदेश के विभिन्न जिलों से चिकित्सक आज जयपुर के जे एम ए हॉल में एकत्रित हुए। बिल के विरोध में



जयपुर में विभिन्न जिलों से आए चिकित्सकों ने शनिवार को एसएमएस अस्पताल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रैली निकाली।

चिकित्सकों ने एस एम एस हॉस्पिटल से त्रिमूर्ति सर्किल तक रैली निकाली। इसमें जयपुर, जोधपुर, सीकर, दौसा, झुंझुनूं, अलवर, चूरू, भरतपुर, अजमेर और उदयपुर सहित अन्य जिलों के करीब 1000 से भी अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी बिल के प्रति नाराज चिकित्सकों ने अपने अपने अस्पताल बंद रखे। फार्मासिस्ट और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के संगठनों ने चिकित्सकों के इस आंदोलन को समर्थन दिया।

राजस्थान के सभी चिकित्सक संगठनों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन डॉ. सुनील चुघ ने बताया कि प्रदेश में राइट टू हेल्थ बिल की कोई आवश्यकता ही नहीं है। प्रदेश में पहले से ही सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दवा, जांच और इलाज उपलब्ध है। वहीं निजी अस्पताल भी चिरंजीवी के तहत सरकारी दरों पर इलाज मुहैया करा रहे हैं। अगर सरकार ने चिकित्सकों की 'नो टू' की मांग नहीं मानी तो प्रदेश के निजी चिकित्सक आने वाले दिनों में सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को मना करने को निर्णय लेने को मजबूर हो जाएंगे। जयपुर मेडिकल एसोशियेशन के अध्यक्ष डा. तरुन ओझा ने सरकार को चिकित्सकों के हितों को नजरंदाज करके इस प्रकार का असंवैधानिक प्रावधानों से युक्त बिल लाने को गलत बताया है। सचिव डा. अनुराग शर्मा ने कहा कि इस बिल में निजी चिकित्सकों को निशुल्क इलाज के भुगतान की प्रक्रिया का न कोई वर्णन है, और न ही बिल के तहत बनने वाले प्राधिकरणों के निर्णय की कोर्ट में अपील करने का अधिकार है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी डा संजीव गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में पहले से ही निजी चिकित्सकों के उपर 54 कानून बने हुए है। निजी अस्पताल खोलने के लिये 54 लाइसेंस लेने होते है। ये सभी लाइसेंस भारी भरकम फीस चुकाने पर ही मिलते है।

इधर बिल का विरोध करने वालों की बात सुनने के लिए डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल आज विधानसभा पहुंचा। इस मंडल में जिन डॉक्टरों को शामिल किया गया उसको लेकर संगठन ने विरोध जताया है। टीम में आरयूएचएस के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी, आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के प्रिंसिपल डॉ. लाखन पोसवाल के अलावा दो अन्य डॉक्टर शामिल हुए, जिनको लेकर जॉइंट एक्शन कमेटी सदस्यों ने विरोध किया। उनका कहना है कि ये सभी डॉक्टर सरकार के नुमाइंदे हैं और विरोध करने वाले संगठन में शामिल नहीं हैं। ऐसे में ये डॉक्टर कैसे इस बिल पर विरोध कर रहे डॉक्टरों की बात रखेंगे।

प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने बताया कि हम शुरू से राइट टू हेल्थ बिल का विरोध कर रहे हैं। सरकार अब जबरदस्ती इस बिल को पास करके हम पर थोपना चाहती है। अब हमारे संगठन ने ये निर्णय किया है कि सभी प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक राज्य सरकार की सरकारी योजनाओं का विरोध करेंगे।

■ इस बिल को लेकर विधानसभा की प्रवर समिति और चिकित्सकों की बैठक बेनतीजा रही।

# रीनल डिनरवेशन तकनीक से ठीक हो सकता है हाइपरटेंशन



जयपुर के एक होटल में शनिवार को इटर्नल हार्ट कॉन्क्लेव-2023 का आयोजन हुआ।

**जयपुर।** भारत में हाइपरटेंशन के 23 करोड़ से अधिक मरीज हैं। दवाएं लेने के बाद भी कई मरीजों की यह समस्या ठीक नहीं होती है, जिसके कारण उन्हें ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक या किडनी फेलियर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। हाइपरटेंशन को ठीक करने के लिए अब अत्याधुनिक रीनल डिनरवेशन तकनीक आ गई है, जिससे मरीज की किडनी के जरिये उसका हाइपरटेंशन ठीक किया जा सकता है। जयपुर में शुरू हुई दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इटर्नल हार्ट कॉन्क्लेव-2023 में विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी।

कोर्स डायरेक्टर डॉ. संजीव के. शर्मा एवं डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से 500 से अधिक विशेषज्ञ शामिल हुए हैं। दो दिनों में प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी और इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी में आई नई तकनीकों पर कई सेशन में बात होगी। डॉ. समीन शर्मा और डॉ. अजीत बाना के मार्गदर्शन में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।

■ कॉन्फ्रेंस में लाइव हुआदेश का पहला ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी केस

रीनल डिनरवेशन तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. दीपक भट्ट ने बताया कि इसमें कैथेटर के जरिये किडनी में पहुंचा जाता है। यहां हमारे क्रोध, घबराहट, नर्वस होने जैसी भावनाओं को नियंत्रित करने वाली सिम्पेथैटिक नर्व में रेडियोफ्रीक्वेंसी के द्वारा उसे डिनरवेट किया जाता है। इससे उन नर्व की एक्टिविटी धीमी पड़ जाती है और मरीज का हाइपरटेंशन नियंत्रित होने लगता है। दवा लेने के बाद भी जिन मरीजों को हाइपरटेंशन की समस्या बरकरार है, उनके लिए यह तकनीक बेहद कारगर है।

कॉन्फ्रेंस में लाइव केस भी टेलीकास्ट हुए जिसमें डॉ. समीन शर्मा, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. प्रशांत द्विवेदी और टीम ने देश का पहला ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी केस किया। हार्ट की आर्टरी में कैल्सिफाइड ब्लॉकेज होने पर सौरमंडल की धुरी की तरह ड्रिल चलता है जिससे ब्लॉकेज पूरी तरह साफ हो जाता है। डॉ. समीन शर्मा ने बताया कि देश में पाए जाने वाले हार्ट ब्लॉकेज में 25 प्रतिशत मामले कैल्सिफाइड ब्लॉकेज के होते हैं। इनके इलाज के लिए अब तक सीधे बायपास सर्जरी की सलाह ही दी जाती थी लेकिन नई तकनीक से बिना सर्जरी के ब्लॉकेज खोला जा सकता है।

## सरकार और सीएचसी कार्मिकों के बीच वार्ता विफल

**जयपुर।** विधानसभा में पेश किए गए बजट में सीएचसी कार्मिक के लिए कोई घोषणा नहीं होने से नाराज पांच कार्मिक शनिवार को दूसरे दिन भी गांधी नगर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ रहे। हालांकि दिन में सीएचसी कार्मिकों के प्रतिनिधी मंडल की की सरकार से वार्ता हुई, लेकिन मांगों पर कोई सहमति नहीं बनी।

इधर, शुक्रवार पूरी रात दो महिला सहित छह सीएचसी कार्मिक पानी की टंकी पर चढ़े रहे। हालांकि एक महिला कार्मिक भीलवाड़ा निवासी इंद्रा गंधर्व की तबीयत खराब होने पर उसे नीचे उतार लिया गया। इसके बाद उसे घर भेज दिया गया। हालांकि बाकी पांच कार्मिक

इसकी सूचना मिलने पर बजाज नगर थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्मिकों से समझाइश कर उन्हें नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह देर रात तक ऊपर ही चढ़े रहे। बूंदी निवासी पूजा बावरिया, जयपुर निवासी गुड्डी व ममता, दौसा निवासी राकेश सैनी और मंडावर निवासी वेदराम मीणा चढ़े हुए हैं। दिन में पुलिस व प्रशासन की समझाइश पर सीएचसी कार्मिक सरकार के साथ वार्ता को तैयार हो गए। सचिवालय में वित्त सचिव अखिल अरोड़ा के साथ उनकी वार्ता हुई। वार्ता में सरकार की ओर से नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में सीएचसी कार्मिकों को 15 प्रतिशत बोनस अंक देने का प्रस्ताव दिया गया। लेकिन इस पर सहमति नहीं बनने से वार्ता बेनतीजा रही। वार्ता विफल होने के बाद सीएचसी कार्मिकों का गांधी नगर में आंदोलन जारी है।

## जयपुर को मई तक वन्देमातरम ट्रेन चलाकर जोड़ेंगे : वैष्णव

**जयपुर।** पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर 55 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। समिति द्वारा "भारत के आधारभूत संरचनात्मक विकास में रेलवे का योगदान" विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। समिति द्वारा हवन एवं सुन्दर कांड पाठ, चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर तथा कौशल विकास एवं स्वावलंबन प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष मोहनलाल छीपा ने समिति का परिचय एवं भावी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि धानक्या रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण और नवीनीकरण करके आस पास के लोगों आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए।

समिति के कोषाध्यक्ष गजेंद्र ज्ञानपुरिया ने स्मारक का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत के निर्माण में रेलवे का योगदान अविस्मरणीय है। रेलवे शहरों के साथ लोगों को जोड़ने का माध्यम है। मोदी ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट की योजना से भारत के कौशल को पूरे विश्व में फैलाने का काम किया है। रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने की योजना में जयपुर को 771 करोड़ रुपये की लागत से उच्च स्तरीय सुविधाओं से संपृक्त करना है। मोदी ने विदेशी तकनीक के स्थान पर भारत की अभियांत्रिकी पर विश्वास जताकर वन्देमातरम को भारत मे ही निर्मित कराकर चलाया तथा हम जयपुर को भी मई माह तक वन्देमातरम ट्रेन चलाकर जोड़ेंगे। यूरोप और भारत की ट्रेन में तुलना करने पर भी वन्देभारत ट्रेन अग्रणी ही दिखाई देती है। हमने देश की क्षमता पर विश्वास कर एक पटरी पर दो ट्रेनों को स्वतः रोकने के लिए कवच का सफल प्रयोग शुरू किया है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि दीनदयाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रचार परम्परा के कार्यकर्ता थे। आज की भारत सरकार दीनदयाल के भारतीय आर्थिक चिंतन पर चलकर विश्व की 5वें नम्बर की अर्थव्यवस्था बनी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति एवं समाज सेवी सुमेर सिंह शेखावत ने की और बताया कि दीनदयाल ने एकात्म मानवतावाद देकर मानवतावाद को नए रूप में परिभाषित किया। कार्यक्रम में राजस्थान से पद्मश्री सम्मान हेतु चयनित लक्ष्मण सिंह को सम्मानित किया गया। नीरज कुमावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बीमा राशि ब्याज सहित देने के आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** महानगर की स्थाई लोक अदालत ने रॉयल सुंदरम इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिए हैं कि वह परिवादी को उसकी चोरी हुई कार की 15 लाख रुपए की बीमा राशि 24 सितंबर 2019 से सात प्रतिशत ब्याज सहित अदा करे। इसके साथ ही परिवादी को हुई मानसिक क्षति के लिए कंपनी पर 22 हजार रुपए का हर्जाना भी लगाया है। लोक अदालत ने यह आदेश महेश कुमार यादव के प्रार्थना पत्र पर दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि उसने बीमा कंपनी से 2 जून 2018 से एक जून 2019 के लिए कार का 15 लाख रुपए का बीमा करवाया था। पॉलिसी अवधि के दौरान 28 मई 2019 को रात 11 बजे दो सौ फुट बाईपास से वह अपने घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसकी कार खराब हो गई। इस पर वह कार को किनारे सुरक्षित खड़ा कर घर चला गया। अगले दिन जब वह मौके पर पहुंचा तो कार नहीं मिली। इस पर उसने इसकी सूचना बीमा कंपनी को देते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं पुलिस ने तीस सितंबर 2019 को मामले में एफआर पेश कर दी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसके बावजूद भी बीमा कंपनी ने उसके क्लेम को खारिज कर दिया। वहीं बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि परिवादी ने कार लोन लिया था।

# प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए समेकित दृष्टिकोण से काम करने की जरूरत : राज्यपाल

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए कृषि, पर्यटन, विधि, शिक्षा, उद्योग एवं रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में समेकित दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रभावी रूप में कार्य किए जाने का आव्हान किया है।

राज्यपाल मिश्र शनिवार को राजभवन में राज्यपाल सलाहकार मण्डल की बैठक में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सलाहकार मंडल के जरिए प्रदेश के स्थायी, संतुलित एवं चहुंमुखी विकास के लिए विचारों के आदान-प्रदान और सुझावों को व्यावहारिक रूप में लागू करने के लिए कार्य योजना तैयार करने की पहल की गई है।

राज्यपाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विशेष प्रशिक्षण-प्रोत्साहन के द्वारा युवाओं को अर्थपूर्ण रोजगार प्राप्त करने योग्य कैसे बनाया जाए, यह आज के समय की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत और यहां की विपुल पर्यटन संभावनाओं का उचित दोहन करते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि प्रदेश में उनके कार्यकाल के दौरान राजभवन स्तर पर राज्यपाल राहत कोष के पुनर्गठन, रेडक्रॉस सोसायटियों को जिला स्तर पर जीवंत करने और स्काउट-गाइड संगठन को विशेष रूप से सक्रिय करने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के प्रभावी विकास से जुड़े मुद्दों की मॉनिटरिंग के लिए राजभवन स्तर पर जनजातीय एकक की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से राजभवन में देश का पहला संविधान उद्यान निर्मित किया गया है।


राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्यपाल सलाहकार मण्डल की बैठक को संबोधित किया।

टीएमआई समूह के चेयरमेन टी. मुरलीधरन ने शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए उन्हें रोजगार योग्य बनाए जाने, उनकी कौशल अभिवृद्धि करने के साथ मानसिकता में बदलाव पर बल दिया।

एचआरएच ग्रुप के कार्यकारी निदेशक लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि पर्यटन मानव संसाधन आधारित क्षेत्र है। इसमें सफलता के लिए शिक्षा एवं हुनर के साथ युवाओं के व्यक्तित्व को बेहतर बनाने और उन्हें मूल्यपरक शिक्षा देने की जरूरत है।

वरिष्ठ अधिवक्ता आर. एन. माथुर ने कहा कि आमजन को विधिक साक्षर और जागरुक बनाने के लिए विधिक शब्दावली के सरलीकरण की दिशा में प्रयास किए जाने की जरूरत है। अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा ने लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कृषि एवं इससे जुडे क्षेत्रों में उत्पादकता बढाने, उत्पादक समितियों के माध्यम से उन्हें उपज का अधिक मूल्य दिलवाने पर बल दिया।

## दो नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को भी दो नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच दो ही मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस की संख्या 11 पर ही बनी हुई है।

प्रदेश में शनिवार को दो नए करोना संक्रमित उदयपुर में मिले हैं। इससे पहले राज्य में शुक्रवार को भी 2 ही रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज एक भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

उधर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 2 मरीज के ठीक होने से फिलहाल एक्टिव केस 11 बचे हुए हैं। इनमें उदयपुर और जयपुर में 5-5 तथा अलवर में 1 मामला है। राज्य में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9654 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में शनिवार को केवल 551 कोविड के टीके लगाये गये है। इनमें 251 लोगों को प्रोकॉशन डोज दी गई है।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# देश को दुनिया का सिरमौर बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : सौम्या

**जयपुर, (का.सं.)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आज रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शानदार समापन हुआ। अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में आयोजित इस अमृतयात्रा (इंडिया2047) मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के अंतिम दिन आयोजित समापन में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर और पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेश ऋतु शुक्ला उपस्थित थीं। इस अवसर पर मंच पर जयपुर नगर निगम के पार्षद वीरेंद्र सिंह शेखावत, मुकेश वर्मा, गणेश नारायण जाट तथा हरीश शर्मा भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि यदि हमें अपने देश को सारी दुनिया का सिरमौर बनाना है तो सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है। अगले 25 साल भारत की प्रगति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अमृतकाल में सभी अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तो आजादी की शताब्दी के समय भारत निश्चित रूप से एक सशक्त और समृद्ध देश के रूप में सामने आएगा।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों से संवाद साधते हुए अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि आज जो विद्यार्थी और युवा इस सभागार में बैठे हैं, आने वाले समय में अलग-अलग माध्यमों से ये ही देश का नेतृत्व करेंगे। इन युवाओं को एक दिशा देने का प्रयत्न इस प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि उन्हें बहुत ध्यानपूर्वक यहाँ प्रदर्शित जानकारियों का अवलोकन करना चाहिए। क्योंकि यहाँ भविष्य के भारत का रोडमैप की विस्तृत जानकारी दी गई है।



केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर की ओर से आयोजित पाँच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शनिवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शानदार समापन हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय योग संस्थान के समूह ने कलात्मक ढंग से संगीत के साथ योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श विद्या मंदिर की छात्राओं ने असम के बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के पहले सत्र को संबोधित करते हुए मिलेट्स विकास निदेशालय के तकनीकी अधिकारी मुजर्रब हुसैन ने कहा कि भारत के पारंपरिक मोटा अनाज में कई तरह के पोषक तत्त्व होते हैं। पिछले कुछ सालों में यह अनाज हमारे भोजन की थाली से लगभग गायब हो गए है। लेकिन यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया गया है, इससे हमारे पारंपरिक मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रवि कुमार तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने विभिन्न रोगों में उपयोगी आयुर्वेदिक उपचारों की जानकारी देते हुए कहा कि आयुर्वेद किसी भी रोग का ऊपरी इलाज करने की जगह उसे जड़ से मिटाने पर बल देता है।

इस अवसर पर विभाग के पंजीकृत दल मलंग एंड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों के लिए मौखिक प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाले भारतीय डाक विभाग, सेना भरती कार्यालय, भारत संचार निगम लिमिटेड, स्वास्थ्य विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विद्यापीठ. कृषि विभाग, मिलेट्स विकास निदेशालय आदि के प्रतिनिधियों को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# शास्त्रीय नृत्य ने सबका मन मोहा

**जयपुर।** डेल्फिक कॉन्सिल ऑफ राजस्थान द्वारा आयोजित डेल्फिक गेम्स ऑफ राजस्थान के तीसरे दिन जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में शास्त्रीय नृत्य, कांटेम्प्रेरी डांस और लोक नृत्य की तीन विधाओं में नवोदित नृत्यकारों ने अपने डांस से दर्शकों में भी थिरकन उत्पन्न कर दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना अनीता हाड़िया थी।

शास्त्रीय नृत्य विशेषज्ञ संगीता सिंघल, कंटेम्प्रेरी नृत्य विशेषज्ञ बृजेश सक्सेना और लोक नृत्य की विशेषज्ञ अनिता प्रधान सहित तीन जजेज की जूरी के सामने तीनों श्रेणीयों के 18 से 35 आयु वर्ग के हुनरबाज़ युवा नृत्यकारों के नृत्य की एक से बढ़कर एक ऊर्जामयी प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक भी झूम उठे। डेल्फिक गेम्स में शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में राधिका अरोड़ा तथा द्वितीय पुरस्कार संगीता सेन, कंटेम्प्रेरी डांस में प्रथम पुरस्कार सोनू नायक और दूसरा पुरस्कार हिमानी शर्मा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार लोक नृत्यों की श्रेणी में वैशाली सुरोलिया व ठ्ठुप विजेता रहे और दूसरा पुरस्कार रुनझुन घोष को दिया गया।

इस अवसर पर काउंसिल की अध्यक्षा वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं प्रमुख शासन सचिव सहकारिता विभाग श्रेया गुहा ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए बताया कि डेल्फीक काउंसिल कला के माध्यम से सभी को जोड़ने का प्रयास कर रही है व इसी के तहत क्षेत्रीय स्तर पर पहली बार इस तरीके की प्रतियोगिता का आयोजन डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न श्रेणीयों में प्रतिभागी विजेताओं को उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित किया।

■ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना अनीता हाड़िया थीं

इस दौरान उद्घोषक और कार्यक्रम संचालक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के चंद्रशेखर पारीक और सपना शाह ने राजस्थान की कला एवं संस्कृति से जुड़ी शानदार प्रश्नोत्तरी पूछ कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रश्नोत्तरी के दौरान सही उत्तर देने पर डेल्फिक काउंसिल के पदाधिकारी अशोक सिंह, सुरेश थॉमस, अजय मिश्रा, उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र ,पटियाला के निदेशक फुरकान खान व फिल्म अभिनेता और डायरेक्टर राहुल सूद द्वारा विजेताओं को आकर्षक पुरुस्कार दिए गए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में गुहा ने अतिथियों को दुशाला व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। काउंसिल की कोषाध्यक्ष एवं आरएएस अधिकारी क्षिप्रा शर्मा ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**खोया पाया**

मेरे मकान 13/716 प्रथम तल मालवीय नगर जयपुर का मूल डिक्लरेशन मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करें। दीपक कुमार-8114439644

मेरे मकान 20/11, मानसरोवर का नो ड्यूज, अदेय प्रमाण पत्र खो गया है मिलने पर सूचित करें। मो.9829018117

मेरा मकान नं.195/213 प्रताप नगर, सांगानेर का मूल अदेय प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें-अखिल शर्मा-7611818188

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2827 दिनांक-03.02.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 42/19/12 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 9.34 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती अन्सार फातमा पत्नी श्री मोइनुद्दीन उज्यानी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 780 दिनांक 28.10.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 08.02.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 9075 दिनांक 22.03.2007 के द्वारा श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.03.2008 को करवाया गया। इसके पश्चात् श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 15.03.2022 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती सुधा देवी अग्रवाल पत्नी स्व. श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती सुधा देवी अग्रवाल पत्नी स्व. श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2828 दिनांक-03.02.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 42/19/08 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 11.860 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री बसर मल पुत्र श्री लालू मल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 852 दिनांक 22.12.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 22.01.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 9077 दिनांक 22.03.2007 के द्वारा श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.03.2008 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 15.03.2022 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती सुधा देवी अग्रवाल पत्नी स्व. श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती सुधा देवी अग्रवाल पत्नी स्व. श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

# गोविन्दगढ़ पंचायत समिति सदस्य महेश यादव पर हुआ हमला

## सामोद कस्बे के बस स्टैंड पर हुई मारपीट का वीडियो हुआ वायरल



आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने थाने पर धरना दिया।

- जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने सामोद पुलिस थाने पर धरना दिया, आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की
- पुलिस ने कुछ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं उपखण्ड के गांव सामोद कस्बे के बस स्टैंड पर गोविन्दगढ़ पंचायत समिति सदस्य व राजस्थान पंचायतीराज के प्रवक्ता महेश यादव के साथ कुछ लोगों ने आपसी विवाद को लेकर मारपीट कर दी। मारपीट में महेश यादव को चोट आई है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ। वायरल वीडियो में कुछ लोग महेश यादव के साथ मारपीट करते नज़र आ रहे हैं। मारपीट की घटना के बाद बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के साथ सामोद पुलिस थाने में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

जानकारी के मुताबिक पंचायत समिति सदस्य किसी काम से सामोद बस स्टैंड आया था। इस दौरान कुछ लोगों ने वहां आकर महेश यादव के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होता देख लोग मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने बीच बचाव कर महेश को छुड़ाया। इसके बाद बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण पुलिस थाने में एकत्रित हो गए और घटना को लेकर विरोध दर्ज करवाया और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक रामलाल शर्मा, गोविन्दगढ़ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, चौमूं नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर विरोध कर रहे लोगों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पीड़ित महेश यादव ने सामोद निवासी बाबूलाल सैनी, रवि सैनी, दिनेश सैनी, सुनील सैनी, कालूराम सैनी, कमलेश सैनी के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने बाबूलाल सैनी, दिनेश सैनी, रवि सैनी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इधर मामले को लेकर राजस्थान पंचायतराज पंचायत समिति सदस्य यूनियन प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सुरपुरा ने पंचायत समिति सदस्य महेश यादव के साथ मारपीट की घटना की निंदा की और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, भाजपा नेता श्याम शर्मा, पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी, वार्डपंच रोहिताश मीणा, जितेन्द्र सिंह शेखावत, बल्लू सैनी, गोपाल गुर्जर, बाबूलाल किशोर कासोटिया, राजेन्द्र यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## पिंडवाडा-सिरोही राष्ट्रीय राजमार्ग जनापुर चौराहे पर हुआ हादसा

**पिंडवाडा,** (निसं)। सिरोही जिले में पिंडवाड़ा शहर के पास से गुजर रहे पिंडवाडा-सिरोही राष्ट्रीय राजमार्ग जनापुर चौराहे से आगे दो सौ मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क पर वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस को जानकारी मिलते ही पहुंची मौके पर टक्कर मारकर फरार हुए वाहन पकड़ने के लिए नाकाबंदी करवाई। दोनों शवों को एंबुलेंस की मदद से मोर्चरी में रखवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरोही जिले के रेवदर जाने वाले मार्ग पर अनादरा गांव के निकट सियागरा गांव के पास की कल्पतरु पत्थर की खान में काम करने वाले भारमल पुत्र छोटूराम जाट निवासी बांसडा किशनगढ अजमेर और उसके साथ कैलाश पुत्र कमजी मीणा निवासी जाकोल जिला डूंगरपुर दोनों जने बाइक पर सवार होकर से सियागरा गांव से उदयपुर की ओर से किसी वाहन से माइनिंग का सामान पार्सल आने वाला था। जिसको लेने के लिए पिंडवाडा आए थे। रात्रि 8 बजे करीब उदयपुर से आए पार्षद को लेकर वापस से मोटरसाइकिल पर सवार होकर सियागरा माइंस की ओर जाने के लिए निकले थे। जैसे ही राष्ट्रीय राज्यमार्ग के जनापुर चौराहे से सिरोही मार्ग की ओर निकले थे। चौराहे से कुछ ही दूरी पर पहुंचे ही थे कि अचानक पीछे से तेज गति से आए वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल को कुचल कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में भारमल की मौके पर ही मौत हो गई। वही कैलाश गंभीर घायल हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने दुर्घटना को देखकर अपने वाहन रोककर पुलिस थाने एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस को सूचना मिलते ही पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक जेठूसिंह करनोत, पुलिस थानाधिकारी चंपालाल बारड, हेड कांनिस्टेबल हरिदास वैष्णव मय जाप्ता घटनास्थल पर पहुंचे और फरार हुए वाहन को पकडने के लिए सिरोही कंट्रोल रूम नाकाबंदी के लिए सूचना दी। जिसके बाद घटना की जांच पडताल कर युवक के शिनाख्त की। जिस पर माइंस के मालिक राजेंद्र सिंह पुत्र मोहन राम जाति जाट घटना की सूचना देकर घायल को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस मौके पर बुलाई। दोनों को एंबुलेंस से राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉ विनोद यादव ने जांच कर घायल कैलाश को भी मृत घोषित किया। दोनों शवों को चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया शनिवार सुबह माइंस के मालिक राजेंद्र सिंह ने टक्कर मारकर फरार हुए अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# शादी में जा रहे बहन-भाई की हादसे में मौत

- ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी थी

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के राजाखेड़ा रोड पर दिहोली थाना इलाके में मरेना कस्बे और दिहोली थाने के बीच शनिवार शाम करीब 6 बजे एक ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बहन-भाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दिहोली थाना प्रभारी बीधाराम ने बताया कि मरैना कस्बे के राकेश लोधी का बेटा छोटू और बेटी लक्ष्मी मोटरसाइकिल से शादी समारोह में सहजपुर गांव जा रहे थे। जिन्हें रास्ते में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

दोनों बहन भाई की उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दिहोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की ओर से रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त बाइक पर कोई बच्चा भी सवार था। हालांकि इस बात की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

# शिक्षक को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया



मौके पर तूंगा थाना इंचार्ज समेत भारी संख्या में पुलिस जाब्ता पहुंचा और समझाइश की।

**बस्सी,** (निसं)। राजधानी के तूंगा थाना इलाके में दो लडकियों से टीचर द्वारा अश्लील हरकतें एवं छेड़छाड़ करने का मामला आया है। जानकारी मुताबिक तूंगा थाना इलाके के पालावाला जाटान गांव की सरकारी विद्यालय में पढने वाली कक्षा 10 एवं 12वीं की दो छात्राओं ने व्याख्याता मोहनलाल पर आरोप लगाया है कि वह कई दिनों से उन दोनों को अश्लील हरकतें करते हुए जबरन दोस्ती करने के लिए उकसा रहा था। लडकियों द्वारा मना करने पर एक बार तो टीचर की ओर से उन्हें गिफ्ट में फोन देने की भी बात सामने आई है। जब लड़कियों ने इस पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को बताई तो शनिवार सुबह ही परिजन लड़कियों के साथ स्कूल पहुंचे और वहां पर उन्होंने टीचर को हटाने की मांग करते हुये ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए। इतना ही नहीं गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल पर ताला जड दिया और अश्लील हरकतें करने वाले टीचर को स्कूल में प्रवेश देने पर भी रोक लगाते हुये मांग की कि जब तक मौके पर ही दोषी टीचर के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक वहीं पर धरने पर बैठे रहेंगे।

गुस्साए ग्रामीणों की ओर से टीचर की पिटाई करने एवं उसकी गाडी में तोडफोड करने का भी मामला सामने आया है। परिजनों एवं ग्रामीणों के बढते गुस्से को देख मौके पर तूंगा थाना इंचार्ज समेत भारी संख्या में पुलिस जाब्ता पहुंचा और वहां पर परिजनों से समझाइश की लेकिन ग्रामीण एवं परिजन टीचर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही पर अडे रहे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तूंगा सीबीईओ देवीशंकर भी पहुंचे जिसके बाद उन्होंने भी परिजनों एवं ग्रामीणों से समझाइश की लेकिन वे अपनी मांगों पर अडे रहे।

मामले को लेकर विद्यालय के संस्था प्रधान राम प्रसाद ने बताया कि उनके पास शुक्रवार तक ऐसी कोई जानकारी नहीं थी लेकिन शनिवार सुबह जब गेट पर कुछ महिलाएं प्रदर्शन करने लगी तो उनसे सारी घटना की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का कोई मामला है तो जांच करके दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। फिलहाल ग्रामीणों एवं परिजनों को शांत करने के लिए अश्लील हरकतें करने वाले टीचर को पुलिस तूंगा थाने ले गई थी और वहीं पर परिजनों की ओर से भी टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। मामले में निष्पक्ष जाँच करने के आश्वासन के बाद परिजनों ने मामला शांत किया।

# चार किलो डोडा-पोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनूपगढ,** (निसं)। घड़साना में दिनों दिन नशा बढ़ रहा है वहीं नशा बेचने वालों पर पुलिस के द्वारा लगाम भी कसी जा रही है। अवैध नशे की रोकथाम के लिए पुलिस के द्वारा ऑपरेशन हंटर चलाया जा रहा है। इसी ऑपरेशन के तहत घड़साना पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए। सखी रोड 4 एसटीआर एक घर से एक व्यक्ति को 4 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि आरोपी जैलदार सिंह (29) पुत्र प्रितम सिंह निवासी वार्ड नं.09, 4 एसटीआर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच रावला पुलिस को सुपुर्द कर दी हैं। थाना अधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि अभियान के तहत एसआई संपत राम अपनी टीम के साथ सखी रोड में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी जैलदार सिंह (29) के घर पर अवैध डोडा पोस्त रखी हुई है।

मुखबिर की सूचना के आधार पर एसआई संपत राम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तलाशी लेने पर मौके पर 4 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद हुई है। थाना अधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि आरोपी जैलदार सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया और डोडा पोस्त जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

# जियारत कर बरेली जा रहे पिता-पुत्र की दुर्घटना में मौत

- पत्नी व बेटी सहित पांच जने गंभीर रूप से घायल

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। जयपुर किशनगढ़ हाइवे मार्ग पर गत रात्रि को ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में हाजरी लगाकर अजमेर से बरेली यूपी जा रहे रहे कार में सवार पिता-पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही पत्नी व बेटी सहित पांच जने गंभीर रूप से घायल हो गये।

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर होकर कबाड़ में तब्दील हो गया। काफी मशकत के बाद मृतक व घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बांदरसिंदरी थाना पुलिस के अनुसार अर्द्ध रात्रि को जयपुर हाइवे मार्ग पर पलाडा होटल के पास ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर वैगनआर के टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार फरीदपुर, बरेली निवासी इदरीश हुसैन (40) व इसके पुत्र तालिब (15) की मौके पर मौत हो गई। वहीं इसकी पत्नी तब्बसुम (34), बेटी नदीमा, पुत्र अशद रजा, चालक राशिद (30) पुत्र रियाजुद्दीन के अलावा परिचित अदृश्य बेगम (68) चोटग्रस्त होकर घायल हो गये।

सभी घायलों को तत्काल स्थानीय राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# घर से लापता युवक की मिली लाश

- पुलिस का कहना है कि युवक की दीमागी हालत कमजोर थी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के गांधी सागर तालाब में घर से तीन दिन से लापता युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस का कहना है कि युवक की दीमागी हालत कमजोर थी। ऐसे में युवक ने खुदकुशी की हों इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। यह युवक पूर्व में भी खुदकुशी का प्रयास कर चुका है।

एमजीएच चौकी प्रभारी एएसआई अनवर हुसैन ने बताया कि शहर के गांधी सागर तालाब की ओर शनिवार सुबह शौच के लिए गये लोगों ने युवक की लाश तैरती देखी। देखते ही देखते वहां भीड़ जुट गई। लोगों ने युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लाश की पहचान ईदगाह के पास गुलनगरी में रहने वाले बिलाल उर्फ गोलू (25) पुत्र शौकत अली लौहार के रूप में कर ली गई। परिजन भी लाश की सूचना पर मौके पर पहुंच गये। चौकी प्रभारी ने परिजनों के हवाले से बताया कि बिलाल की दीमागी हालत ठीक नहीं थी। वह परसों रात को घर से निकला था जो लौटकर नहीं आया। इसके बाद से ही परिजन बिलाल की तलाश कर रहे थे।

चौकी प्रभारी ने बताया कि संभवतया बिलाल ने तालाब में कूद कर जान दी। वह पहले भी खुदकुशी का प्रयास कर चुका था। बिलाल अविवाहित बताया गया है। पुलिस ने शव का एमजी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौप मामले की जांच शुरू की है।

# बीकानेर-मदुरै ट्रेन प्रभावित रहेगी

**बीकानेर,** (निसं)। दक्षिण रेलवे की ओर से मदुरै-तिरूप्परंकुन्ड्रम-तिरूमंगलम रेलखंडों के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन इण्टरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य से रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ट्रेन नंबर 22631 मदुरै-बीकानेर 16 फरवरी को मदुरै के स्थान पर कुंडलनगर स्टेशन से बीकानेर के लिए प्रस्थान करेगी। ट्रेन मदुरै-कुंडलनगर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 22631 मदुरै-बीकानेर ट्रेन 23 फरवरी व दो मार्च को मदुरै के स्थान पर तिरूच्चिराप्पल्लि स्टेशन से बीकानेर के लिए रवाना होगी। ट्रेन मदुरै-तिरूच्चिराप्पल्लि स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर 22632 बीकानेर-मदुरै 19 व 26 फरवरी को बीकानेर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन तिरूच्चिराप्पल्लि स्टेशन तक संचालित होगी। यह गाड़ी तिरूच्चिराप्पल्लि-मदुरै स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 14707/14708 बीकानेर-दादर में बीकानेर से 12 से 28 फरवरी तक एवं दादर से 13 फरवरी से एक मार्च तक के लिए एक द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की है।

# करोड़ों का व्यवसाय छोड़कर दम्पति ने चुनी सन्यास की राह

- पाली का दम्पति सब कुछ छोड़ मुम्बई में दीक्षा लेकर वैराग्य पथ पर अग्रसर होगा
- सालाना 10 करोड़ का टर्नओवर, आलिशान जिदंगी छोड़ पाली का दम्पति अगले महीने लेंगे दीक्षा

**पाली,** (निसं)। एक व्यक्ति को अपने जीवन में क्या चाहिए एक अदद परिवार और संसारिक जीवन जीने के लिए अच्छा खासा बैंक बैलेंस। जिसके पास यह सब हो उसे किस्मत वाला माना जाता है। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनका लगाव इन सब सांसारिक चीजों से खत्म हो जाता है। सब कुछ छोड़ वे त्याग और अध्यात्म की राह पर चलना पसंद करते है। पाली के ऐसे ही दम्पति हैं, जो हंसता-खेलता परिवार, सुख-सुविधा सबकुछ छोड़ 3 मार्च को मुम्बई में दीक्षा लेकर वैराग्य पथ अग्रसर होगा।

पाली के टैगार नगर निवासी दिलीप-ललिता मेहता जो 3 मार्च को दीक्षा लेंगे। पाली के टैगोर नगर में रहने वाले 60 साल के दिलीप मेहता की। जो पेशे से टेक्सटाइल व्यवसायी है। अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने पिछले कुछ सालों में वे अच्छा खासा टेक्सटाइल बिजनेस खड़ा किया। जिसका सालाना टर्न ओवर 10 करोड़ से ज्यादा है। दो बेटे है एक अभिषेक जिसने सीए की पढ़ाई की दूसरा राहुल जिसने बीकॉम तक की पढ़ाई की। दोनों की शादी अच्छे परिवार में करवा दी। दिलीप मेहता के तीन पौते पोतियां है और 90 साल की मां कमलादेवी अभी जिंदा है। फिर भी संसार और परिवार के सारे सुख-सुविधा छोड़ वे अपनी पत्नी ललित मेहता के साथ 3 मार्च को मुम्बई के निकट मानस मंडी शाहपुर (भीवमंडी) में जैन संतों के सान्निध्य में दीक्षा लेंगे।

दिलीप मेहता ने बताया कि करीब 20 साल पहले पाली के गुजराती कटला में जैन संत गुणरत्न सुरीश्वर के प्रवचन सूनने गए। जब तक वे पाली रहे रोजाना उनके प्रवचन सुनने जाता था। इसका उन पर इतना प्रभाव पड़ा कि उन्हें लगा कि यह संसार तो सिर्फ दिखावा है। मोक्ष प्राप्ति के लिए वैराग्य पथ से बेहतर कुछ नहीं। लेकिन बच्चे छोटे थे ऐसे में उस समय दीक्षा नहीं ली। अब बच्चे उनका व्यापार संभाल रहे है। इसलिए दीक्षा लेने रहे है।

मुमुक्षु दिलीप मेहता ने करीब छह साल अपने अपने मन की बात पत्नी ललिता को बताई। इस पर उन्होंने कहा कि आप संसारिक जीवन छोड़कर वैराग्य के पथ पर अग्रसर हो रहे हो तो वे इस संसार में उनके बिना अकेली नहीं रहना चाहती। ऐसे में दोनों पति-पत्नी से एक-दूसरे की सहमति से साथ में दीक्षा लेने का मन बताया।

# दुकानों से लाखों का सामान चोरी

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं उपखण्ड के गांव में लगातार चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए पुलिस की पकड़ से दूर है। चोरों ने ग्राम निवाणा के तिगरीया मौड पर बीती रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों को अपना निशाना बनाकर दुकानों से लाखों रुपए का सामान चोरी कर मौके से फरार हो गये। जानकारी के अनुसार दोनों ही दुकानें सेनेटरी हार्डवेयर की बताई जा रही है। बालाजी सेनेटरी व अनमोल एंटरप्राइजेज के मालिक मुकेश कुमार कुमावत व कमलेश यादव ने बताया कि दुकान के पड़ोसी ने फोन कर बताया कि आपके दुकान का ताला टूटा हुआ पड़ा है जब मौके पर दुकान पहुंचा तो उसने अंदर जाकर देखा तो सामान नदारद मिला।

दोनों दुकानों में बिजली के वायर के लगभग 80 बंडल, 10 पंखे, 4 मोटर, सहीत इलेक्ट्रिक सामान गायब मिला। वहीं दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चोरों ने निशाना बनाते हुए सीसीटीवी कैमरे की मशीन को भी साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर गोविन्दगढ़ थानाधिकारी धर्म सिंह मय पुलिस जाब्ता घटना स्थल पर पहुंचे। साथ ही खेजरोली चौकी प्रभारी प्रहलाद बाजिया भी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना किया और जल्द ही चोरों का पता लगाने की बात कही। वहीं दोनों दुकानदारों ने गोविन्दगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थान बदलाव चाहता है, तीसरा विकल्प चाहता है: हनुमान बेनीवाल

## रा.लो.पा. सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस और भाजपा पर जमकर हमला बोला



रा.लो.पा. सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया को सम्बोधित किया।

- 'रालोपा आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में इन दोनों को पूरी तरह टक्कर देगी'

**जोधपुर,** (कासं)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनिवाल ने आज कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर विरोध जताते हुए कहा कि राजस्थान अब बदलाव चाहता है। राजस्थान तीसरा विकल्प चाहता है। इसके लिए रालोपा तीसरे विकल्प के रूप में उभर कर सामने आई है। रालोपा आज हर युवा के दिलों दिमाग पर छाई हुई है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूरी तरह वेंटिलेटर पर है। हनुमान बेनिवाल आज जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

रालोपा सुप्रीमो बेनिवाल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस और बीजेपी के खिलाफ आज जनता में रोष है। जनता तीसरे विकल्प के रूप में रालोपा को आगे ला रही है। रालोपा आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में इन दोनों को पूरी तरह टक्कर देगी। विधानसभा चुनाव के लिए रालोपा 150 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। आज राजस्थान के इस कांग्रेस शासन में तबादला उद्योग पनपा हुआ है। लोग इससे परेशान हो चुके है। बजट पर बेनिवाल ने कहा कि घोषणाएं तो होती रहती है, मगर क्रियांवति कितनी होती है ,यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा। गरीबों की हितों की बात बजट में ना हो तो कोई फायदा नहीं है। कांग्रेस और बीजेपी सदैव ही पार्टियों को तोड़ने का काम करते आए है। बेनिवाल पत्रकारों द्वारा पूछ गए सवालों पर कहा कि भ्रष्टाचार आज चरम पर है। पेपर लीक होना आम हो गया है। बीजेपी के शासन में भी पेपर लीक होते थे। कांग्रेस बीजेपी दोनों ही पार्टियों के नेता आपस में मिले हुए है।

रालोपा सुप्रीमो बेनिवाल ने मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र सरकार को भी घेरा और कहा कि वहां पर सांसदों की हालत बड़ी खराब है। सांसद दबाव में रहते है। बीजेपी का सांसद है तो काम हो जाते है बाकी सांसदों की कोई सुनवाई नहीं है। सांसदों को दिए जाने वाले कई कोटों को केंद्र सरकार खत्म कर चुकी है। फंड को सांसद कोटे में मिला दिया गया है।

बेनिवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सलाह देते हुए कहा कि वे बजरी की रेट कम करें, ताकि बजरी माफियाओं का आतंक खत्म हो। हाइवे पर टोल को भी फ्री करें ताकि आमजन को राहत मिल सकें। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान सरकार वेंटिलेटर पर है। आगामी चुनावों में जनता उन्हें सबक सिखाकर रहेगी।

# पति ने एक लाख रुपये में बदमाशों को दी थी पत्नी के मर्डर की सुपारी

## सांगानेर पुलिस ने आरोपी पति समेत तीन बदमाशों को दबोचा, हथियार व कार बरामद

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सांगानेर इलाके में एक युवक ने खुद की पत्नी का अपहरण करवाकर हत्या की साजिश रच डाली। उसने दो बदमाशों को एक लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी। फिर पत्नी को करौली कैलादेवी मंदिर घुमाने की बात कहकर गाड़ी में बैठाया और रास्ते में उतर गया। साजिश के मुताबिक दोनों बदमाश महिला व कार लेकर फरार हुए, लेकिन रास्ते में पुलिस को देखकर भाग छूटे तो पूरा मामला उजागर हो गया। सांगानेर सदर पुलिस ने 24 घंटे में वारदात का पर्दाफाश करते हुए आरोपी पति सांवरमल जाट और उसके दो साथियों खुशीराम जाट व रामलाल भील को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी राजीव पचार ने बताया कि आरोपी सांवरमल ने वर्ष 2020 में उमा चौधरी के साथ कोर्ट मैरिज की थी। इन दिनों दोनों के बीच अनबन थी, सांवरमल दूसरी शादी करना चाहता था, इसलिए उसने अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रच डाली। उसने अपने परिचित खुशीराम जाट व रामलाल भील को एक लाख रूपये में पत्नी के मर्डर की सुपारी दी। सरसों बेचकर 1 लाख रुपये देने की बात तय हुई। सांवरमल ने ही आरोपियों को कार उपलब्ध कराई, उन्होंने उमा की हत्या के बाद लाश सवाईमाधोपुर की बनास नदी में फेकने की योजना बनायी थी, लेकिन पुलिस ने इनकी प्लानिंग फेल कर दी।



सांगानेर पुलिस ने विवाहिता की हत्या की साजिश रचने वाले पति और उसके दो साथियों को शनिवार को गिरफ्तार किया।

- आरोपी ने दूसरी शादी करने के लिए रची थी पत्नी की हत्या साजिश
- जयपुर-कैलादेवी रोड पर महिला की हत्या करने के बाद शव बनास नदी में फेंकने की योजना थी

डीसीपी ने बताया कि 10 फरवरी को पीड़िता उमा चौधरी निवासी गायत्री नगर सांगानेर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि उसने फरवरी-2020 में टोंक के पालड़ी गांव निवासी सांवरमल जाट से कोर्ट मैरिज की थी। गत 9 फरवरी को शाम 7 बजे पति सांवरमल ने कहा कि कैलादेवी चलेंगे, थोड़ी देर बाद दोनों टवेरा कार से रवाना हो गए। प्रताप नगर के कुंभा मार्ग पर पहुंचने के बाद कहा कि मेरे 4-5 दोस्त भी अपने साथ चलेंगे। इस पर उमा पीछे की सीट पर बैठ गई। थोड़ी देर बाद एक युवक आया और उसका हाथ पकड़ने लगा। चिल्लाने पर उसने हाथ छोड़ दिया। थोड़ी देर बाद पति सांवरमल गुटखा लेने के बहाने कार से नीचे उतरा, तभी कार सवार खुशीराम व रामलाल ने प्लानिंग के तहत महिला के गले पर चाकू लगाया और कार दौड़ा दी। दोनों बदमाशों ने रास्ते में महिला से अश्लील हरकतें की और कहा कि तेरे पति ने जान से मारने की सुपारी दी है। यह कहा है कि सरसों बेचकर 1 लाख रुपये दे दूंगा। बदमाशों ने महिला के हाथ-पैर बांधकर गाड़ी में पटक दिया और कार दौड़ाने लगे। रास्ते में बार-बास किसी महिला से भी बार-बार बात कर रहा था। रास्ते में पुलिस की नाकाबंदी देखकर आरोपी खुशीराम कार छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने शक होने पर गाड़ी की तलाशी ली और उमा के हाथ-पैरों की रस्सी खोलकर उसे थाने लेकर पहुंची। जहां पीड़िता ने आपबीती बताई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

इसी बीच सांगानेर थानाधिकारी महेन्द्र सिंह को सूचना मिली कि अपहर्ता सवाईमाधोपुर में छिपे हुए है। इस पर टीम ने सवाईमाधोपुर पहुंचकर आरोपियों को दबोच लिया।

# कॉल गर्ल के साथ अश्लील वीडियो बनाकर युवक से 5 लाख रुपये ऐंठे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मुहाना इलाके में युवक को हनी ट्रेप में फंसाने की धमकी देकर अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी रिश्तेदार ने ही कॉल गर्ल बुलाकर युवक का अश्लील वीडियो बनाया और उसे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। रिश्तेदार ने 5 लाख रुपए वसूलने के बाद दुबारा ब्लैकमेल कर रुपए मांगकर परेशान किया तो पीड़ित ने मुहाना थाने में रिश्तेदार समेत दो जनों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

- पीड़ित ने मुहाना थाने में दो लोगों के खिलाफ हनीट्रैप का मामला दर्ज कराया
- आरोपी ने राजीनामे के नाम पर दुबारा रकम मांगी तो पीड़ित थाने पहुंचा

पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि जून 2018 में वह अपने घर पर था। इस दौरान आरोपी रिश्तेदार उसके घर आया। खुद के मैरिज गार्डन में रिश्तेदारी का प्रोग्राम होने की बात कहकर साथ चलने को कहा। आरोपी के मैरिज गार्डन में पहुंचने पर वहां कोई प्रोग्राम नहीं था। मैरिज गार्डन में बने ऑफिस में आरोपी रिश्तेदार का दोस्त और एक लड़की बैठे थे। दोनों ने लड़की के बारे में बताया कि ये कॉल गर्ल है, हमने इसको बुलाया है। जबरन कॉल गर्ल के साथ रिलेशन बनाने का दबाव डाला। कॉल गर्ल के साथ उसका न्यूड वीडियो आरोपी रिश्तेदार ने अपने मोबाइल में बना लिया। आरोप है कि घर लौटने के बाद दोनों आरोपियों ने उसके पिता को कॉल किया। कॉल कर बताया कि तेरे बेटे ने एक लड़की के साथ गलत काम किया है। उसके फोटो-वीडियो हमारे पास है। पांच लाख रुपए और तेरे बेटे को लेकर गार्डन पर आ जा। हम उसी लड़की से इसका राजीनामा करवा देंगे, नहीं तो वह लड़की इसको रेप केस में फंसा देगी। ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए ऐंठने के साथ राजीनामे के नाम पर कुछ स्टाम्प और पेपर पर साइन करवा लिए। लड़की से राजीनामा करवाकर डॉक्यूमेंट देने की कहा। कई बार तकाजा करने के बाद भी डॉक्यूमेंट नहीं दिए। अब दोबारा अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे। ब्लैकमेल कर दोबारा रुपयों की मांग करने से परेशान होकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## 'गोविंददेवजी मंदिर में प्रसाद काउंटर शुरू हो'

**जयपुर** (कासं)। शहर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में सशुल्क लड्डू प्रसाद काउंटर शुरू कराने को लेकर मुहिम शुरू हो गई है। लोगों का समर्थन जुटाने के लिए कुछ भक्तों की ओर से इसके लिए सोशल मीडिया पर अभियान छेड़ रखा है, अब मंदिर के बाहर हस्ताक्षर अभियान चलाकर भक्तों का समर्थन जुटाया जाएगा।

ज्ञात रहे कि गोविंददेवजी मंदिर में कोविड के बाद से सशुल्क लड्डू प्रसाद काउंटर बंद है। लड्डू प्रसाद फिर से शुरू करवाने को लेकर गोविंददेवजी भक्तगणों की ओर से मंदिर में रविवार को सशुल्क लड्डू प्रसाद काउंटर शुरू कराने व द्वार पर गंगाजल वितरण के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। रविवार को सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले अभियान में हस्ताक्षर करने और हस्ताक्षर करवाने में सहयोग करने के लिए अपील की जा रही है। इसके लिए सोशल मीडिया पर गोविंददेवजी भक्तगण नाम से ग्रुप बना कर प्रचार-प्रसार कर लोगों को जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है। जन जागरण अभियान चलाने वाले भक्तों का कहना है कि केंद्र सरकार ने सभी मंदिरों में लाइसेंस की व्यवस्था को लागू किया है। इसके तहत विशिष्ट गुणवत्ता, स्वाद, शुद्धता, हाइजीन आदि मानकों पर खरा उतरने के बाद फूड सेफ्टी ऐंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ( एफएसएसएआई ) की ओर से यह सर्टिफिकेट दिया जाता है। भारतवर्ष के सभी मंदिरों ने इस व्यवस्था को मानते हुए प्रसाद वितरण प्रारंभ कर दिया है लेकिन गोविंददेव जी में लड्डू प्रसाद वितरण शुरू नहीं किया।

## सार-समाचार

### सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग की ट्रॉफी जारी



**जयपुर** (कासं)। मुंबई के होटल ग्रैंड हयात में सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सी.सी.एल.) सीजन-9 के लोकार्पण में देशभर के फिल्मी सितारों के बीच ट्रॉफी का विमोचन हुआ। सेलिब्रिटी सोहेल खान, सुनील शेट्टी, बोनी कपूर, मनोज तिवारी, जीशु सेनगुप्ता, सुधीर बाबू, नवराज हंस, निरहुआ ट्रॉफी के साथ स्टेज पर नजर आए। उल्लेखनीय है कि सीसीएल 20-20 लीग के 8 मैच राजस्थान में फरवरी-मार्च महीने में खेले जाएंगे। एच एंड के इन्नोवेशंस प्रा. लि. को बंगाल टाइगर्स और मुंबई हिरोज़ की तरफ से राजस्थान के मैचों का आयोजक नियुक्त किया गया है, जिसके डायरेक्टर रंजीत वर्मा है।

### शेल्टर होम में कंबल वितरित



**जयपुर** (कासं)। दुर्गापुरा में महारानी फार्म स्थित अस्थाई शेल्टर होम में रात को विश्राम करने वाले असहाय लोगों को भूमिका फाउंडेशन संस्था जयपुर की ओर कंबल व मिठाई वितरित किए गए। स्वायत्त शासन विभाग के परियोजना निदेशक भँवरलाल बैरवा, अतिरिक्त निजी सचिव विमलेश कुमार शर्मा और अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रतन कुमार शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। परियोजना निदेशक भंवरलाल बैरवा ने संस्था की ओर से किये जा रहे तमाम सामाजिक कार्यों की जानकारी ली और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था सचिव रजनी मीरवाल ने सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

### रोटरी क्लब करेगा तुर्की की मदद

**जयपुर** (कासं)। हाल ही में तुर्की में आए भूकंप से हुई जानमाल के नुकसान के मद्देनजर रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के अध्यक्ष अरुण बगड़िया ने मानव धर्म निभाते हुए वहां के नागरिकों को मदद भेजने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने एक मुहिम के तहत क्लब एवं अन्य सहयोगियों से यथासंभव मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाने का आग्रह किया है । रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के सदस्यों ने आगे बढ़कर आर्थिक मदद से तुर्की के लोगों के लिए जरूरी सामान व संसाधन इकट्ठे करके वहां के राजदूत को दिल्ली पहुंचाने की योजना बनाई है। अरुण बगड़िया ने ना सिर्फ रोटरी वरन अन्य संस्थाओं से आगे से आगे बढ़कर भूकंप ग्रस्त देशों के मदद के लिए सहयोग करने का आग्रह किया है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए क्लब की फर्स्ट लेडी पूनम बगड़िया, सचिव डॉ. रोहन गुप्ता वरिष्ठ सदस्य रवि कामरा, सीए राकेश गुप्ता एवं संजय कौशिक की एक कमेटी गठित की है। जिससे इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर जल्द ही ये कार्य पूर्ण किया जा सके। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉक्टर बलवंत सिंह चिराना ने अरूण बगड़िया व रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के इन प्रयासों को सराहा और अन्य क्लबों द्वारा इस पुनीत कार्य में सहयोग की अपील की।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 29 अप्रैल को

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मलीन परम पूज्य ब्रह्म पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 नारायण दास महाराज, त्रिवेणीधाम एवं डाकोरजी (गुजरात) की प्रेरणा आर्शीवाद से प्रारंभ हुए इस आयोजन में इनके परम शिष्य खोजी श्री द्वाराचार्य श्री सैमरिछपाल दासजी महाराज के सानिध्य में 29 अप्रैल को सर्व जातीय 12 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आदर्श विद्या मंदिर, अंबाबाडी जयपुर में आयोजित किया जायेगा। समिति के कोषाध्यक्ष हरिकृष्ण गोयल ने बताया कि सम्मेलन में सभी जातीय समाज के जोडों का पंजीयन किया जा रहा है जिसमें युवती की आयु 18 साल एवं युवक की आयु 21 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। पंजीकरण फार्म सेवा समिति के कार्यालय 'सेवा सदन' विरासत होटल के सामने वाली गली, सहकार लेन, सहकार मार्ग जयपुर से प्राप्त कर 11 अप्रैल तक जमा करवाये जा सकते हैं। समिति के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल द्वारा आम जनता से अधिक से अधिक जोडों का पंजीयन करवाने हेतु निवेदन किया गया है। इस वर्ष 51 जोडों का लक्ष्य रखा गया है। समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती सुमनलता बंसल ने बताया कि इस वर्ष विवाह सम्मेलन में भोजन वितरण, दुल्हनों की सज्जा एवं फेरों की व्यवस्थाएं महिलाओं द्वारा की जायेगी। समिति द्वारा गत वर्षों से पूरे राजस्थान में 29 स्थानों पर 2107 जोडों का सामूहिक विवाह करवाया गया है। जिनसे निरन्तर संपर्क रहता है।

### जलदायकर्मियों ने किया मंत्री का स्वागत

**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत के नेतृत्व में सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने शनिवार को मंत्री डॉ. महेश जोशी का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। इस मौके राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष व श्रम राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली, यूनियन के संरक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा, घासीलाल शर्मा, ताराचंद सैनी, मोहनलाल वर्मा समेत सैकड़ों पदाधिकारियों ने मंत्री निवास एकत्रित होकर जलदाय विभाग के सैकड़ों वर्कचार्ज कर्मचारियों के पद सृजित की घोषणा होने पर खुशी जताई। संजय सिंह ने कहा कि इंटक संगठन बीते लम्बे समय से जलदायकर्मियों को नियमित करने की मांग उठा रहा था, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में इसकी घोषणा कर राहत दी है।

## संक्षिप्त

### महेशनगर में खेली फूलों की होली

**जयपुर** । श्री श्याम फागोत्सव एवं चंग-धमाल का कार्यक्रम रविवार, 12 फरवरी को टोंक रोड महेशनगर में अयप्पा मंदिर के पास गणेश पथ पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक हुकुमचंद अग्रवाल ने बताया कि रामगंज बाजार कांवटियो का खुर्रा स्थित प्राचीन श्याम मंदिर के महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में दोपहर सवा दो से शाम पांच बजे तक आयोजित फागोत्सव में फूलों की होली और धमाल आकर्षण का केन्द्र रहेगी। वहीं श्री श्याम सहारा परिवार की ध्वज यात्रा रविवार, 12 फरवरी को रींगस से सुबह साढ़े दस बजे खाटू श्याम मंदिर के लिए रवाना होगी। श्रद्धालु सीकर रोड ढेहर के बालाजी मंदिर और रोड नंबर एक सीकर रोड से बसों से रींगस के लिए रवाना होंगे।

### सांगानेर में 11 स्थानों पर होगा हवन

**जयपुर** (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से चलाई जा रही गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ श्रृंखला में रविवार 12 फरवरी को सांगानेर क्षेत्र में एक ही समय 11 स्थानों पर यज्ञ करवाकर विचार क्रांति का बीजारोपण किया जाएगा। आयोजन से जुड़े वी.के.गुप्ता ने बताया कि न्यू सांगानेर रोड, कुशल नगर, रीको पुलिया, सांगानेर में होने वाले यज्ञ से पूर्व प्रभातफेरी निकाली जाएगी। गायत्री परिवार जयपुर के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण यज्ञ के जीवन दर्शन के माध्यम से संभव है। यज्ञ एक कर्मकांड मात्र नहीं है। यह एक वैज्ञानिक प्रयोग है। इसके माध्यम से व्यक्ति की सर्वांगीण प्रगति संभव है।

### भजनों से प्रेमभाया को रिझाया

**जयपुर** । श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से विभिन्न मंदिरों में मनाए जाने वाले फागोत्सव का शनिवार को श्रीगणेश हुआ। पहला कार्यक्रम चांदपोल बाजार के जयलाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में हुआ। समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि फागोत्सव में भक्त शिरोमणि युगल सरकार द्वारा रचित प्रसिद्ध ढूंढाडी फाग रचनाओं से श्री प्रेमभाया सरकार को रिझाया। फाल्गुनी रचनाओं पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। यह जानकारी समिति के मंत्री योगेश भटनागर ने दी।

### मुरलीपुरा में श्याम भजनामृत बरसा

**जयपुर** (कासं)। श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से 11 फरवरी को केडिया पैलेस रोड मुरलीपुरा की थीम कॉलोनी में रात्रि आठ से 11 बजे तक श्री श्याम भजनामृत सत्संग के साथ फागोत्सव मनाया गया। श्याम प्रभु का दरबार सजाकर फाल्गुनी भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। शंकर झालानी, शंकरलाल नाटाणी, राजू महरवाल सहित अनेक भजन गायकों ने बाबा के दरबार में हाजिरी दी।

# 77 किलो गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

## बस संचालन की आड़ में पश्चिमी बंगाल से गांजा लाते थे बदमाश

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर की पुलिस ने 77 किलो अवैध गांजे के साथ 4 अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बस संचालन की आड़ में पश्चिमी बंगाल से गांजा लाकर राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई करते थे। शास्त्री नगर थाना पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने पश्चिम बंगाल से अवैध मादक पदार्थ (गांजा) लाकर जयपुर में सप्लाई करना स्वीकार किया है। पुलिस पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई गई है।

डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया कि ड्रग्स तस्कर अमित कुमार सील (34) पुत्र निखिल सील निवासी फालाकाटा अलीपुरद्वार पश्चिम बंगाल, संजीव बर्मन (29) पुत्र जितीन बर्मन निवासी कूचबिहार पश्चिम बंगाल हाल सूरज नगर सिविल लाइन सोडाला, दिनेश यादव (50) पुत्र रामस्वरूप यादव निवासी पशुपतिनाथ कॉलोनी भट्टाबस्ती और राजू राज (23) निवासी कूचबिहार पश्चिम बंगाल हाल गोविन्दम टॉवर लालकोठी बजाज नगर को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को शास्त्री नगर पुलिस ने चांदमारी बट वन विभाग की चौकी के पास दबिश देकर अमित कुमार सील, संजीव बर्मन व दिनेश यादव को पकड़ा था। पुलिस ने उस समय आरोपियों के कब्जे से 28 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया था। पूछताछ में उनके चौथे साथी राजू राय के बारे में पता चला। बजाज नगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर लालकोठी टोंक रोड स्थित गोविन्दम टॉवर के फ्लैट में दबिश दी। पुलिस ने अंतरराज्यीय तस्कर राजू राय को अरेस्ट किया। जिसके कब्जे से मिले 48 किलो 460 ग्राम गांजा जब्त किया गया। अंतर्राज्जीय चारों तस्करों के कब्जे से कुल 77 किलो 360 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह पश्चिम बंगाल से गांजा तस्करी कर लेकर आते थे। गांजा तस्करी बस संचालक की आड़ में करते थे। तस्करी कर लाए गांजे को जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई कर मोटा मुनाफा कमाते थे।



गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर अमित सील, संजीव बर्मन, दिनेश यादव और राजू राज

## हॉस्टल में छठवीं कक्षा के छात्र से कुकर्म

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुरा खोर इलाके में छठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र से कुकर्म करने का मामला सामने आया है। हॉस्टल में साथ रहने वाले दोस्त ने ही चाकू की नोंक पर नाबालिग से दरिंदगी की। खर्च के लिए भेजे गए 20 हजार रुपए भी धमकी देकर उससे वसूल लिए गए। जयसिंहपुरा खोर थाने में पीड़ित बच्चे के पिता ने मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि हरियाणा निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनका नाबालिग बेटा जयसिंहपुरा खोर इलाके में स्थित स्कूल में छठीं क्लास में पढ़ता है। वह पढ़ने के लिए पास ही एक हॉस्टल में रहता है। जहां 1 फरवरी को नाबालिग बेटे ने पिता को कॉल किया। बातचीत के दौरान परेशान लगने पर पिता ने दबाव बनाकर नाबालिग बेटे से पूछा तो उसने बताया कि पिछले 2-3 महीने से हॉस्टल में साथ रहने वाला दोस्त उसे परेशान करता है। खर्च और फीस के लिए भेजे गए पैसे भी धमका कर ले लेता है। धमकी देकर भाई, रिश्तेदारों से कॉल करवा कर पैसे मंगवाकर खुद ले लेता है। आरोप है कि चाकू की नोंक पर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ कुकर्म करता है। हॉस्टल में दोस्त के नाबालिग बेटे से गलत काम करने का पता चलने पर पिता दंग रह गए। पीड़ित बच्चे ने पिता को बताया कि आरोपी दोस्त ने अब तक उससे करीब 20 हजार रुपए वसूल लिए है। नाबालिग बेटे से दरिंदगी का पता चलने पर पिता ने जयपुर आकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## पानीपेच गुरुद्वारा में गुरमत समागम शुरू

**जयपुर** (कासं)। गुरूद्वारा श्री गुरू नानक सत्संग सभा की ओर से पानीपेच के नेहरू नगर स्थित गुरूद्वारा में दो दिवसीय तीसरा महान गुरमत समागम शनिवार को शुरू हुआ। सुबह नितनेम और आशादीवार के बाद समागम का शुभारंभ हुआ। भाई चमनजीत सिंह, दिल्ली एवं श्री दरबार साहिब के हजुरी रागी जत्थे भाई सतिन्दरबीर सिंह, भाई औंकार सिंह, भाई कुलविन्दर सिंह, भाई महावीर सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया।दिनभर गुरू का अटूट लंगर बरताया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसादी ग्रहण की। गुरूद्वारे के प्रधान सरदार हरचरण सिंह ने बताया कि दूसरे दिन 12 फरवरी को सुबह 11 बजे अमृतसर से आने वाले पंज प्यारों द्वारा अमृत संचार करवाया जाएगा।

## दुकान में छिपे चोर ने गल्ले से 7 लाख रुपये चुराए

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के नाहरगढ़ रोड इलाके में किराना दुकान में छिपा चोर गल्ले में रखे 7 लाख रुपए चोरी कर ले गया। चोरी का यह मामला अनोखा इसलिए है, क्योंकि चोर ने न तो शटर तोड़ा और न ही गल्ला। दुकानदार ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पूरी वारदात सामने आई। पुलिस ने बताया कि कंवर नगर छोटी चौपड़ निवासी सुरेन्द्र चंगुलानी ने मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित ने बताया कि छोटी चौपड़ स्थित गणगौरी बाजार में उनकी शिव ट्रेडिंग कंपनी के नाम से किराना होल सेल का व्यापार है। गत 8 फरवरी की रात को वह दुकान मंगल करके घर गया था, अगले दिन सुबह दुकान का शटर खोल कर अंदर गए, तभी 5-7 कस्टमर आ गए। इस दौरान पहले से शॉप में छिपा व्यक्ति निकल कर भाग निकला। शक होने पर बिजनेसमैन सुरेन्द्र ने शॉप का गल्ला चैक किया तो उसे 7 लाख रुपए गायब मिले। इस पर उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो चोर की करतूत कैद मिली। पीड़ित की शिकायत पर नाहरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बिजनेसमैन की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया। दुकान में पूरी रात बंद रहे चोर ने दुकान मे मौज मारी। रातभर काजू-बादाम जैसे महंगे खाद्य पदार्थों की पार्टी की।

# आक्रोशित मंत्रालयिक कर्मचारियों ने बजट की प्रतियों की होली जलाई

## संघर्ष समिति ने जल्द ही आम हड़ताल की घोषणा करने का ऐलान किया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति की आपात बैठक शनिवार शाम 4 बजे जलदाय भवन परिसर में हुई। जहां मंत्रालयिक कर्मचारियों ने राज्य सरकार पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। आक्रोशित कर्मचारियों ने बजट की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। प्रदेश में जल्द ही आम हड़ताल की घोषणा करने का ऐलान भी किया। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने दी है।

देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों की संघर्ष समिति ने सभी संघ-महासंघों को साथ आकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का आव्हान किया है, ताकि मंत्रालयिक संवर्ग के मान-सम्मान की बहाली हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राजस्थान का वर्ष 2023-24 का जो बजट पेश किया है, उसमें मंत्रालयिक कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को भी नजरअंदाज कर दिया। हमारी प्रमुख मांग, सचिवालय के समान वेतनमान, कनिष्ठ सहायक को शुरूआती वेतन 25500 देने, एसीपी 8,16,24,32 में देने, चिकित्सालय व विद्यालयों में मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए 5 दिन का सप्ताह करने तथा गृह जिला समायोजन की थी। इन तमाम मांगों की राज्य सरकार ने घोर उपेक्षा की, इसके चलते राजस्थान का प्रत्येक कर्मचारी उद्वेलित है।



मंत्रालयिक कर्मचारियों ने शनिवार को जल भवन पर बजट की प्रतियां जलाई।

संघर्ष समिति ने बैठक के पश्चात कार्मिक कल्याण वाली बजट की प्रतियां जलाकर विरोध जताया है। बैठक में गजेंद्र सिंह राठौड़, राजेश पारीक, महेंद्र सिंह घायल, सूरज प्रकाश टांक, शंभू सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह नरूका, शेर सिंह यादव, छोटे लाल मीणा, बलराम गुर्जर, कृष्णेंदु चटर्जी, प्रकाश यादव, राहुल यादव, महेश शर्मा और राजेंद्र राजोरिया समेत कई कर्मचारी नेता मौजूद थे।



## Jericho, Palestine


Many archaeologists and historians agree that Jericho is the oldest inhabited city on Earth, dating back almost 12,000 years. Excavations at the Tel-al-Sultan ruins show Jericho settlements as early as 10,000 BCE. It has an abundance of water sources, and it is believed that the fresh spring water at Tel-al-Sultan is the reason for the site's early development. Its original name, Yereha (perfume), signified its lushness and is preserved in its present Arabic name, Ariha.






# Pyare Miyan, In spirit and deed (...3)

CM Barkatullah Khan



During the evening meal, as I disinterestedly pecked at the food, Dhondiyal got busy polishing his own as well as my notional share; and followed it up with a flippant dig at me. Catching the CM's attention he said, "Sir, different people react to situations differently", which was not by any means a profound ob servation. But then he became more specific. "Shekhar, for instance, when tense, goes off food. I, on the other hand, tend to overeat to subdue anxiety". Barkatullah Khan laughed, and critically eyeing Dhondiyal's generous girth and my thin frame, quipped, "I can see that. Come to think of it, I too love a peculiar response to tension. I just go to sleep: and on occasion, feel like never getting up".




Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*


## #RAJENDRA SHEKHAR

Rajendra Shekhar before venturing into writing books, chose Facebook to express himself. As he himself used to say" In writing my posts on Facebook I have largely relied on my memory; and with this in view, I have 'culled' out many of my episodes from my books.

Rajendra Shekhar relied on Gore Vidal, the famous novelist who said "A memoir is how one remembers one's own life" and Shekhar relied on Vidal's pertinent comment so as to cater to the need of making them attractively readable. His book "Memories Are Made Up of This" has in all 59 episodes and there is one chapter devoted to the late Chief Minister Barkatullah Khan under the name Pyare Miyan. Barkatullah Khan (25 October 1920 - 11 October 1973) was the Chief Minister of Rajasthan from 9 July 1971 to 11 October 1973, when he died in office.

Rajendra Shekhar thus remembers the Rajasthan's only Muslim Chief Minister:

Barkatullah Khan or Pyare Miyan was not at all hard pressed financially and belonged to an affluent family from Jodhpur. He could, if he so liked, strut about with his nose in the air caring two hoots for all and sundry. Yet, he shunned haughtiness and among his most endearing qualities, were his caring concern for fellow-being s and his general humility.

He was a champion Bridge player and was visibly proud of his expertise. Losing in Bridge was an unmitigated disaster and when it happened, all his sterling qualities went for a walk. He loved Bridge to distraction and suffered no fool as a partner.

He had been a prominent freedom fighter, was an eminent lawyer, a budding politician apart from a Bridge player. He had enough inheritance to keep him and his family going for generations. His self dignity, however did not permit him the luxury of twiddle, rather it goaded him to earn an honest penny at all cost.


He had great interest in English literature. Books by English authors vied with law books and, of course books on Bridge, in his well-stocked library. Nonetheless. Law, Bridge and English literature notwithstanding, he was a fervid nationalist, and a democrat, that too despite his feudal upbringing. His dress preference was a generously grown up Khadi ensemble. An overflowing kurta reaching down to his shins and on its way down, attempting and failing to camouflage the expanse of his cute little paunch; the tubular ends of his commodious, expertly laundered, well-creased and modishly flared pyjamas draping on his " made to order Jodhpuri mojris". And when the occasion demanded, he covered his baldness with a nicely starched, smartly angled Gandhi Cap.

During his period of relaxation he let his hair down (whatever left of them) to have a Bridge session, for instance, with his pals and not so "pally" partners; or curl up with a book in his bed.

On one occasion when on a trip from Jodhpur to Jaipur, his car had engine trouble just beyond Kishangarh leaving him and his driver stranded. As the driver was trying to look at the fault by raising the bonnet, Pyare Miyan saw an Ambassador car going towards Jaipur. The car stopped at his distress signal. Pyare Miyan, then health minister, smiled as he saw a police officer inside the car. He was none other than Subhash Tandon, the SP of Jodhpur. They knew each other well and Pyare Miya did not hesitate to ask Tandonji for a lift.

When Tandon recognized Barkatullah Khan, he came out of the car, gave him a smart salute and said "Please". Pyare Miyan instructed his driver to wait for the mechanic he would arrange to send from Jaipur, climbed into the car.

During the rest of the journey they discovered common passions for English Literature and Bridge. By the time, they reached the outskirts of Jaipur, they were laughing uproariously as they discovered another common trait: both were treasure trove of "subtle and not too subtle" jokes, and they parted with a warm handshake, which Barkatullah Khan realized too late was a lethal lapse on his part. For Tandon, when in his elements, had the habit of inflating Horlick's nurtured ample chest, extending his arm and vigorously 'pumping 'the limp palm of the unprepared victim.



Barkatullah Khan.

Pyare Miyan dying to retrieve his palm from a crushing grasp suppressed with great difficulty the urge to sequel. Pyare Miyan however was delighted and promised to meet again and their future meetings were full of bonhomie and literary expressions on the lines of " hail fellow well met".

Pyare Miyan and Tandon often played Bridge together, but Tandon was an atrocious player. The last time they partnered each other was when Pyare Miyan was "East' and Tandon was "West" and lost the rubber for the nth time. And Pyare Miyan fabled glare failed to make any dent on his friend's psyche. Barkatullah Khan signed resignedly and took recourse to Rudyard Kipling and said," My friend, East Is East and West is west and twain shall never meet".

Nonetheless their friendship continued unbound except that as abundant caution, Pyare Miyan greeted his friend with a wide grin and a "hands off gesture" that ruled out the handshake.

Subhash Tandon was a gem of a person and not only because we were college mates though he was senior to me by five years. Thus our college companionship was only in name. His five years seniority did not come in our way of becoming good friends.



Subhash Tandon.

My last posting as an SP in Rajasthan state, before I took over as SP CBI, Jaipur branch in June 1972; was at Ajmer. Barkatullah Khan had come to the district to attend a function in Masuda. He was scheduled to proceed to Jaipur after a brief stopover at Circuit House, Ajmer.

VN Dhondiyal, the Collector and I were in attendance, when he received a phone call from Jaipur. The Chief Secretary was at the other end. He requested the CM to night halt at Ajmer as the non-gazetted officers were in belligerent mood. They planned to march to the Secretariat next morning and force their way in to meet the CM. The Chief Secretary, in an attempt to avert an ugly situation, had, unwittingly though, off-loaded the problem on to us at Ajmer.

The non-gazetted officers had their 'moles' in the Government, who confirmed the CM's change of travel plans. And, sure enough, a few phone calls between Jaipur and Ajmer; monitored by the district intelligence revealed that the agitating officers at Ajmer had now been entrusted with the task of forcibly barging into the Circuit House and confront the CM face to face. This development sent the administration in Ajmer in a tail-spin. We huddled to formulate the strategy that would keep the employees' demonstration peaceful and in case it threatened to turn violent, to work out arrangements, forestall and foil their aggressive designs.

During the evening meal, as I disinterestedly pecked at the food, Dhondiyal got busy polishing his own as well as my notional share; and followed it up with a flippant dig at me. Catching the CM's attention he said, "Sir, different people react to situations differently", which was not by any means a profound observation. But then he became more specific.

"Shekhar, for instance, when tense, goes off food. I, on the other hand, tend to overeat to subdue anxiety".

Barkatullah Khan laughed, and critically eyeing Dhondiyal's generous girth and my thin frame, quipped, "I can see that. Come to think of it, I too love a peculiar response to tension. I just go to sleep: and on occasion, feel like never getting up".

Noticing our embarrassment at his concluding remarks, he chuckled and waved his arms, as if to say that his end-comment stood cancelled.

Then after a contemplative pause, he surprised us with the famous quote from Robert Frost:

"The woods are lovely, dark and deep,
But I have promises to keep
And miles to go before I sleep".

It is every well-read politician's favourite, an elixir to boost him every five years to keep him eternally youthful and forever pledging to deliver on the trot. The surprise was not the quote itself, we knew of his interest in English literature, but it was aptness, the way it fit the occasion.

Evidently there was a running conflict between his duty as a Chief Minister and his personal instinct to give it up all up and relax: play Bridge, read English literature and have peaceful bouts of sleep in between.

We reluctantly shook him out of reverie and told him about the employees' plan to storm the Circuit House next morning and our plans to counter the situation. He agreed with our strategy in Toto and retired for the night.

We made 'midnight calls' on the leaders and conveyed to them in no uncertain words, that they should desist from defying law. We had clamped Section 144 Cr PC in the Circuit House area and if they agreed to play fair, we could arrange for them to meet the CM in small groups. They accepted our offer.


As per the plan, the CM gave each group a patient hearing the delegations emerging from the meeting they realized that all that they elicited from him was a vague assurance; his concluding words being, Bhai logon, I get your points but I am not in a position to commit anything here. After all, it is a state wide agitation. Let me go back to Jaipur, keeping your demands in view; I shall take appropriate decision".

When the leaders realized that the CM's rehearsed response was nothing more than part of a 'holding operation', they launched the second phase of their plan. The rally of protestors converged onto another hillock nearby and they threw stones at the police. However the police arrested their leaders. The proceeding ended up near the sunset and I accompanied Dhondiyal inside to inform the CM that it was now, all clear and he could now safely go to Jaipur.

> Pyare Miyan dying to retrieve his palm from a crushing grasp suppressed with great difficulty the urge to sequel. Pyare Miyan however was delighted and promised to meet again and their future meetings were full of bonhomie and literary expressions on the lines of " hail fellow well met".



Barkatullah Khan with congress party worker.



Barkatullah Khan with Seth Harish Chandra Golcha.

He was in his bedroom but apparently not in a receptive mood. True to his word he was fast asleep; the tension got the better of him.

My family and the family of my friend PP Shrivastav were holidaying in Pahalgam in Kashmir. I looked at my watch. It was 13:45 hrs, five minutes past the time for the All India Radio afternoon news, I quickly grabbed the radio-gram and fiddled with the dial to tune in to news

The news reader said, "And now to end the news, the headlines again". The top story made me sit up "We sadly announce the untimely demise of the Chief Minister of Rajasthan, Mr Barkatullah Khan. He suffered a massive heart attack at 9:30 AM while preparing to attend the Legislative Assembly session.

I remembered his memorable observation about people having varied reactions to the same situation, "I just go to sleep, and on occasion never feel like getting up".

Assembly sessions in India are notorious for their acrimony and full of tense moments. The Chief Minister, particularly, has to remain perpetually wakeful and alert. The unrelenting pressure is too much of a strain even for a CM with strong disposition. Barkatullah Khan, for whom instant sleep was the only perfect antidote to tension, perhaps found the ceaseless bickering in the Assembly session unbearable and he fell a victim to the recurring urge of eternal sleep!


Next day his obituary made the front page of national newspapers. He had been ailing and intended to go on vacation to recuperate after the Assembly session. Sadly though, death preempted that claims of Pyare Miyan's casual wear, his sleeveless vest; commodious pyjamas and his flip flops.

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com



Ajmer Circuit House.



Barkatullah Khan with wife Ushi Khan.

## #FOOD FESTIVAL

# Explore the Flavours of NH 1

A unique food festival at Hotel Crowne Plaza Jaipur is celebrating the flavours of Northern India while recreating the vibe of a highway.




Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*


The National Highway 1 was a significant road in India, connecting the national capital New Delhi to the town of Attari in Punjab near the India-Pakistan border. It was also a part of the historic Grand Trunk Road. Taking inspiration from the destinations along NH 1, including Delhi, Panipat, Ambala, Ludhiana, Jalandhar and Amritsar, Socorro, the global cuisine restaurant in Hotel Crowne Plaza, Jaipur is hosting a unique food festival that celebrates the diverse flavours of Northern India. Aptly called, 'NH 1, The Taste of North', Paranthe from the streets of Delhi, Panipat ka Saag, Ambala ki Chaat, Ludhiana ke Kharode, Jalandhar ka Butter Chicken, and Naan Kulcha from Amritsar.

"Most of our guests who drive down to Jaipur and stay with us are from the Punjab, Haryana and Delhi. Using the experiences they share about the culinary adventures on the highway as well as the knowledge of our chefs about the local cuisines of their region, this festival has been curated. We have tried to use the traditional cooking techniques like hand ground spices and smoked flavours of the tandoor as well as fresh ingredients to ensure authentic taste .There is a huge spread with options in both vegetarian as well as non vegetarian food", shares Chef Chandrabhan Singh Rathore, Junior Sous Chef of the hotel.



Chef Chandrabhan.




Set up for the festival.

The restaurant has been beautifully transformed, with the incorporation of milestones, khaats of dhabas, trucks, and other elements that are synonymous with life on the highway. The attention to detail is evident in every corner of the restaurant, from the well-placed truck models to the wooden khaats that evoke memories of the many dhabas along NH 1. The result is a warm and inviting atmosphere that is both nostalgic and contemporary, and perfectly captures the spirit of the highway.

**Pro Tip:** Go with a hearty appetite and make a tour of the entire spread, who knows what culinary delight might be hiding in the far corner, waiting to be discovered!



Badaam Ka Halwa.



Paneer Tikka.

**Where:** Socorro, Hotel Crowne Plaza Jaipur
**When:** 10 February 2023 to 19 February 2023
**Time:** 7.30 pm onwards
**Price:** 1700+ taxes per person

## #ADDICTED

# Social Media Craving

Social media cues such as the Facebook logo may affect frequent and less frequent social media users differently; sparking spontaneous hedonic reactions that make it difficult to resist social media cravings. The intriguing results are reported in Cyberpsychology, Behavior, and Social Networking, a peer-reviewed journal from Mary Ann Liebert, Inc., publishers.


In the article entitled "Spontaneous Hedonic Reactions to Social Media Cues," Guido van Koningsbruggen and Tilo Hartmann, Vrije Universiteit, Amsterdam, Allison Eden, Michigan State University, and Harm Veling, Radboud University, Nijmegen, The Netherlands, describe two ways. In the first, participants rated a series of images as pleasant or unpleasant after an initial exposure to either the Facebook logo or a neutral cue. The researchers expected frequent social media users to react more positively to the images that followed the Facebook logo, whereas they did not expect the cue to affect the responses of the less frequent users. The second study replicated the first and added another dimension -- measuring Facebook cravings among the participants, defined as a strong desire to use social media or a preoccupation with social media.

If spontaneous reactions to social media cues can trigger cravings for social media use, then together these could contribute to the difficulty people might face resisting these temptations.

"Findings in this study seem to be in line with previous research on cues and cravings in foods (such as chocolate) and substances (such as nicotine)," says Editor-in-Chief Brenda K. Wiederhold, PhD, MBA, BCB, BCN, Interactive Media Institute, San Diego, California and Virtual Reality Medical Institute, Brussels, Belgium. "Understanding hedonic reactions, both psychological and physiological, to social media cues can help us to develop more effective treatment and prevention protocols."



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बुजुर्ग से 62 लाख रुपये की धोखाधड़ी

## दो लोगों पर 32 लाख रुपये का कपड़ा उधार और 30 लाख रुपये नकद लेकर हड़पने के आरोप में केस दर्ज करवाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग ने दो लोगों पर 32 लाख रुपये का कपड़ा उधार व 30 लाख रुपये नकद लेकर हड़पने के आरोप में केस दर्ज करवाया है।


सहायक उप निरीक्षक साबिर मोहम्मद ने बताया कि बापूनगर निवासी श्यामसुंदर शर्मा (70) ने पुलिस उपाधीक्षक को शिकायत दी। इसमें कमला व नवीन को आरोपित बनाया। शर्मा ने रिपोर्ट में बताया कि वह और पुत्र राकेश शर्मा कपड़े का व्यवसाय करते हैं। आरोपितों से उनकी दस साल से जान-पहचान है। दोनों के बीच अक्सर व्यापारिक संव्यवहार रहता था।

इसके चलते करीब 5 साल पहले आरोपितों ने परिवादी व बेटे राकेश को विश्वास में लेकर फर्दन-फर्दन 32 लाख रुपये का कपड़ा उधार में खरीदा। इसके बाद कमला व नवीन ने परिवादी से कहा कि हम परेशानी में हैं। इसलिये 30 लाख रुपये की जरुरत है। परिवादी का कहना है कि उन्होंने मानवता के नाते सहायता करते हुये 30 लाख रुपये नकद दिये। आरोपितों ने परिवादी को विश्वास दिलाया कि पूर्व के कपड़ों के बकाया 32 लाख व 30 लाख रूपये नगद दोनो का हिसाब 6 माह के भीतर कर देंगे। विश्वास दिलाने के लिए नवीन शारदा के एचडीएफसी बैंक शाखा के खाते का एक चैक भी सुपुर्द किया गया। काफी समय बीत जाने पर भी रूपये नहीं लौटाये तो उनसे सम्पर्क कर रुपयों का तकाजा किया गया तो वे टालमटोल करने लगे और रुपये लौटाने से मना कर दिया।

आरोपितों ने शर्मा का फोन उठाना भी बन्द कर दिया। उनके बताये पते पर शर्मा गये तो वहां वे, नहीं मिले। मकान खाली करके कहीं चले गये। जिनका कोई अता-पता नहीं लग पाया। काफी खोजबीन करने पर कमला के पीहर का पता मिला, इस पर वहां जाकर उनके बारे में जानकारी की तो वहां उनके द्वारा अपने फोन से आरोपितों से बात करायी तो उन्होंने रूपये देने से साफ तौर से इन्कार कर दिया और कहा कि हमें ढूंढने का प्रयास भी मत करना वरना अंजाम ठीक नहीं होगा। पुलिस ने मुक़दमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू की है।

# कार अनियंत्रित होकर पलटी, तीन जने घायल

## ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ हादसा



हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**■ मध्यप्रदेश निवासी परिवार कार से जयपुर आ रहे थे**

**निवाई,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गुंसी चौकी के सामने शनिवार की दोपहर बाद करीब 2:30 बजे एक इको वैगनार कार ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस दुर्घटना में कार में सवार पति-पत्नी एवं उनकी डेढ वर्षीय पुत्री गंभीर घायल हो गई। 108 के पायलट खुशीराम चौधरी व मेल नर्स रामजीलाल ने बताया कि जिला करनोल मध्यप्रदेश निवासी एक परिवार इको वैगनार कार में सवार होकर जयपुर से टोंक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गुंसी चौकी के सामने एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में कार असंतुलित हो गई और डिवाइडर से टकराती हुई सडक पर पलट गई। कार पलट जाने से उसमें सवार प्रमोद पुत्र प्रेमलाल 32 वर्ष व उसकी पत्नी एकता 30 वर्ष एवं उनकी डेढ वर्षीय पुत्री यशस्वी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद चौकी के जवानों ने तुरंत सभी घायलों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में भर्ती करवाया। गुंसी चौकी पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद टोंक रैफर कर दिया गया है।

## हमलावर गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। आपसी कहासुनी के दौरान चाकू से हमला कर वृद्ध को घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार शनिवार सवेरे अम्बामाता थानाक्षैत्र नाथीघाट के समीप नाथीघाट निवासी भंवरभारती पुत्र नन्दभारती पर नाथीघाट निवासी सुनिल पुत्र रूपलाल ने चाकू से हमला कर घायलकर दिया।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। सवेरे सुनिल व साथियों के इकठ्ठा होने की बात को लेकर भंवर ने उसे वहां से चले जाने को कहा था। इसी बात को लेकर आवेश में आए सुनिल ने भंवर की बायी तरफ पसली में चाकू घोंप दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। मामले में एएसआई रणजीत सिंह ने आरोपी को सुनिल को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।

# हड़ताल से निजी व सरकारी अस्पताल बंद रहे

**सूरतगढ़,** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में शनिवार को सूरतगढ़ में निजी अस्पताल, क्लीनिक और नर्सिंग होम आदि 24 घंटे के लिए बंद रहे। इस दौरान शहर के अधिकांश निजी चिकित्सक जयपुर में आयोजित रैली और प्रदर्शन में शामिल हुए।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के स्थानीय शाखा अध्यक्ष डॉ. इंद्र चुघ और सचिव डॉ. जीडी शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार राइट टू हेल्थ बिल को लागू करने के प्रयास में है। जिसके विरोध में उन्होंने बीते दिनों मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया था। वहीं शुक्रवार देर शाम को भी राजकीय चिकित्सालय से लेकर सुभाष चौक तक कैंडल मार्च निकालकर रोष प्रकट किया था। आंदोलन की इसी कड़ी में आज शनिवार को आईएमए के आव्हान पर सुबह 8 बजे से लेकर अगले 24 घंटे के लिए सूरतगढ़ के समस्त चिकित्सा प्रतिष्ठान, क्लीनिक, नर्सिंग होम बंद रखे गए हैं। बिल का विरोध जताने के लिए चिकित्सक जयपुर धरना प्रदर्शन में भी शामिल हुए हैं।

वहीं निजी अस्पतालों की हड़ताल से बेखबर मरीजों को चिकित्सकों के चैंबर में नहीं मिलने से परेशान भी होना पड़ा, जिसके चलते एक तरफ जहां निजी हास्पिटल के वेटिंग हॉल सूने नजर आए तो दूसरी ओर इलाज के लिए परेशान मरीजों का दबाव राजकीय चिकित्सालय में बढ़ गया। शनिवार को सामान्य दिनों की अपेक्षा ओपीडी भी बढ़ गई, हालांकि आईएएम से जुडे निजी चिकित्सकों के साथ-साथ सरकारी अस्पताल के आईएमए से जुड़े डॉक्टरों ने भी सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया था।

एक तरफ प्राइवेट हॉस्पिटलों की हड़ताल और दूसरी तरफ सरकारी अस्पताल में भी चिकित्सकों की कमी के चलते डॉक्टरों के कक्षों के बाहर महिला और पुरुष की भारी भीड़ नजर आई। यहां तक की गैलरी में भी लोग अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। वहीं कई मरीजों को सम्बंधित डॉक्टर के भी अवकाश पर होने के कारण निराश ही वापस लौटना पड़ा।

## बस ने युवक को चपेट में लिया

**उदयपुर,** (कासं)। खेरोदा थाना खेत्र में मिनी बस ने राह चलते युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शााम खैरोदा थाना क्षैत्र के अमरपुरा भीण्डर रोड़ पर मिनी बस ने राह चलते युवक भीण्डर निवासी अरविंद पुत्र अम्बालाल खटीक को चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलने पर खेरोदा थानाधिकारी पवनसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। अरविन्द रोड़ किनारे खडा था। इस दौरान खेरोदा से भींडर रूट पर चलने वाली मिनी बस ने आवेरटेक करने के प्रयास में उसे चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक बस छोड़ कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस जब्त कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# पीहर में रहने आई महिला प्रेमी के साथ फरार

**नोखा,** (निसं)। एक भाई ने अपनी सगी बहन के खिलाफ लाखों के सोने-चांदी के आभूषण व एक लाख की नगदी चोरी कर भाग जाने का मुकदमा शुक्रवार की रात में पांचू थाने में दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार सारुंडा गांव निवासी हरिकिशन सोनी पुत्र भंवरलाल सोनी ने रिपोर्ट में बताया कि मेरी एक बहन तुलसी देवी का विवाह फलोदी के लक्ष्मीपुरा क्षेत्र निवासी डूंगरमल सोनी के साथ हुआ था। वह 27 जनवरी 2023 को अपनी नाबालिग बेटी व बेटे के साथ मेरे घर सारुंडा आई थी और दो-तीन दिन तक मेरे घर पर ही रही। दो फरवरी को वो हमें बिना बताए अपने छोटे बेटे को साथ लेकर घर से चली गई। हमने आस-पड़ोस में पूछताछ की, लेकिन वह नहीं मिली। मुझे मेरे घर के सदस्यों से जानकारी मिली कि मेरी बहन तुलसी मेरे घर से सोने-चांदी के गहने व रुपए मेरे घर से चुरा कर ले गई। साथ ही अपनी नाबालिग लड़की को मेरे घर पर छोड़ गई। इसके बाद फलौदी में रहने वाले जीजा डूंगरमल को फोन किया तो जानकारी हुई कि तुलसी फलोदी निवासी उमेद थानवी के साथ चली गई है।

भाई ने आरोप लगाया कि बहन तुलसी साजिश के तहत मेरे घर आई थी। घर से सोनी-चांदी के गहने और रुपए चुराकर ले गई और बेटी को भी छोड़ गई। थानाधिकारी मनोज यादव ने बताया कि परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## शांतिभंग में मामा को दबोचा

**उदयपुर,** (कासं)। भाणेज के साथ मारपीट करने वाले मामा को पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया। खेरोदा थाना पुलिस ने पंकज मेहता के साथ मारपीट करने के मामले में उसके मामा खैरोदा निवासी सुनिल पुत्र केसरीमल कूकडा को शांति भंग करने के मामले में गिरफ्तार किया। सुनिल कुकडा कांग्रेस ब्लॉक प्रमुख बताया जाता है। खेरोदा थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 32/23 मारपीट मामले में प्रकरण दर्ज होने से दोनों के बीच विवाद चल रहा है। पंकज रात में खाना खाने के बाद वापस घर लौट रहा था। जहां पर सुनिल ने उसके साथ मारपीट कर दी।

# डीएसपी जितेंद्र आंचलिया सहित चारों अभियुक्त रिमांड पर

**■ एसीबी जयपुर की टीम ने आरपीएस जितेंद्र आंचलिया, सब इंस्पेक्टर रोशनलाल, रमेश राठौड़ और मनोज श्रीमाली को गिरफ्तार किया था**

**उदयपुर,** (कासं)। जयपुर एंटी करप्शन की टीम द्वारा उदयपुर में डीएसपी जितेंद्र आंचलिया, एसआई रोशनलाल सहित गिरफ्तार किये चार आरोपियों को न्यायालय ने तीन दिन के रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया है। इन सभी आरोपियों को सोमवार को पुन: न्यायलय में पेश किया जाएगा इस दौरान एसीबी सुखेर एनआरआई भूखंड के सौदे में हुई धांधली और इसमें इन पुलिस अधिकारियों और दलालों द्वारा निभाये गए किरदार को खंगालेगी इससे जुड़े साक्ष्य जुटाएगी।

शनिवार को सुबह 10.30 बजे एसीबी की टीम इन्हें भ्रष्टाचार निवारण मामले के न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के उदयपुर में प्रतापनगर स्थित निवास पर पेश किया। इस दौरान जितेन्द्र आंचलिया, एस.आई. रोशनलाल और दलाल रमेश राठौड़ तथा मनोज श्रीमाली शामिल है। दोनों दलाल नाथद्वारा नगरपालिका के पार्षद बताए जा रहे है। करीब 11 बजे तक सभी आरोपियों के साथ एसीबी की टीम मजिस्ट्रेट के निवास पर मौजूद थी। पेशी के बाद मजिस्ट्रेट ने डीएसपी जितेन्द्र आंचलिया सहित सभी चारों आरोपियों को सोमवार तक रिमांड पर भेजने के आदेश दिए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एडीजी दिनेश एमएन के निर्देश पर यह कार्रवाई एएसपी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में की जा रही है। कार्यवाही के तहत एसीबी जयपुर की टीम ने उदयपुर की एक बेशकीमती जमीन के मामले में आरपीएस जितेंद्र आंचलिया, सब इंस्पेक्टर रोशनलाल, रमेश राठौड़ और मनोज श्रीमाली को गिरफ्तार किया है। एन आर आई नीरज पूर्बिया को इन पुलिस अधिकारियों ने इतना डराया कि वह अपनी ही जमीन को फिर से एक करोड़ 83 लाख रुपए में खरीदने को तैयार हो गया। इस मामले में सब इंस्पेक्टर रोशनलाल ने भी दो लाख रूपये की मांग की थी।

इस मामले से बुरी तरह परेशान हुए नीरज पूर्बिया ने जयपुर एसीबी मुख्यालय को शिकायत की इसके बाद एसीबी हरकत में आई और कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारियां की है। एसीबी ने बीती रात उदयपुर और राजसमंद में कुल 5 जगह दबिश देते हुए सभी चार आरोपियों की गिरफ्तारियां की है।

## ऑनलाईन ठगी का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। सविना थाना पुलिस ने इनाम मिलने का झांसा देकर पीडित से ऑनलाईन नकदी की ठगी करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित तितरडी निवासी मयूर पुत्र देवीलाल शर्मा ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 10 फरवरी को मेरे पिता के मोबाईल पर इनाम मिलने का संदेश मिला। इस संबंध में बातचीत करने पर आरोपी के कहने पर पिता ने इनाम लेने के एवज में 15 हजार रूपये जमा करवा दिए। इस मामले में दुबारा मांग करने पर ठगी का अहसास होने पर प्रकरण दर्ज करवाया।

# तेलंगाना के एक गांव के सरपंच और सचिव से ठगी का प्रयास

## ठगी की वारदात को पुलिस ने विफल किया

**■ सोने की ईंट के नाम पर ठगी करने के लिए कामां बुलाया था**

**कामां,** (निस)। कामां क्षेत्र में ठगी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है लेकिन पुलिस भी पूरी मुस्तैदी के साथ लगी हुई है। शनिवार को तेलंगाना राज्य के एक गांव के सरपंच एवं ग्राम सचिव को ठगों ने सोने की ईंट के नाम पर ठगी करने के लिए कामां बुलाया था और पुलिस को भनक लगते ही सरपंच सचिव को ठगी का शिकार होने से बचा लिया।

कामां थानाधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि भरतपुर पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के निर्देशन में कामां क्षेत्र में सादा वर्दी में जगह-जगह पुलिसकर्मी लगा रखे हैं जिससे आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। कस्बा के कोसी चौराहे पर अतराम परमेश्वर सरपंच बलानपुर नारनौट जिला आदिलाबाद तेलंगाना एवं अन्निका अविनाश ग्राम पंचायत सचिव अपने दो अन्य साथी आशीष और किरण कुमार के साथ तेलंगाना नंबर की थार गाड़ी में खड़े हुए थे। कामां थाने के कांस्टेबल बजरंग शर्मा को शक हुआ तो उनसे पूछताछ की जिसमें उन्होंने बताया कि वह तेलंगना से जुरहरा थाने के भंडारा गांव निवासी व्यक्ति ने बुलाया है । तेलंगाना में जेसीबी खुदाई का कार्य करता था और वह लोग जेसीबी ऑपरेटर को अपने परिवार के सदस्य की तरह घर पर रखते थे। उसने फोन कर अवगत कराया है जेसीबी से खुदाई में सोने की ईंट निकली है और सस्ते दामों में तुम्हें उपलब्ध करा दी जाएगी लालच के चक्कर में कामां आ गए थे।

जिसके बाद कॉन्स्टेबल बजरंग शर्मा ने उन्हें समझाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तेलंगना के सरपंच एवं ग्राम सचिव को साथ लेकर ठगों की तलाश में जाल बिछाकर तलाश की लेकिन काफी मशक्कत करने के बाद भी ठग बदमाशों को शक हो गया और तेलंगना के लोगों से मिलने के लिए नहीं आए। पुलिस ने लिखित में प्रार्थना पत्र लेकर एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर ठगों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस के प्रयास से ठगी की वारदात टल गई।

## 15 दिन पुराना शव मिला

**हनुमानगढ़,** (निसं)। टाउन थाना क्षेत्र में केएसपी माइनर में कई दिन पुराना सड़ा-गला शव मिला है। शव के गले में बेल्ट बंधा होने से हत्या का अंदेशा जताया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है और उसकी पहचान करने की कोशिश में जुट गई है। एएसआई नाथूलाल मीणा ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि किशनपुरा दिखनादा गांव के पास केएसपी माइनर में अज्ञात शव बहकर आया है।

सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो केएसपी माइनर में सड़ा-गला शव पड़ा था। देखने से शव करीब 15 दिन पुराना लग रहा है। करीब 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति के गले में बेल्ट बंधा था, जिसके कारण प्रथम दृष्टया मर्डर का शक जताया जा रहा है। एएसआई ने बताया कि शव को नहर से निकलवाकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी रूम में रखवाया गया है। मृतक की पहचान के लिए पड़ोसी राज्य पंजाब और हरियाणा की पुलिस को सूचना दी गई है।

# 'मौसम की मार से खराब फसलों का उचित मुआवजा किसान को मिले'

**■ श्रीगंगानगर से लोकसभा सांसद निहालचंद ने शून्य काल के दौरान लोकसभा में उचित मुआवजे का मुद्दा उठाया**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर से लोकसभा सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचन्द ने शून्य काल के दौरान श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ समेत राजस्थान के लगभग 14 जिलों में खड़ी रबी की फसलों पर मौसम की मार और किसानों को उसके उचित मुआवजे का मुद्दा लोकसभा में उठाया। लोकसभा में बोलते हुए सांसद निहालचन्द ने कहा कि पिछले महीने जनवरी के शुरुआत और मध्य में उत्तर भारत समेत राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों में कडाके की ठंड के साथ ओलावृष्टि और वर्षा हुई थी, जिसकी सीधी मार खेतों में खड़ी गेहूं, जौ, चना, सरसों की फसलों और सब्जियों पर पड़ी थी और इस कारण यहाँ के किसानों को आर्थिक व मानसिक तौर पर परेशानियाँ उठानी पड़ रही है।

गौरतलब है कि इस वर्ष श्रीगंगानगर में लगभग 3 लाख 27 हजार हेक्टेयर और हनुमानगढ़ में 2 लाख 37 हजार हेक्टेयर में सरसों की बिजाई की गई थी, जिसमें से लगभग 30 से 40 प्रतिशत फसल को बहुत नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही सब्जियों और आलुओं की फसल को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा था। सांसद निहालचन्द ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि प्रदेश सरकार को निर्देशित करते हुए श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ समेत राजस्थान के प्रभावित सभी जिलों में विस्तृत सर्वे करवाते हुए किसानों को हुए नुकसान के सही आंकड़ो का पता लगाया जाए। साथ ही किसानों को हुए नुकसान की पूरी भरपाई मुआवजे के रूप में की जाए, ताकि प्रदेश के किसानों को आर्थिक और मानसिक संकट से बचाया जा सके।

## तीन अधिकारी-कर्मचारी निलंबित

**■ इन सभी के खिलाफ जांच चल रही थी**

**डीडवाना,** (निसं)। पंचायत समिति डीडवाना में पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर पीयुष समारिया ने कार्रवाई करते हुए एक साथ तीन अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित किया है। जिला कलेक्टर पीयुष समारिया ने विभागीय जांच के चलते विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़, सहायक लेखाधिकारी भंवरलाल कड़वासरा व कनिष्ठ सहायक पवन आंवला को निलंबित किया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत गोदारा ने बताया कि पंचायतीराज मंत्री रमेश मीणा के निर्देश पर इनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही थी, पिछले दिनों एक टीम ने डीडवाना आकर जांच की थी। जिसके तहत इनको 16 सीसी की चार्जशीट दी गई। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज मंत्री के निर्देश के बावजूद विकास अधिकारी ने जिन पंचायतों का भुगतान रोका गया था, उनका भुगतान कर दिया था। जिस पर इनके खिलाफ अनियमितता के चलते यह कार्रवाई की गई।

# कोटा विश्वविद्यालय में लापरवाही के चलते विद्यार्थी हो रहे परेशान

## परीक्षा आवेदन फार्म भरने में आ रही तकनीकी खामियों से विद्यार्थी परेशान

**■ अंतिम तिथि पर छुट्टी होने के कारण संभागभर से आए छात्र असमंजस की स्थिति में**

**कोटा,** (निसं)। कोटा यूनिवर्सिटी के परीक्षा आवेदन फार्म भरने में आ रही तकनीकी खामियों के चलते सैकड़ों विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद चंद्र प्रकाश सोनी ने बताया कि उनके द्वारा 8 फरवरी को ई-मित्र पर उनकी पुत्री का परीक्षा आवेदन फार्म भरा था जिसकी फीस की राशि भी उनके खाते से कट गई परंतु आवेदन में ट्रांजैक्शन अनसक्सेस आ रहा है व कटी हुई राशि भी 48 घंटे बाद तक भी उनके खाते में वापस नहीं आई। जब इसकी जानकारी उन्होंने यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में की तो उन्होंने शनिवार को यूनिवर्सिटी आने को कहा।

चंद्रप्रकाश सोनी ने कहा कि परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने में तकनीकी खामियों के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने में परेशानी हो रही है सैकड़ों विद्यार्थियों के खाते से फीस की राशि कट गई परंतु ट्रांजैक्शन अनसक्सेस आ रहा है जिसके कारण आवेदन भी सफल नहीं हो रहा है जब उन्होंने दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर बात करनी चाही तो एक नंबर स्विच ऑफ व दूसरा नंबर अस्तित्व में नहीं होना पाया गया। यूनिवर्सिटी के कहने पर जब शनिवार को सैकड़ों विद्यार्थी यूनिवर्सिटी पहुंचे तो पता चला कि बैंक व यूनिवर्सिटी में अवकाश है उन्हें सोमवार को पुन: आने को कहा जिससे विद्यार्थियों में रोष उत्पन्न हो गया।

यूनिवर्सिटी पहुंचे विद्यार्थियों का कहना है कि फीस की कटी हुई राशि वापस नहीं आने व आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 11 फरवरी होने एवं आखिरी तारीख पर अवकाश होने से छात्र असमंजस में है। की कटी हुई राशि वापस नहीं आई व दोबारा फीस जमा करानी होगी एवं अंतिम तिथि निकल जाने के बाद विद्यार्थियों को लेट फीस भी देनी होगी साथ ही ई मित्र संचालक भी दोबारा फार्म भरने के पैसे ले रहे हैं विद्यार्थियों का कहना है कि यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग की लापरवाही के चलते सैकड़ों विद्यार्थियों में दुविधा की स्थिति बनी हुई है। साथ ही फार्म भरने की जटिल ऑनलाइन प्रक्रिया विश्व विद्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है।

## दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जनवरी 2023 को पीडित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 31 दिसंबर 2022 को शाम हाइवे पर स्थित खेत से घर लौट रही थी। इस दौरान पप्पु गायरी वेन लेकर आया। वैन रूकते ही उसमें सवार गायरियावास नांदेश्मा निवासी गोपाल गायरी पुत्र वक्ता व साथी रामलाल गायरी खींच कर वेन में डाल मेरा अपहरण कर गौराणा की तरफ ले गए। परिजनों को पता चलने पर ग्रामीणों की मदद से मुझे बचाया।

इस दौरान आरोपी मौके से भाग गए। आरोपी गोपाल गायरी पूर्व में अपहरण कर मुझे गुजरात ले गया। जहां बंधक बनाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। 31 दिसंबर 2022 को आरोपी अपहरण कर मुझे ले गया तथा मेरे साथ दुष्कर्म किया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर झाडोल थानाधिकारी श्रवणसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नांदेश्मा फला गायरीयावास निवासी गोपाल गायरी पुत्र वक्ता गायरी को गिरफ्तार किया।

# डॉम पीड़ित दो बालक और एक बालिका चिकित्सालय में भर्ती

## भीलवाड़ा बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

**■ शिशु विशेषज्ञ चिकित्सक के अनुसार बालक की हालत गंभीर है, समिति द्वारा परिजनों को भविष्य मे डाम नहीं लगाने एवं आग पानी और खतरनाक जगह से दूर रखने के लिए पाबंद कर किया जाएगा**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय के बच्चा वार्ड से सूचना मिलने पर भीलवाड़ा बाल कल्याण समिति अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडेय के आदेशानुसार तुरन्त बाल कल्याण समिति सदस्य फारुख खान पठान पी आई सी यू में पहुंचे।

जहां एक डॉम पीड़ित बालक भर्ती था और बच्चा वार्ड में एक चार वर्षीय बालक और तीन वर्षीय बालिका जो डॉम पीड़ित है दोनों भर्ती है। बाल कल्याण समिति सदस्य फारुख खान पठान ने बालक के परिजन से जानकारी ली तो बालक चित्तौड़गढ़ जिले के बिजयपुर थाना क्षेत्र के भूंगड़िया गांव दूसरा बालक भीलवाड़ा के रायपुर थाना क्षेत्र के सरोठ ग्राम का और डॉम पीड़ित बालिका चितोड़गढ़ के बस्सी पारसोली थाना क्षेत्र के इटावा ग्राम की लगभग तीन चार वर्षीय बालक और तीन वर्षीय बालिका के परिजन ने बताया बालक की चूल्हे पर खाना पकाते समय उनके छोटे भाई बहिन ने उन्हें जलती हुई लकडी से पेट के ऊपर जला दिया वही तीन वर्षीय बालिका के परिजनों ने बताया उनके गांव के वृद्ध पुरुष से डाम लगवाया चित्तौड़गढ़ जिले में उनके परिजन एक महिला और एक पुरुष के पास आध्यात्मिक उपचार के लिए ले गया जहाँ पर बच्चों की हालत बिगड़ने पर बच्चों को भीलवाड़ा जिले के महात्मा गांधी चिकित्सालय मे उपचार हेतु लाये। बाल कल्याण समिति सदस्य पठान ने माता पिता के बयान लेखबद्ध कर शिशु को अपने विशेष देखरेख संरक्षण में ले लिया और बाल कल्याण समिति चित्तौड़ और सम्बंधित पुलिस थाने को सूचना दी। आगे की कार्यवाही चेयरपर्सन गिरीश कुमार पांडेय एवम समिति के निर्देश अनुसार की जाएगी।

शिशु विशेषज्ञ चिकित्सक के अनुसार बालक की हालत गंभीर है, समिति द्वारा परिजनों को भविष्य मे डाम नहीं लगाने एवं आग पानी और खतरनाक जगह से दूर रखने के लिए पाबंद कर किया जाएगा। इससे होने वाली क्षति एवं डाम लगाना कानूनन अपराध है व ऐसा करने वाले व्यक्ति को सजा का प्रावधान है इसके बारे में भी उन्हें जागरूक किया गया।



राहुल का चयन प्रदर्शन नहीं बल्कि पक्षपात के आधार पर किया गया। उसके प्रदर्शन में लगातार निरंतरता का अभाव रहा है और लगभग आठ साल से ऐसा चल रहा है। उसने अपनी क्षमता को प्रदर्शन में नहीं बदला है। - **वेंकटेश प्रसाद**

**पूर्व भारतीय गेंदबाज, के एल राहुल को पहले टेस्ट में टीम में शामिल किये जाने पर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **अदिति अशोक**



**भारत** की अदिति अशोक ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए लेडीज यूरोपीय टूर के एल मेरियम कप गोल्फ के दूसरे दौर में दो अंडर 71 के स्कोर के साथ दो सप्ताह में दूसरे खिताब की ओर कदम रख दिया।पिछले सप्ताह मैजिकल कीनिया लेडीज ओपन जीतने वाली अदिति ने पहले दिन चार अंडर स्कोर किया था। अब वह शीर्ष पर काबिज माजा स्टार्क से दो शॉट पीछे है जिसने दूसरे दौर में छह अंडर 67 स्कोर किया । भारत की दीक्षा डागर 81 और 77 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश से चूक गई।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपनी टेस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाए।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे दिन ही पारी और 132 रन से हराया



नागपुर 11 फरवरी। स्पिन गेंदबाजों की मददगार वीसीए स्टेडियम की पिच पर रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण की बदौलत भारत ने दुनिया की नम्बर एक टेस्ट टीम आस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 132 रनों से हरा कर ऐतिहासिक जीत अर्जित की।

विदर्भ क्रिकेट एसोसियेशन स्टेडियम की पिच पर टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 177 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत ने ठोस बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये 400 रनों का स्कोर खड़ा किया था। पहली पारी में 223 रन से पिछड़ने वाली आस्ट्रेलिया पर दवाब बरकरार रखते हुये अश्विन (37 रन पर पांच विकेट) और रविन्द्र जडेजा (34 रन पर दो विकेट) ने मेहमान बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी जबकि मोहम्मद शमी (13 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (छह रन पर एक विकेट) ने रही सही कसर पूरी करते हुये कंगारूओं के खिलाफ भारत को अब तक की सबसे बड़ी जीत दिला दी।

भारत के खिलाफ आस्ट्रेलिया का दूसरी पारी में यह दूसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले सात फरवरी 1981 को आस्ट्रेलिया ने मेलबर्न की पिच पर अपनी दूसरी पारी में महज 83 रन बनाये थे। गुंडप्पा विश्वनाथ के शानदार शतक की बदौलत भारत यह मैच 59 रन से जीता था जबकि तीन नवंबर 2004 को मुबंई में वानखेडे स्टेडियम पर कंगारू टीम भारत के खिलाफ 93 रन पर ढेर हो गयी थी और नजदीकी मुकाबले में भारत को 13 रन से जीत मिली थी। दूसरी पारी में 32.3 ओवर के खेल में मात्र 91 रन पर आस्ट्रेलिया को समेटने का श्रेय टेस्ट करियर में 31 बार पांच विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन को जाता है जिन्होने एक बार फिर अपने करिश्माई प्रदर्शन से विरोधी टीम को चारो खाने चित कर दिया।

उनके इस नेक काज को आसान बनाने में दूसरे छोर पर हरफनमौला रविन्द्र जडेजा ने मदद की। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जडेजा ने दूसरी पारी में भी कंगारूओं पर अपना खौफ बरकरार रखा जिसका नतीजा था कि आस्ट्रेलिया के सात बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में नाकाम साबित हुये। आस्ट्रेलिया के निचले क्रम को समेटने के काम शमी और अक्षर पटेल ने कर दिखाया।

स्टीवन स्मिथ (25 नाबाद) अंत तक भारतीय आक्रमण को एक छोर पर टिक कर झेलते रहे। वह दूसरी पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने। भारत की इस ऐतिहासिक जीत में कप्तान रोहित शर्मा (120) के अलावा अक्षर पटेल (84) और रविन्द्र जडेजा (70) का अहम योगदान रहा जिसकी बदौलत भारत अपनी पहली पारी में 400 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल हो सका। नागपुर की टर्न लेती पिच पर दोनो टीमों के गिरे कुल 30 विकेट में से 24 विकेट फिरकी गेंदबाजों के हाथ लगे। आस्ट्रेलिया की पहली पारी को समेटने में जडेजा ने पांच,अश्विन ने तीन विकेट लिये थे वहीं भारत की पहली पारी को समेटने में टोड मर्फ़ ((124 रन पर सात विकेट) की भूमिका महत्वपूर्ण रही थी। विक्टोरिया के 22 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने अपने पदार्पण टेस्ट में यह कारनामा कर दिखाया था।

## जीत के साथ वापसी करना सुखद अहसास है : जडेजा

नागपुर 11 फरवरी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की जीत के अहम किरदार रविन्द्र जडेजा ने कहा कि पांच महीने क्रिकेट से दूर रहने के बाद टीम की जीत में योगदान देना आश्चर्यजनक मगर सुखद अहसास है। प्लेयर आफ द मैच जडेजा ने शनिवार को कहा पांच महीने के बाद गेंद और बल्ले से अपना शत प्रतिशत देना अद्भुत लग रहा है। जब मैं एनसीए में था, तब मैं कड़ी मेहनत कर रहा था, अपना रिहैब भी कर रहा था। एनसीए के सभी कर्मचारी, फिजियो, ट्रेनर मेरे साथ कड़ी मेहनत कर रहे थे। उन्होने कहा मैं अच्छे क्षेत्रों में गेंदबाजी करना चाहता था, गेंद स्पिन कर रही थी, गेंद सीधी जा रही थी और नीची भी रख रही थी। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्वीप और रिवर्स स्वीप खेलना पसंद करते हैं जिसका मैने फायदा उठाया। बल्लेबाज के तौर पर मै बहुत ज्यादा बदलाव नहीं करता। मैं अब अपनी बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान केंद्रित करता हूं क्योंकि यह महत्वपूर्ण संख्या है।

## वसावड़ा के दोहरे शतक से सौराष्ट्र रणजी फाइनल में पहुंचने के करीब

बेंगलुरू, 11 फरवरी। कप्तान अर्पित वसावड़ा के दोहरे शतक की मदद से सौराष्ट्र ने शनिवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 120 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर रणजी ट्राफी फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाये।वसावड़ा ने सुबह 112 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और 406 गेंदों का सामना करके 202 रन बनाए। उनके अलावा चिराग जानी ने 72 रन का योगदान दिया जिससे सौराष्ट्र ने कर्नाटक के 407 रन के जवाब में 527 रन का बड़ा स्कोर बनाया। तेज गेंदबाज विद्युत कवरप्पा ने कर्नाटक की तरफ से 83 रन देकर पांच विकेट लिये। अगर मैच ड्रा समाप्त होता है तो सौराष्ट्र पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगा। कर्नाटक ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 123 रन बनाए थे। पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले मयंक अठावाल ने धर्मेंद्रसिंह जडेजा की गेंद पर आउट होने से पहले 55 गेंदों पर 64 रन की तेजतर्रार पारी खेली। कर्नाटक ने अठावाल के अलावा रविकुमार समर्थ, देवदत्त पडिक्कल और मनीष पांडे के विकेट गंवाए। स्टंप उखड़ने के समय निकिन जोस 54 रन पर खेल रहे थे। सौराष्ट्र ने 2019-20 सत्र में बंगाल को हराकर रणजी ट्राफी का खिताब जीता था।

## मंधाना के पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की संभावना नहीं : ऋषिकेश कानिटकर

केपटाउन, 11 फरवरी। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ऊंगली की चोट से अभी तक उबर रही हैं जिससे वह रविवार को महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ शुरूआती मैच में नहीं खेल पायेंगी। मंधाना (26 वर्ष) इस हफ्ते के शुरू में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गयीं जिससे वह बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे अभ्यास मैच में भी नहीं खेल पायी थीं। कार्यवाहक कोच ऋषिकेश कानिटकर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''स्मृति की ऊंगली अब भी चोटिल है और वह अब तक उबर रही है, इसलिये उनके खेलने की संभावना नहीं है। उनकी ऊंगली में फ्रेक्चर नही है और हम उम्मीद लगाये हैं कि वह दूसरे मैच के बाद से उपलब्ध रहेंगी।'' कानिटकर ने कहा, ''आप मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चाहते हो। हम मुकाबले के लिये पूरी तरह से तैयार हैं, माहौल अच्छा है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर कंधे की चोट से पूरी तरह उबर गयी हैं जो उन्हें वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान लगी थी। उन्होंने कहा, ''हरमन खेलने के लिये फिट हैं। उन्होंने पिछले दो दिन में नेट पर बल्लेबाजी की, वह ठीक हैं।''

## वर्गेन हैदराबाद ई प्री. में पहले स्थान पर रहे

हैदराबाद, 11 फरवरी। डीएस पेंसके के अनुभवी ड्राइवर जीन एरिक वर्गेन ने शनिवार को यहां हैदराबाद ई प्री में जीत हासिल की। इस फॉर्मूला ई रेस से भारत में शीर्ष स्तर की मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता की सफल वापसी हुई।इस 33 लैप की इलेक्ट्रिक रेस में वर्गेन को एन्विसन रेसिंग के निक कैसिडी से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह आखिर में उन्हें पीछे छोड़ने में सफल रहे। पोर्श के एंटोनियो फेलिक्स दा कोस्टा ने तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें सेबेस्टियन बइमी पर लगे 17 सेकेंड के जुर्माने का फायदा मिला। अपनी पहली घरेलू रेसिंग में भाग ले रही महिंद्रा रेसिंग को ओलिवर रोलैंड ने एक अंक दिलाया। वह दसवें स्थान पर रहे।

## एशियाई जूनियर स्क्वाश पुरूष फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान से

चेन्नई, 11 फरवरी। भारत का सामना रविवार को यहां एचसीएल 21वीं एशियाई जूनियर टीम चैम्पियनशिप 2023 के पुरूष फाइनल में पाकिस्तान से होगा।शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने कोरिया को 2-1 से शिकस्त दी जबकि शीर्ष वरीय पाकिस्तान ने मलेशिया को पराजित किया। हालांकि भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की मलेशिया से 1-2 से हार मिली।

## राष्ट्रीय हॉकी शिविर में ध्यान शारीरिक फिटनेस और मजबूती हासिल करने पर : शॉपमैन

बेंगलुरू, 11 फरवरी। हांगझोऊ एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम अपने आगामी व्यस्त सत्र के लिये तैयारियों की शुरूआत रविवार से यहां शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर से करेगी जिसके लिये 33 संभावित खिलाड़ियों को चुना गया।मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि आगे के व्यस्त सत्र के लिये उनका ध्यान शारीरिक फिटनेस में सुधार करने पर लगा होगा। भारतीय टीम हाल में दक्षिण अफ्रीका के दौरे से लौटी है जिसमें उन्होंने चार मैचों की श्रृंखला में मेजबान को 3-0 से शिकस्त दी। सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम ने दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भी तीन मैत्री मैच खेले। शिविर के बारे में बात करते हुए शॉपमैन ने कहा, ''मैं बहुत खुश हूं कि हम इस आगामी हफ्ते में अपना शिविर शुरू कर सकते हैं। हमारा दक्षिण अफ्रीका का दौरा अच्छा रहा जिससे हमें पता चला कि हमें आगामी हफ्तों में किस चीज पर काम करना है।

## मुंबई मीटियर्स ने चेन्नई ब्लिट्ज को क्लीन स्वीप किया

बेंगलुरु 11 फरवरी। कर्नाटक के बेंगलुर में शुक्रवार को कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में ए23 द्वारा आयोजित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के दूसरे सीजन में मुंबई मेटेयर्स ने चेन्नई ब्लिट्ज को 5-0 से हराकर आसानी से पहली जीत हासिल की। मुंबई मेटेयर्स के खिलाडी अनु जेम्स और ब्रैंडन ठाीनवे ने मैच में जबरदस्त प्रदर्शन किया। मुंबई ने इन दोनों शीर्ष खिलाड़ियों के बदौलत पांच सेट में 15-14, 15-6, 15-11, 15-12, 15-9 से जीत हासिल कर मैच अपने पक्ष में कर लिया। अनु को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

खेल के दौरान अनु और ब्रैंडन ने प्रतिद्वंदी टीम के खिलाडी मोयो और सीताराम के रोकने के बावजूद जमकर मुकाबला किया। जब अनु ने खराब सर्विस दी तो मुंबई के कप्तान कार्तिक ने बीच में सर्विस की कमान संभाली और मैच की स्थिति को बदल दिया। खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया अनु का आत्मविश्वास बढ़ा और हिटर रेनाटो और मोयो से गेंद को दूर रखते हुए उसने लिए अपनी सर्विस से चेन्नई के लिबरल रामनाथन को निशाना बनाने का काम किया।

मुंबई को छकाने के लिए चेन्नई ने खेल में कुछ बदलाव किया और दाएं और से मुंबई पर दबाब बनाने की कोशिश की, लेकिन मुंबई मेटेयर्स पर चेन्नई बिल्टज को कोई असर नहीं पड़ा। अरविंदन ने स्पाइक्स के लिए ब्रैंडन और अनु को सेट करना जारी रखा, जबकि हमेशा मौजूद रहने वाले रतीश सुंदर उनके लिए पास बनाते रहे। इसी की वजह से मुंबई ने खेल में आसानी से अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी और प्रतिद्वंदी टीम को 5-0 से हरा कर तीन अंक हासिल कर लिए। आज कालीकट हीरोज इस लीग के आठवें मैच में यहां हैदराबाद ब्लैक हॉक्स से भिड़ेगी।

## ओलंपिक में रूसी खिलाड़ियों का होना हिंसा का प्र्रचार : जेलेंस्की

लंदन, 10 फरवरी। पेरिस ओलंपिक 2024 में रूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर चुके यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि आयोजन में रूसी खिलाड़ियों की उपस्थिति ''हिंसा का प्रचार'' होगा। .

जेलेंस्की ने यहां आयोजित विभिन्न खेल मंत्रियों के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में कहा, ''आतंकवादी देश के प्रतिनिधियों की उपस्थिति मात्र ही हिंसा और अराजकता का प्रचार होगा। इसे किसी भी तथाकथित तटस्थता या सफेद ध्वज से नहीं ढका जा सकता।''

गौरतलब है कि रूस ने बेलारूस की मदद के साथ 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमले की शुरुआत की थी, जिसके कारण यूक्रेन ने अगले साल पेरिस में होन वाले ओलंपिक में दोनों देशों के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की मांग की है। इससे पहले पेरिस की मेयर ऐन हिडाल्गो ने भी ओलंपिक से रूसी खिलाड़ियों को प्रतिबंधित करने की मांग की थी, हालांकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि रूसी और बेलारूसी खिलाड़ी तटस्थ एथलीट के रूप में आयोजन में भाग ले सकते हैं।

## मेसी, एम्बापे और बेंजेमा फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की दौड़ में

ज्यूरिख, 11 फरवरी। अंतराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था फीफा के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए एक बार फिर लियोनेल मेसी और कीलियान एम्बापे के बीच मुकाबला होगा। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान और फ्रांस के सुपरस्टार फॉरवर्ड ने कतर में विश्व कप फाइनल में अपनी टीमों के लिए दमदार प्रदर्शन करने के आठ सप्ताह बाद शुक्रवार को फीफा द्वारा घोषित तीन खिलाड़ियों की सूची में जगह बनायी। इस सूची में तीसरा नाम करीम बेंजेमा का है।

फीफा के 211 सदस्य देशों में से प्रत्येक में राष्ट्रीय टीम के कप्तानों और कोचों के साथ-साथ चयनित पत्रकारों के एक वैश्विक पैनल द्वारा मतदान से इन तीन खिलाड़ियों को चुना गया। इस मतदान में प्रशंसकों ने भी ऑनलाइन भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में इंग्लैंड की बेथ मीड, अमेरिका की एलेक्स मॉर्गन और स्पेन की एलेक्सिया पुटेलस को एक अलग वैश्विक मतदान पैनल द्वारा चुना गया था। विजेताओं की घोषणा पेरिस में 27 फरवरी को होने वाले समारोह में की जाएगी।

## जडेजा पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना

नागपुर 11 फरवरी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले हरफनमौला रवींद्र जडेजा को भारत के टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी मानते हुये मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दरअसल, टेस्ट मैच के पहले दिन गुरूवार को ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 46वें ओवर में जडेजा को अपनी तर्जनी उंगली पर क्रीम लगाते हुए पाया गया था। वीडियो फुटेज में बाएं हाथ के स्पिनर ने मोहम्मद सिराज की हथेली से कोई पदार्थ लिया और इसे अपने बाएं हाथ की तर्जनी पर रगड़ लिया। इस बारे में हालांकि भारतीय टीम प्रबंधन ने सफाई दी थी कि जडेजा हाथ की तर्जनी पर सूजन से राहत पाने के लिये क्रीम लगा रहे थे मगर यह कृत्य ऑन-फील्ड अंपायरों से अनुमति मांगे बिना किया गया था। जडेजा ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था जिसके बाद मैच रेफरी को औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता महसूस नहीं हुयी।

## भारतीय गेंदबाजों ने दबदबा बनाया, उनसे निपटने का तरीका ढूंढ़ना होगा : कमिंस

नागपुर, 11 फरवरी। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम शनिवार को यहां भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली करारी शिकस्त के दौरान प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों का सक्रिय होकर डटकर सामना नहीं कर पायी। भारत से पारी और 132 रन से मिली हार में आस्ट्रेलियाई टीम दोनों पारियों में 177 रन और 91 रन ही बना सकी। यह पूछने पर कि उनकी टीम के साथ क्या गलत हुआ तो कमिंस ने कहा, ''जानना मुश्किल है। अगले कुछ दिनों में इसकी समीक्षा होगी। मुझे लगता है कि हर कोई स्पष्ट योजना के साथ आया था। कमिंस ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''चुनौती यही थी कि डटकर सामना किया जाये और सक्रिय रहा जाये। अगले कुछ दिनों में इसी पर बातचीत होगी। हमने काफी मुश्किल गेंदबाजों का सामना किया। कमिंस इस बात को लेकर काफी स्पष्ट थे कि उनकी टीम का रक्षात्मक खेल भारतीय पिचों में उन्हें कहीं नहीं ले जा पायेगा। उन्होंने कहा, ''आपने स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी को देखा, उन्होंने कभी कभार गेंदबाजों पर दबाव बनाया था। मुझे लगता है कि इसमें थोड़े साहस की जरूरत होती है, पर यह करने के बजाय कहना आसान है। अगर आप अच्छे गेंदबाज की लगातार गेंदों का सामना कर रहे हो तो आप इनमें से किसी एक पर आउट हो जाओगे। इस हफ्ते इस पर चर्चा होगी।''

## ऑस्ट्रेलियाई टीम के एक ही सत्र में सिमटने की उम्मीद नहीं की थी : रोहित शर्मा

नागपुर, 11 फरवरी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आस्ट्रेलियाई टीम की मानसिक मजबूती पर टिप्पणी नहीं करेंगे लेकिन उन्होंने शनिवार को यहां शुरूआती टेस्ट के तीसरे दिन उनके महज एक ही सत्र में सिमटने की उम्मीद निश्चित रूप से नहीं की था।आस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में पारी और 132 रन से हार का सामना करना पड़ा क्योंकि टीम तीसरे दिन लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी और चाय के सत्र से पहले ही दूसरी पारी में महज 91 रन पर सिमट गयी। भारतीय कप्तान ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में इस मैच के तीन दिन में खत्म होने की उम्मीद के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा, ''नहीं, मैंने उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, ''हम गेंदबाजी में मुश्किल दिन के लिये तैयार थे। हमने कभी नहीं सोचा था कि वे एक सत्र में सिमट जायेंगे।''

## योजना ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को ड्राइव शॉट खेलने के लिए लुभाने की थी : अश्विन

नागपुर, 11 फरवरी। भारत के मुख्य ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को कहा कि नागपुर की धीमी पिच पर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को ड्राइव शॉट खेलकर गलतियां करने के लिये लुभाने की उनकी योजना कारगर रही जिससे घरेलू टीम ने यहां पहले टेस्ट में पारी और 132 रन से जीत हासिल की।अश्विन (79 रन देकर आठ विकेट) ने भारत के लिये सर्वाधिक विकेट चटकाये जिसमें शनिवार को तीसरे दिन आस्ट्रेलियाई की दूसरी पारी में पांच विकेट शामिल रहे। अश्विन ने मैच के बाद कहा, ''विकेट काफी धीमा था। मैं पूरे टेस्ट के दौरान यह कहता रहा हूं। यह उस तरह की पिचों में से एक नहीं थी जहां गेंद दस्तानों से होकर जाती। आपको इस विकेट पर बल्लेबाजों को ड्राइव शॉट खेलने के लिये उकसाने की जरूरत थी।''

उन्होंने कहा, ''इसलिये मैंने सोचा कि उन्हें (आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों) एक या दो गेंद ड्राइव खेलने वाली दूं, उन्हें शॉट खेलने के लिये उकसाऊं। अश्विन ने घरेलू टीम के स्पिनरों की तारीफ की जो बल्लबाजी भी कर सकते हैं जैसा कि मैन ऑफ द मैच रहे रविंद्र जडेजा के अलावा अक्षर पटेल ने भी किया। जडेजा ने सात विकेट झटकने के अलावा 70 रन का भी योगदान दिया जबकि अक्षर ने बल्ले से 84 रन का योगदान दिया जो मैच में कप्तान रोहित शर्मा (120 रन) के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। अश्विन ने कहा, ''मुझे जड्डू से काफी मदद मिली, वह शानदार फॉर्म में रहा है। पिछले तीन वर्षों में उसने जिस तरह से बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है, हमें मैदान में उसके खेलने के बारे में बात करने की जरूरत नहीं है। वह शानदार क्रिकेटर है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे उस जैसा गेंदबाजी जोड़ीदार मिला है। अक्षर भी कोई सामान्य गेंदबाज नहीं है, हमारे पास काफी अच्छे स्पिनर हैं जो बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।''

## ललित कुमार ने कुश्ती में राजस्थान को दिलाया स्वर्ण

### चेलानी ने तीसरा स्वर्ण के साथ जीते पांच पदक, अभिनंद ने कुल 3 पदक

जयपुर, 11 फरवरी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आखरी दिन कुश्ती में पुरूष स्पर्धा के फ्री स्टाइल के 55 किलोग्राम वर्ग में ललित कुमार ने राजस्थान को स्वर्ण पदक दिलाया। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के खेल प्रबंधक और दलनायक रणविजय सिंह चांपावत ने बताया कि तैराकी स्पर्धा में एक बार फिर युग चेलानी ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए राजस्थान के लिए पांचवा पदक जीता। उसने 200 मीटर व्यक्तिगत बटर फ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर व्यक्तिगत रूप से अपना तीसरा गोल्ड मेडल जीता। योग्या सिह ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला पदक जीता। चांपावत ने बताया कि अभिनंदन खंडेलवाल ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक की पुरूष स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उसका यह तीसरा पदक था। खेलो इण्डिया के तैराकी खेल मे युग चेलानी ने 3 स्वर्ण, 2 कांस्य सहित कुल 5 पदक जीते। अभिनंदन खंडेलवाल ने 2 स्वर्ण और एक कांस्य सहित कुल 3 पदक जीते।

**नोटिस मजरिये अदालत**

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी आमेर मु. जयपुर**

**व मुकदमा नं. 13/2021 सन् 20 मरजुवा**

**उनवानी**

**ओमप्रकाश मुद्दई**

**बनाम**

**कृषि उपज मण्डी मुद्दायलय**

**दावा**

**1. बनाम आनन्द पुत्र जगदीश नारायण**

**जाति-खण्डेवाल**

**निवासी- 87 मीरा मार्ग, बनी पार्क, जयपुर**

**एवं**

**2. बनाम विपीन पुत्र जगदीश नारायण**

**जाति-खण्डेवाल**

**निवासी- 87 मीरा मार्ग, बनी पार्क, जयपुर**

**हरगाह कि मु. ...................... ने अदालत हाजा में दरख्वास्त पेश की है कि...............**

**लिहाजा आपको जरिये हाजा मुत्तला किया जाता है कि अदालत में व तारीख 03 माह 03 सन् 2023 ई. वक्त अदालत असालतन या जरिये वकील हाजिर होकर खिलाफ मन्जूरी दरख्वास्त और कोई वजह रखते हो तो हाजिर करो बसूरत आपकी अदम हाजरी क दरख्वास्त इकतरफा समाअत की जाकर फैसल होगी।**

**आज व तारीख 10 माह 02 सन् 2023 बसब्त हमारे दस्तखत व मोहर अदालत के जारी हुआ।**

**मोहर**

**रीडर उपखण्ड अधिकारी**
**एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट**
**आमेर, जिला- जयपुर**

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राजस्थान)- 302004, ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड- 18184
फोन: 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

[नियम 8( 1 ) देखें]
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री उमेश ज्ञानानी पुत्र स्व. श्री लीलाराम ज्ञानानी** पर मांग सूचना **दिनांक 02.09.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 30.08.2022 को बकाया राशि रू. 11,10,802/- ( रूपये ग्यारह लाख दस हजार आठ सौ दो मात्र )** एवं **दिनांक 31.08.2022 से ब्याज** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी/जमानतदार और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 08, माह फरवरी, वर्ष 2023** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी/जमानतदार को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 07.02.2023 को बकाया राशि रू. 11,30,255/- ( रूपये ग्यारह लाख तीस हजार दो सौ पचपन मात्र ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, सरफैसी अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति के मालिक: श्री उमेश ज्ञानानी पुत्र स्व. श्री लीलाराम ज्ञानानी
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि फ्लैट नं. 410, चौथी मंजिल, आर्चिड टॉवर, शंकरा रेजीडेन्सी, खसरा नं. 460 ( ऑरिक रेजीडेन्सी ), गांव बगरू खुर्द ( ओमेक्स सिटी ), तहसील सांगानेर, जिला जयपुर पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1205 वर्ग फीट है।

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

स्थान : जयपुर
दिनांक: 08.02.2023

## अर्नव शर्मा और ईशान नेगी धमाकेदार जीत से फाइनल में

जयपुर, 11 फरवरी। राजस्थान के अर्नव शर्मा और उत्तराखंड के ईशान नेगी की जोड़ी ने धमाकेदार जीत दर्ज कर यहां चल रही नेशनल सब जूनियार रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता के फाईनल में प्रवेश कर लिया। अर्नव शर्मा और ईशान नेगी की चौथी वरियता प्राप्त जोड़ी ने अर्जुन तानाजी और आर्यन तानाजी की शीर्ष वरियता प्राप्त जोडी को 21-13, 20-22, 21-19 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पूर्व राजस्थान के मुरली शर्मा और काव्या जोशी की जोडी टुर्नामेन्ट की खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। असम के बी. एरिजेला और उड़ीसा के पी. परीदा की दूसरी वरियता प्राप्त जोडी ने अंडर-15 मिश्रित युगल के सेमीफाईनल में मुरली शर्मा और काव्या जोशी को 21-14, 21-13 से पराजित किया। राजस्थान के अर्नव शर्मा और उत्तराखण्ड की पीहू नेगी को भी सेमीफाईनल में पराजय का मुंह देखना पड़ा। अंडर-15 मिश्रित युगल में दुसरी वरियता प्राप्त बी. चान्गामाई और एस. हजारिका (असम) की जोड़ी ने राजस्थान के अर्नव शमाफ और उत्तराखण्ड की पीहू नेगी को 21-6, 21-19 से शिकस्त दी। इससे पूर्व लड़कों के अंडर-17 युगल वर्ग में तेलंगाना के वी. इन्तुरी और उत्तराखण्ड के जी. साहिनी ने राजस्थान के नोमेश चौधरी और सचिन -हजया-हजयरिया की सातवीं वरियता प्राप्त जोड़ी को 21-10, 21-13 से शिकस्त दी। लड़कियों के अंडर-15 आयु वर्ग के एकल में तीसरी वरियता प्राप्त तमिलनाडू की दिक्षा ने राजस्थान की पारूल चौधरी पर 21-19, 18-21, 21-13 से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। शनिवार को राजस्थान बैडमिन्टन संघ के पूर्व अध्यक्ष सुधीर बक्शी, कोषाध्यक्ष चून सिंह भाटी और राजस्थान-शूटिंग बॉल संघ के महासचिव ओ.पी. माचरा सहित जिला संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। राज्य संघ के सचिव के.के. शर्मा के अनुसार रविवार की दोपहर होने वाले समापन समारोह की मुख्य अतिथी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया होंगी। विशिष्ठ अतिथी आयोजन समिति के चीफ पैटर्न जी.एस. बाफना होंगे।



ख़्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर ज़ियारत करने अजमेर आए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नैशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख डॉ. फारुख अब्दुल्लाह का भावभीना स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कांग्रेस नेता महेन्द्र सिंह रलावता, कलैक्टर अंशदीप सिंह, एस.पी. चूनाराम जाट तथा दरगाह के खादिम सैयद फखरे मोईन भी मौजूद थे।

# प्रदेश प्रभारी रंधावा के बयान तो खूब आ रहे हैं,पर असर नहीं छोड़ पा रहे?

जयपुर, 11 जनवरी (का.प्र.)। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच तनाव नया नहीं है। इन दोनों के बीच अंतर्द्वंद के चलते राजस्थान से अब तक दो प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और अजय माकन राजस्थान से जा चुके हैं और अब नए प्रभारी के रूप में सुखजिंदर सिंह रंधावा आए हैं। अविनाश पांडे जहां एक पक्षीय व्यवहार के चलते राजस्थान से हटाए गए थे, तो दूसरी ओर अजय माकन ने राजस्थान में अनुशासनहीनता पर कार्यवाही नहीं होने के चलते खुद पद छोड़ दिया था।

अब राजस्थान में चुनावी वर्ष चल रहा है। ऐसे में रंधावा के लिए जल्द से जल्द इन दोनों नेताओं के बीच सुलह कराना आवश्यक है, अन्यथा जैसे - जैसे चुनावी समय नजदीक आएगा, वैसे-वैसे दोनों खेमों के बीच टकराव और बढ़ेगा। राजस्थान का प्रभारी बनने के बाद में सुखजिंदर सिंह रंधावा प्रदेश के दौरे तो लगातार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कहीं भी ऐसा नजर नहीं आया है कि वह दोनों नेताओं के बीच के मतभेद समाप्त करवाने के आस-पास भी पहुंचे हैं। हाल ही शुरू हुए हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में भी दोनों खेमों के बीच टकराव की वजह से भारी गुटबाजी देखी जा रही है। यही नहीं जहां खुद रंधावा मौजूद थे। वहां भी गुटबाजी का नज़ारा देखा गया। कहा जा रहा है कि जब रंधावा जिला स्तर पर गुटबाजी रोकने में असफल नजर आ रहे हैं, तो गहलोत -पायलट तनाव कैसे दूर कर पाएंगे।

हालांकि रंधावा दोनों पायलट-गहलोत के बीच टकराव की बात से हमेशा इनकार करते हैं। लेकिन पायलट ने 5 जिलों की यात्रा में पेपर लीक और नौकरशाही को लेकर सरकार पर निशाना साधा तो मुख्यमंत्री गहलोत ने भी पायलट का नाम लिए बिना उन पर तीखी बयानबाजी की। पिछले दिनों अजमेर, कोटा और अलवर में हुए हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में खुद प्रभारी रंधावा पहुंचे थे, लेकिन अजमेर को छोड़ दें, तो कोटा और अलवर में सचिन पायलट समर्थकों को कार्यक्रमों में बुलाया तक नहीं गया। कोटा में तो राजनीतिक नियुक्तियां पा चुके प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सदस्यों को भी संभाग स्तरीय कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। स्पष्ट है कि यह गुटबाजी कम तो नहीं हो रही है। एक दिन पहले ही प्रभारी रंधावा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बड़ा भाई तो सचिन पायलट को छोटा भाई बताया और दोनों के बीच किसी भी तरह की तकरार से भी इनकार किया है, लेकिन इस तरह से अंतर्द्वंद समाप्त नहीं हो सकता, यह सभी जानते हैं। गौरतलब है कि जयपुर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी बैठक के समय प्रभारी के रूप में रंधावा के भाषण इस तरह के थे कि वे बहुत सख़्ती से पेश आएंगे लेकिन बयानों के उलट रंधावा कुछ भी करने की स्थिति में फिलहाल नजर नहीं आए हैं। हालात तो यह है कि जब वे जयपुर आए तो एयरपोर्ट पर उन्हें लेने के लिए कोई विधायक या मंत्री तक नहीं पहुंचा। वही उनकी मौजूदगी में हो रहे संभाग स्तरीय कार्यक्रमों में भी कोई प्रभावी उपस्थिति या नहीं हो रही है।

- **उनको गहलोत और पायलट का झगड़ा समाप्त करने का टास्क दिया गया है, लेकिन उनकी मौजूदगी में संभाग स्तरीय कार्यक्रमों में ही गुटबाजी पनप रही, तो बड़ा झगड़ा कैसे निपटाएंगे।**
- **रंधावा के कहने के बावजूद ना तो प्रदेश कांग्रेस का विस्तार हो पा रहा है, ना ब्लॉक अध्यक्ष ही पूरे बन पाए हैं, जिला अध्यक्ष कब तक बन पाएंगे, यह कहना भी मुश्किल है।**

प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी इस कदर है कि 400 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के लिए अभी तक 5 सूचियां जारी हो चुकी हैं, फिर भी बहुत से ब्लॉक अध्यक्ष पद अभी भी खाली हैं। वही मंडल अध्यक्षों की सूचियां तो आधी भी जारी नहीं हो पाई हैं। सवाल है कि जब वे ब्लॉक और मंडल बनाने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं, तो फिर जिला कांग्रेस अध्यक्षों का मामला किस तरह से सुलझा पाएंगे। कांग्रेसजनों का कहना है कि रंधावा मिलते तो सबसे हैं। चर्चा भी करते हैं, लेकिन जितना आश्वासन देते हैं, उस हिसाब से अभी तक पार्टी को संदेश देने में सफल नहीं हो पाए हैं।

# फारूख अब्दुल्लाह ख़्वाजा साहब की जियारत करने अजमेर आए

अजमेर, 11 फरवरी (कासं)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह जियारत करने के लिए एक दिवसीय यात्रा पर अजमेर पहुंचे। उन्होंने कहा है कि जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति और गृह मंत्रालय का कानून चल रहा है। गृह मंत्रालय को लगता है कि अमन शांति है तो चुनाव आयोग को वहां चुनाव कराना चाहिए। उनकी पार्टी तो लंबे समय से चुनाव कराने की मांग कर रही है। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि जम्मू कश्मीर के हालात कैसे हैं। अगर कानून व्यवस्था ठीक है तो कश्मीरी पंडित जम्मू में रहने को क्यों मजबूर हैं। कश्मीरी पंडितों को जम्मू में न रोजगार मिल रहा है और न ही वेतन, उनके भूखे मरने की हालत हो गई है।

फारूख अब्दुल्ला ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ो यात्रा निकाली वह पूरी तरह कामयाब रही है, देश में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई को अलग कर भारत को बांटने का काम हो रहा है, जबकि सभी धर्म के लोग एक साथ रहें, यही देश की खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं कहते हैं कि दुनिया छोटी हो गई है, अगर ऐसा है तो सभी मुल्कों को मिल कर रहना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि तमिलनाडू और कश्मीर में कोई समानता नहीं, लेकिन सब मिलकर ही एक भारत बनाते हैं। भारत एक बाग है, जहां हर तरह की कली है। एक कली मर जाएगी तो बाग की खूबसूरती खत्म हो जाएगी। उन्होंने देश की ओर से तुर्की को भेजी गई मदद की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत से भेजी गई मदद से हजारों लोगों की जान बचाई है। विश्व में भारत की साख बनाने की जो परंपरा शुरू हुई वह इंदिरा गांधी की समय में हुई, इस समय हालत यह है कि सार्क की बैठक नहीं हो रही है। जम्मू में विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन से सम्बंधित सवाल का जवाब देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि यह गलत हुआ है, पूरे देश में परिसीमन 2026 में होना है, उसी समय पर जम्मू कश्मीर का भी कराना चाहिए था। उन्होंने कहा कि केंद्र ने एक नया मुद्दा छेड़ दिया है। जम्मू कश्मीर में अपने चहेतों को नियुक्त किया जा रहा है। दावा यह है कि वह छह महीने तक रहेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि अगर दस साल तक चुनाव नहीं होते तो वे तब तक वहीं रहेंगे।

- **अजमेर दौरे पर उन्होंने पत्रकारों द्वारा जम्मू-कश्मीर पर पूछे गये सवालों के भी जवाब दिए।**
- **उन्होंने कहा, अगर कश्मीर में अमन चैन है, जैसा गृह मंत्रालय का दावा है, तो चुनाव आयोग को वहां चुनाव करवाना चाहिए।**
- **उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कामयाब बताते हुए कहा कि, सभी धर्म मिलजुल कर रहें यही देश की खूबसूरती है।**

उन्होंने नए केन्द्रीय बजट को चुनावी बजट करार दिया और वित्त मंत्री को सलाह दी कि पिछले बजट की समीक्षा करें। जम्मू कश्मीर को मिले बजट का महज 40 फीसदी ही खर्च हुआ है। इस अवसर पर उनका कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह रलावता, एसपी चूनाराम जाट, कलेक्टर डॉ. अंशदीप, दरगाह के खादिम सैयद फखरे मोईन आदि ने स्वागत किया।

## अब 12 घंटे में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। प्रधानमंत्री नैशनल हाइवे प्रोजैक्ट्स के 247 कि.मी. की भी आधारशिला रखेंगे। इसे 5 हजार 940 करोड़ रूपयों की लागत से विकसित किया जाएगा।

एक्सप्रेस वे से दिल्ली और मुम्बई के बीच की दूरी 1 हजार 424 कि.मी. से घटकर 1 हजार 242 कि.मी. यानी की 12 प्रतिशत घट जाएगी। और यात्रा समय भी 24 घंटे से आधा कम होकर 12 घंटे का हो जाएगा। इस एक्सप्रेस वे में 12 हजार 150 करोड़ की लागत से बनाए गए 246 कि.मी. लम्बे दिल्ली-दौसा-लालसोट भाग से दिल्ली-जयपुर की यात्रा का समय 5 घंटे से कम होकर लगभग 3.5 घंटे हो जाएगा। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे एक महत्वकांक्षी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट है, जिसका दिल्ली-दौसा-लालसोट प्रथम भाग निर्मित हो चुका है और प्रधानमंत्री इसका रविवार को उद्घाटन करेंगे। आठ लेन एवं एक्सैस कन्ट्रोल्ड वाले दिल्ली-मुम्बई ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का अन्तत: 12 लेन्स में विस्तार होगा। यह एक्सप्रेस वे कोटा, जयपुर, इंदौर, भोपाल, बड़ोदरा और सूरत जैसे महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ते हुए हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा।

# विश्व हिन्दी सम्मेलन फ़िज़ी में 15 से

नयी दिल्ली, 11 फरवरी। फिजी में 15 से 17 फरवरी तक होने वाले विश्व हिन्दी सम्मेलन में 270 सदस्यीय भारतीय दल शामिल होगा। फिजी सरकार के साथ भारत के विदेश मंत्रालय के समन्वय से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

एक उच्च स्तरीय अधिकारी ने शनिवार को यहां बताया कि, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और फिजी के प्रधानमंत्री सितीवेनी राबुका संयुक्त रूप से इस सम्मेलन का फिजी के नादी स्थित देनाराउ द्वीप सम्मेलन केन्द्र में उद्घाटन करेंगे। पिछले वर्ष दिसंबर के अंत में फिजी में नयी सरकार के गठन के बाद भारतीय विदेश मंत्री का यह पहला उच्च स्तरीय दौरा होगा। फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद इस सम्मेलन के 17 फरवरी को होने वाले समापन समारोह में शामिल होंगे। प्रसाद ने इस सप्ताह की शुरुआत में भारत का दौरा किया था। उन्होंने इस दौरान जयशंकर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने बताया कि फिजी में विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय वर्ष 2018 में मॉरीशस में हुए विश्व हिन्दी सम्मेलन में लिया गया था। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन और गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। सौरभ कुमार ने बताया कि, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने इस सम्मेलन को आयोजित करने में मदद की है।

- **विदेश मंत्री एस. जयशंकर और फ़िज़ी के प्रधानमंत्री सितीवेनी राबुका संयुक्त रूप से इस सम्मेलन का फिजी के नादी स्थित देनाराउ द्वीप सम्मेलन केन्द्र में उद्घाटन करेंगे।**

## अडानी ग्रुप ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के गलत निवेश को अनुमति दे दी जाये कि वह पोर्ट जैसे सामरिक महत्व के क्षेत्र पर अपना आधिपत्य स्थापित कर ले।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसा एयरपोर्ट्स के मामले में हुआ है, आपकी सरकार ने पोर्ट-सैक्टर में भी अडानी के एकाधिकार को सुगम बना दिया है तथा अडानी ग्रुप सारे संसाधनों को अपने लिये और अपने तरीके से इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने मोदी पर अपने चहेतों को खुश करने का आरोप लगाते हुये कहा कि सरकार ने बिना किसी नीलामी के विभिन्न पोर्ट अडानी ग्रुप को रियायती दर पर बेच दिये हैं।

रमेश ने कहा कि आश्चर्य की बात तो यह है कि जहाँ नीलामी कराई गई, वहाँ प्रतिस्पर्धी कंपनियाँ नीलामी से आश्चर्यजनक रूप से गायब रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इनकम टैक्स के छापों में कृष्णापटनम पोर्ट के पूर्व मालिक को यह समझाने में मदद की कि वह इस पोर्ट को अडानी ग्रुप को बेच दे।

जयराम रमेश ने पूछा कि क्या यह सही है कि 2021 में, सार्वजनिक क्षेत्र का जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट महाराष्ट्र डिप्पी पोर्ट के लिये अडानी की प्रतिस्पर्द्धा में नीलामी की बोली लगा रहा था लेकिन उसे अपनी विनिंग बिड को वापस लेने के लिये बाध्य कर दिया गया क्योंकि जहाजरानी तथा वित्त मंत्रालयों ने उसकी विड के समर्थन के बारे में उसका विचार ही बदल दिया था।

रमेश ने कहा कि सामान्यत: "स्पेशल परपज़ वीकल्स" प्रत्येक पोर्ट के संबंध में जोखिमों को दूर करने तथा सम्पत्तियों के बचाव के लिये, रियायतों को लेकर मोल-तोल किया करता है लेकिन फिर भी, इनमें से बहुत से पोर्ट इस समय केवल एक कंपनी- अडानी पोर्ट्स तथा सेज़ का हिस्सा हैं। उन्होंने पूछा कि क्या परिसम्पत्तियों के इस हस्तान्तरण में "मॉडल कन्सेशन एग्रीमैन्ट फॉर पोर्ट्स" का उल्लंघन किया गया है? क्या कन्सेशन एग्रीमैन्ट अडानी के वाणिज्यिक हितों के अनुरूप बदले गये हैं?

प्रश्नों का यह सैट प्रश्नों की श्रृंखला का सातवाँ सैट है तथा इसे शीर्षक दिया गया है- "हम अडानी के हैं कौन (एच.ए.एच.के.)।"

चूँकि, अडानी मुद्दे को लेकर मोदी पूरी तरह खामोशी धारण किये हुये हैं तथा ध्यान रख रहे हैं कि उनके मुँह से एक भी शब्द नहीं निकले, इसलिये कांग्रेस इन प्रश्नों को पूछकर, इस मुद्दे को जीवित बनाये रखने की कोशिश कर रही है।

# यू.पी. के 30 शहरों में होटल खोलेगा जापान का एच.एम.आई. ग्रुप

लखनऊ, 11 फरवरी। जापान के प्रसिद्ध होटल समूह होटल मैनेजमेंट इंटरनेशनल कम्पनी लिमिटेड (एच.एम.आई.) ने उत्तर प्रदेश में 30 नये होटल बनाने का ऐलान किया है।

लखनऊ में चल रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जी.आई.सी.) के दूसरे दिन शनिवार को जापानी कंपनी ने प्रदेश सरकार के साथ इस संबंध में 7200 करोड़ रूपये के निवेश का समझौता किया। जापान के प्रमुख शहरों में 60 से अधिक होटल संचालित कर रहे एच.एम.आई. ग्रुप के निदेशक, पब्लिक रिलेशन टाकामोटो योकोयामा ने कहा कि, उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं के मद्देनजर उनकी कंपनी ने यहां होटल व्यवसाय में उतरने का फैसला किया है।

काशीविश्वनाथ धाम कॉरीडोर के विकास के बाद वाराणसी में बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं, यह हमारे लिए अनुकूल अवसर है। यूपी की औद्योगिक नीतियां एच.एम.आई. समूह को प्रोत्साहित करने वाली हैं। ऐसे में एच.एम.आई. समूह आगरा, वाराणसी और अयोध्या सहित 30 प्रमुख स्थानों पर अपने होटल चेन का विस्तार करेगी। इससे यहां के 10 हजार से अधिक लोगों के लिए नौकरी के प्रत्यक्ष मौके भी बनेंगे। इससे पहले, दधीचि सभागार में उत्तर प्रदेश में जापान और भारत के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी का क्रियान्वयन विषयक महत्वपूर्ण सत्र में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार (जापान) प्रो. अशोक चावला ने वर्ष 2000 से 2014 और 2014 से 2022 के अलग-अलग कालखंड में भारत और जापान के राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों की तुलनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि, वर्ष 2015 में तत्कालीन जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे का भारत दौरा हुआ तो 2016 में प्रधानमंत्री मोदी जापान गए। वर्ष 2017 में शिंजो आबे अहमदाबाद आए और हाईस्पीड रेल के बारे में कार्ययोजना बनी तो 2018 में प्रधानमंत्री मोदी पुन: जापान गए। लगातार होने वाले इन शीर्ष नेताओं के दौरे से दोनों देशों के बीच गहरा विश्वास पैदा हुआ है।

- **लखनऊ में चल रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जी.आई.सी.) के दूसरे दिन शनिवार को जापानी कंपनी ने प्रदेश सरकार के साथ इस संबंध में 7200 करोड़ रूपये के निवेश का समझौता किया।**

## कांग्रेस महाधिवेशन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सदस्यीय सब-ग्रुप की अध्यक्षता करेंगे, जबकि पार्टी सांसद शशि थरूर इसके संयोजक होंगे। कृषकों और कृषि को लेकर बनाए गए 16 सदस्यीय सब-ग्रुप की अध्यक्षता हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री को सौंपी गई है। डॉ. रघुवीरा इसके संयोजक होंगे। सीनियर एडवोकेट विवेक तनखा सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण पर बने सब-ग्रुप की अध्यक्षता करेंगे। छठा ग्रुप युवा सशक्तिकरण और रोजगार को लेकर बनाया गया है।

## आठ वर्षीया बालिका छह दिन बाद भूकंप के मलबे में जीवित मिली

नयी दिल्ली, 11 फरवरी। भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एन.डी.आर.एफ.) की टीम ने तुर्की सेना के सहयोग से भूकंप प्रभावित क्षेत्र गाजियांटेप से आठ साल की एक बालिका को बचा लिया है। एन.डी.आर.एफ. ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एन.डी.आर.एफ. ने ट्वीट किया कि, उनकी टीम ने कड़ी मेहनत से तुर्की सेना के साथ मिलकर एक और भूकंप पीड़ित को सुरक्षित बचाया है। आठ साल की बच्ची को गाजियांटेप में क्षतिग्रस्त इमारत के मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक ट्वीट किया, "इससे पहले, तुर्की में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम ने गाजियांटेप शहर में क्षतिग्रस्त इमारतों के मलबे के नीचे दबी एक बालिका को बचाया था। मुझे एन.डी.आर.एफ. पर गर्व है।"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा था, "एन.डी.आर.एफ. कर्मियों की भारतीय टीम और भूकंप प्रभावित तुर्की में बचाव और राहत कार्यों में शामिल डॉक्टर "ऑपरेशन दोस्त" के हिस्से के रूप में दिन-रात काम कर रहे हैं। भारत तुर्की के लोगों के साथ दृढ़ ता से खड़ा है।"

# हिमाचल में भारी हिमपात हुआ

**किन्नौर, चंबा और कुल्लू जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन फीट तक बर्फ गिरी**

शिमला, 11 फरवरी। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात का क्रम जारी है। लाहौल स्पीति के केलांग मुख्यालय में रुक-रुक कर हिमपात हो रहा है।

लाहौल-स्पीति जिले के जोबरंग गांव में हिमस्खलन हुआ है, इससे किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। शाम 4 बजे तक आठ सैन्टीमीटर तक हिमपात दर्ज हुआ है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों व दर्रों में कल रात से लगातार हिमपात हो रहा है, जिससे समूचा जिला एक बार पुन: शीतलहर की चपेट में है।

वहीं, किन्नौर, चंबा और कुल्लू जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी हिमपात हुआ है। प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे समेत 216 सड़कें अवरुद्ध हैं। यह जानकारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने दी।

प्रवक्ता ने बताया कि, मनाली लेह नेशनल हाईवे, दारचा शिंकुला मार्ग और पांगी किलाड़ हाईवे 26 हिमस्खलन होने के कारण सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद हैं। काजा सड़क नेशनल हाईवे-505 ग्रांफू से काजा तथा समदो से लोसर भी सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद है। अटल टनल के साउथ पोर्टल, धुंधी में 37 सेंमी, सोलंगनाला में 25 सेंमी, पलचान में 20 सेंमी बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। सुमित खिमटा ने सीमा सड़क संगठन के उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम की अनुकूलता पर मार्गों को जल्द बहाल किया जाए।

- **प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे समेत 216 सड़कें अवरुद्ध हैं।**
- **अटल टनल के साउथ पोर्टल, धुंधी में 37 सेंमी, सोलंगनाला में 25 सेंमी, पलचान में 20 सेंमी बर्फबारी रिकॉर्ड की गई।**

## महरौली में तोड़फोड़ रोकने के निर्देश

नयी दिल्ली, 11 फरवरी। दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि नए सिरे से सीमांकन किए जाने तक महरौली में रह रहे निवासियों को विस्थापित नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने विवादित क्षेत्र का नए सिरे से सीमांकन कराने का आदेश दिया है। राजस्व मंत्री ने कहा है कि कब्जाधारियों को बिना कोई नोटिस दिए अंधेरे में रखकर सीमांकन किया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी (दक्षिण) को भूमि का नए सिरे से सीमांकन करने और डीडीए को तत्काल इस बारे में सूचित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि नए सिरे से सीमांकन किए जाने तक महरौली में रह रहे निवासियों को विस्थापित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इस मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलायी। बैठक में सामने आया कि विभाग ने सीमांकन प्रक्रिया के दौरान उक्त व्यक्तियों को नोटिस जारी नहीं किया था।

## केन्द्रीय योजनाओं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि वह पुरानी योजनाओं को पुन: शुरू करने और उनका नाम बदलने में एक्सपर्ट हैं। हिमाचल प्रदेश में भाजपा एक विपरीत स्थिति में फंस गई है। बताया जाता है कि वहां की नई कांग्रेस सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी डे बोर्डिंग स्कूल्स का नाम बदलकर राजीव गांधी बोर्डिंग स्कूल्स कर दिया है।

# करोलबाग स्थित पीएनबी में भीषण आग लगी

नयी दिल्ली, 11 फरवरी। राष्ट्रीय राजधानी के करोल बाग इलाके में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। दमकल सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि करोल बाग में गुरुद्वारा मार्ग पर स्थित पीएनबी में आज सुबह करीब 5 बजकर 15 मिनट पर भीषण आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके तुरंत बाद उन्होंने कुल 17 दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। उन्होंने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब सात बजे आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

- **सुबह करीब सवा पांच बजे लगी आग पर कड़ी मशक्कत के बाद सुबह सात बजे काबू पाया**

# हिन्दुस्तान व वियतनाम में चल रही...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा था कि भारत एक बड़ा रोमांचकारी बाजार है और कंपनी का यहां काफी फ़ोकस है। सी.एन.एन. के अनुसार कुक ने हाल ही कहा था कि "अगर भारत में हमारे कारोबार को देखें तो हमने वित्तीय तिमाही में लाभ का रिकॉर्ड बनाया है और पिछले एक वर्ष में डबल डिजिट ग्रोथ अर्जित की है। अत: अपने प्रदर्शन को लेकर हम अच्छा महसूस करते हैं।"

ऐपल के देश में हित को लेकर भारत सरकार आशान्वित हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही कहा था कि ऐपल अपने 5 से 7 प्रतिशत उत्पाद पहले ही भारत में बना रहा है। उन्होंने कहा कि "यदि मैं ग़लत नहीं हूं तो ऐपल का लक्ष्य भारत में 25 प्रतिशत उत्पादन तक का है।"

गोयल की टिप्पणी उस वक्त सामने आई है जबकि ऐपल का एक शीर्ष सप्लायर "फॉक्सकॉन" चीन में सप्लाई चेन में हुए व्यवधान से पीड़ित होकर भारत में अपने कार्यों का विस्तार करने पर विचार कर रहा है।

पिछले वर्ष के मध्य से लेकर अब तक ऐपल ने भारत में निवेश करने के प्रयास दोगुने कर दिए हैं, लेकिन मूल प्रश्न यह है कि क्या एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत ऐपल को यहां काम करने लायक माहौल प्रदान कर सकेगी?

ऐसा क्या है जो भारत को इतना लाभप्रद बनाता है? दुनिया की सबसे अधिक आबादी के देश के रूप में भारत का इस वर्ष चीन से आगे निकलना तय है। भारत की विशाल एवं सस्ती श्रम शक्ति, जिसमें तकनीकी कौशल रखने वाले कामगार भी शामिल हैं, उत्पादनकर्ताओं के लिए एक बड़ा आकर्षण है। भारत में एक बढ़ता हुआ घरेलू बाजार भी है। वर्ष 2023, जिसमें वैश्विक मंदी का भय बना हुआ है, भारत के दुनिया में सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बने रहने की उम्मीद है। सैन्टर फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड बिज़मैस रिसर्च के अनुसार यदि गति बनी रहती है, तो भारत वर्ष 2025 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की जी.डी.पी. के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

विश्लेषकों का कहना है कि भारत का बढ़ता कंजूमर बेस उसे वियतनाम पर, जो कि इलैक्ट्रोनिकस मैन्युफैक्चरिंग बड़े निवेश आकर्षित करता रहा है, बढ़त दिला सकता है।

इसके अलावा ऐपल के कुछ सबसे बड़े ठेकेदार पहले से ही भारत में पूंजी लगा रहे हैं। गत वर्ष फॉक्सवॉन्व के घोषणा की थी कि वह भारत में अपनी सहायक कंपनी में एक अरब डॉलर का निवेश करेगा। इस सप्ताह के आरम्भ में कर्नाटक ने भी ताइवान की इस कंपनी के साथ निवेश योजनाओं पर गंभीर चर्चा की जानकारी दी थी। फॉक्सकॉन की आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में पहले से ही फैक्ट्रियां है।

लेकिन भारत में समस्याएं हैं। भारत में निर्माण में कई चुनौतियां है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार यह भारत की जी.डी.पी. का मात्र 14 प्रतिशत है और सरकार इस आकंड़े को बढ़ाने के लिए जूझ रही है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी के अलावा ऐपल जो भारत में चीन जैसे विशाल कारखाने बनाना चाहती है, को लाल फीताशाही का सामना भी करना पड़ेगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत जैसे अव्यवस्था से भरे लोकतांत्रिक देश में ज़मीन हासिल करना एक बड़ी चुनौती हो सकती है। वहीं चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के लिए ज़मीन हासिल करना ज्यादा कठिन नहीं है। इसलिए भारत को ऐसी सरकारी नीतियां बनानी होगी ताकि आई फोन असैम्बल होने से आगे भी सोचा जा सके।

## 'संसद में मीडिया ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आपातकाल में जब इंदिरा गांधी ने प्रैस-सैन्सरशिप लागू कर दी थी, तब भी संसद में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक नहीं थी।

महामारी के आरम्भ में शुरु हुये प्रैस-गैलरी में प्रतिबंधित प्रवेश के मुद्दे को उठाने के अलावा, गिल्ड ने वरिष्ठ पत्रकारों को सैन्ट्रल हॉल में जाने के लिए दिए जाने वाले पास को निलम्बित कर दिये जाने के साथ ही, तीन साल से लोकसभा की प्रैस एडवाइजरी कमेटी गठित नहीं किये जाने का मुद्दा भी उठाया।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को लिखे पत्र में गिल्ड ने कहा कि इस समय तो प्रतिबंध वापस ले ही लेना चाहिये, जब भारत अधिकतम वैक्सिनेशन के मामले में सबसे आगे बना हुआ है तथा खासतौर से ऐसे समय, जब हरेक क्षेत्र में, जीवन करीब-करीब सामान्य हो चला है।

राज्यसभा में बजट सत्र में प्रतिबंध फिर से लागू हो गया है, जबकि शीतकालीन सत्र में, इसमें कुछ ढ़ील दे दी गई थी, जिसके अन्तर्गत, एक पत्रकार को पाँच दिनों में केवल एक बार प्रवेश की अनुमति के लिये "लॉटरी-व्यवस्था" शुरु कर दी गई थी। गिल्ड ने अपने इन दोनों पत्रों में लिखा है: "वरिष्ठ पत्रकार याद दिलाते हैं कि आपातकाल के दौरान भी, जिन पत्रकारों को प्रैस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की मान्यता किन्हीं कारणवश नहीं मिल पाई थी, उन्हें भी संसद की कार्यवाही के कवरेज की सुविधा से वंचित नहीं किया गया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रियल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय:- एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




बड़ी बचत

WAGONR ₹46 000* ALTO K10 ₹52 000* S-PRESSO ₹51 000*
CELERIO ₹36 000* EECO ₹34 000*

ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।

WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO

**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in**

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: CALL: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS:** CALL: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: AURIC MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

*Offer includes consumer offer, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.2L Petrol- all variants except AGS) Alto K10 (Petrol- VXI variant only), S-Presso (Petrol- all variants except AGS), Celerio (Petrol- V variant only) and Eeco (Petrol- all variants except cargo, flexi & Ambulance). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 28th February 2023 or till stocks last, whichever is earlier.